राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 08 अंकः 75 पृष्ठः 12
RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी व अन्य केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए।

## सिसोदिया की रिमांड 5 दिन बढ़ी


### ईडी ने कोर्ट से कहा- उनसे और सवाल करने हैं, अभी ईमेल-मोबाइल डेटा का एनालिसिस कर रहे, अब सिसोदिया को 22 मार्च तक ईडी की कस्टडी में रहना होगा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** शराब नीति केस में राउज एवेन्यू कोर्ट ने शुक्रवार को मनीष सिसोदिया की रिमांड अवधि 5 दिन बढ़ा दी। अब सिसोदिया को 22 मार्च तक ईडी की कस्टडी में रहना होगा। हालांकि जांच एजेंसी ने कोर्ट से 7 दिन कस्टडी बढ़ाने की मांग की थी। ईडी ने कोर्ट में कहा कि एलजी ने जब इस मामले की शिकायत की तो सिसोदिया ने अपना फोन बदल दिया था, लेकिन एजेंसी ने उनके मोबाइल डेटा को फिर से निकाल लिया है। अब एजेंसी उनके ईमेल और मोबाइल फोन से निकाले गए डेटा का एनालिसिस कर रही है। अभी हमें सिसोदिया से और सवाल पूछने हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक ईडी ने कहा कि मामले से जुड़े दो लोगों को 18 और 19 मार्च को बयान दर्ज करने के लिए बुलाया गया है। उन्हें सिसोदिया के



सामने बैठाकर ई-मेल और मोबाइल से मिले डेटा के बारे में पूछताछ करनी है। इस पर कोर्ट ने कहा कि ईमेल से मिले डेटा के बारे में पूछताछ करने के लिए उन्हें कस्टडी में रखने की जरूरत नहीं है। ये तो आप जेल में भी कर सकते हैं।
**सिसोदिया के वकील ने कहा- ईडी अब सीबीआई की प्रॉक्सी बन गई है:** वहीं, सिसोदिया के वकील ने कोर्ट को बताया कि ईडी ने पूर्व डिप्टी सीएम के खिलाफ किसी क्राइम का जिक्र नहीं किया है। एजेंसी को बताना होगा कि प्रोसीड ऑफ क्राइम क्या हुआ? यह नहीं बताना है कि क्या अपराध हुआ। कन्फ्रंट कराने के लिए हिरासत की जरूरत नहीं होती। जब सीबीआई मामले में पूछताछ कर चुकी है तो ईडी को पूछताछ करने की क्या जरूरत है?
ईडी अब सीबीआई की प्रॉक्सी एजेंसी के रूप में काम कर रही है।

### सिसोदिया ने एक साल में 14 फोन तोड़ेः ईडी



**जोहैब** ने कहा, 'एक साल के समय में 14 फोन इस्तेमाल किए गए और बदले गए। इन्हें तोड़ भी दिया गया। सिसोदिया ने उन फोन का इस्तेमाल किया, जिन्हें दूसरों ने खरीदा था। सिम कार्ड भी सिसोदिया के नाम पर नहीं था ताकि बाद में वो अपने बचाव में इस बात को इस्तेमाल कर सकें।'

### 'साउथ के ग्रुप ने आप नेताओं को 100 करोड़ घूस दी'

**ईडी** के वकील ने कहा कि 'दक्षिण के ग्रुप ने आप नेताओं को 100 करोड़ की घूस दी। एक ग्रुप बनाया गया ताकि दिल्ली में 30% शराब कारोबार को चलाया जा सके। दस्तावेज दिखाते हैं कि नायर ने सिसोदिया के प्रतिनिधि के तौर पर कविता से मुलाकात की। नायर कविता को यह बताना चाहता था कि सिसोदिया किस तरह से लिकर पॉलिसी को प्रभावित कर सकते हैं।'

### 'सिसोदिया शुरूआत से ही टालमटोल कर रहे'

**ईडी** के वकील ने दलील दी, 'एक फोन भी सिसोदिया के नाम पर नहीं था। एक सिम कार्ड देवेंदर शर्मा के नाम पर था। यह दिखाता है कि इस केस में बड़े पैमाने पर सबूतों को तबाह किया गया। आप खुद देखिए कि हम सिसोदिया की कस्टडी क्यों चाहते हैं। वह शुरूआत से ही टालमटोल कर रहे हैं।'

## राजस्थान में 19 नए जिलों के गठन का ऐलान



**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर:** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य में नए जिलों के गठन की घोषणा की। उन्होंने कहा कि 19 नए जिलों के गठन के साथ, राज्य में अब कुल 50 जिले हैं। इसी बीच मुख्यमंत्री गहलोत ने विपक्षी नेताओं की चुटकी लेते हुए कहा कि सभी लोग ताली बजाओ, जिले मेरे थोड़ी हैं, यह तो सभी के हैं, जिलो में सभी की तालियां एकसाथ बजनी चाहिए। तभी तो जिले बनाने में मजा आएगा।

मुख्यमंत्री गहलोत ने कहा कि हमें राज्य में कुछ नए जिलों के गठन की मांगें मिलीं। हमने इन प्रस्तावों की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय कमेटी का गठन किया था और हमें अंतिम रिपोर्ट मिल गई है... मैं अब राज्य में नए जिलों के गठन की घोषणा करता हूं।

## राहुल गांधी को सदन में माफी मांगनी होगीः अनुराग ठाकुर



**नई दिल्ली:** केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने शुक्रवार को स्पष्ट कहा कि राहुल गांधी की माफी से कम कुछ भी स्वीकार्य नहीं है। उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी ने कल पत्रकार वार्ता में कहा था कि वे लंदन में दिए अपने बयान पर सदन में अपनी बात रखना चाहते हैं। आज (शुक्रवार) कांग्रेस नेताओं ने लोकसभा में अध्यक्ष से राहुल गांधी को अपनी बात रखने देने का आग्रह किया। हालांकि हाउस के व्यवस्थित स्थिति में न होने के चलते कार्यवाही को स्थगित कर दिया गया। अनुराग ठाकुर ने राहुल गांधी के नाम राहुल की व्याख्या अंग्रेजी के रिग्रेटफुल, ऑफुल, हेटफूल, अनग्रेडफुल लायर के तौर की। उन्होंने संसद के बाहर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि आज देश पूछ रहा है कि क्या एक परिवार सदन और देश से बड़ा है। विदेशी धरती से संसद और देश का अपमान करने वाले राहुल गांधी को संसद में आने और देश से माफी मांगने में शर्म नहीं आनी चाहिए।

## कांग्रेस आज की नई मुगलः असम सीएम



**टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरु**
**असम** के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कर्नाटक के बेलगावी में कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कांग्रेस को आज की नई मुगल बताया। इस दौरान उन्होंने पार्टी पर भारत को दुर्बल करने का आरोप लगाया। असम सीएम ने कहा कि उन्होंने कहा कि पहले मुगलों ने देश को कमजोर किया। अब कांग्रेस दोबारा भारत को कमजोर करने का काम कर रही है। सरमा ने कहा कि कांग्रेस आज की नई मुगल है। अगर कहीं राम मंदिर बनता है तो उन्हें आपत्ति होती है। आप क्या मुगल के बच्चे हैं...। सरमा ने कहा कि औरंगजेब ने सनातन संस्कृति को समाप्त करने की कोशिश की, लेकिन वह हमारी सनातन संस्कृति को समाप्त नहीं कर पाया।

## ड्रग्स मामले में बिक्रमजीत मजीठिया को नोटिस



**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने ड्रग्स मामले में शिरोमणि अकाली दल के नेता बिक्रमजीत सिंह मजीठिया को हाई कोर्ट से मिली जमानत के खिलाफ पंजाब सरकार की याचिका पर नोटिस जारी किया है। 30 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस सूर्यकांत ने इस मामले की सुनवाई से खुद को अलग कर लिया था। दरअसल, बिक्रमजीत सिंह मजीठिया को ड्रग्स मामले में नियमित जमानत देने के हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ पंजाब सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। मजीठिया के खिलाफ पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के कार्यकाल में एनडीपीएस एक्ट के तहत मोहाली में एफआईआर दर्ज की गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में बड़ी राहत देते हुए मजीठिया के चुनाव लड़ने तक गिरफ्तारी पर रोक लगा दी थी।

## देश में 4 महीने बाद कोरोना के 796 केस मिले



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**देश में** कोरोना के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। कोरोना के 796 मामले सामने आए। 754 मरीज मिले थे। पिछले 4 महीनों में हर दिन मिलने वाले कोरोना मामलों की संख्या 700 से कम ही रही थी। इससे पहले 12 नवंबर को 734 कोरोना मामले मिले थे। देश में 109 दिनों बाद एक्टिव मामलों की संख्या 5 हजार के पार चली गई है। इस समय देश में कुल 5,026 एक्टिव कोरोना केस हैं। कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच केंद्र ने 6 राज्यों को लेटर लिखा है। ये लेटर महाराष्ट्र, गुजरात, तेलंगाना, तमिलनाडु, केरल और कर्नाटक को भेजा गया है। केंद्र ने इन राज्यों से कोरोना को कंट्रोल करने के लिए कहा है। इसके लिए टेस्टिंग, ट्रीटिंग, ट्रैकिंग और वैक्सीनेशन पर फोकस करने की सलाह दी है।
**सभी 6 राज्यों का हालः** महाराष्ट्र में फरवरी के आखिरी हफ्ते में 197 मरीज सामने आए थे। वहीं मार्च के पहले हफ्ते में 355 और दूसरे हफ्ते में 668 मरीज मिले।

### मार्च में अब तक मिले 6,142 कोरोना मरीज

**मार्च** महीने में अब तक 6 हजार से ज्यादा कोरोना मरीज मिल चुके हैं। मार्च के पहले हफ्ते में 2082 और दूसरे हफ्ते में 3,264 मरीज सामने आए। इस दौरान पॉजिटिविटी रेट 0.61% रही। कई विशेषज्ञों का मानना है कि देश में फ्लू के मामले बढ़ने की वजह से कोरोना टेस्टिंग बढ़ी है।

## 'कपड़ा क्षेत्र को बढ़ावा देंगे पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क तमिलनाडु, तेलंगाना, कर्नाटक, महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पार्क पांच एफ- फार्म (खेती) से फाइबर (रेशा) से फैक्टरी (कारखाना) से फैशन से फॉरेन (विदेश) विजन के अनुरूप देश में कपड़ा क्षेत्र को बढ़ावा देंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट कर कहा,



पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क 5एफ (फार्म टू फाइबर टू फैक्टरी टू फैशन टू फॉरेन) विजन के अनुरूप कपड़ा क्षेत्र को बढ़ावा देंगे। यह बताते हुए खुशी हो रही है कि पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क तमिलनाडु, तेलंगाना, कर्नाटक, महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में स्थापित किए जाएंगे। एक अन्य ट्वीट में उन्होंने कहा, पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क कपड़ा क्षेत्र के लिए अत्याधुनिक बुनियादी ढांचा प्रदान करेगा, करोड़ों का निवेश आकर्षित करेगा।

### विजन के अनुरूप

= पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क कपड़ा क्षेत्र के लिए अत्याधुनिक बुनियादी ढांचा प्रदान करेगा

## 'भारत को विकसित बनाने में बड़ा योगदान देंगे केरल के शिक्षित युवा'



**टीम एक्शन इंडिया/ तिरुवनंतपुरम/नई दिल्ली**
**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार ने कहा कि केरल के शिक्षित और समर्पित युवा 'अमृत-काल' के दौरान भारत को एक विकसित देश बनाने में बहुत बड़ा योगदान देंगे। राष्ट्रपति तिरुवनंतपुरम में केरल सरकार द्वारा उनके सम्मान में आयोजित नागरिक अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रही थीं। इस अवसर पर उन्होंने रचना के माध्यम से कुदुम्बश्री@25ः केरल में महिलाओं की समकालीन कहानियां और अनुसूचित जनजाति के व्यापक विकास से जुडी योजना, उन्नति का भी उद्घाटन किया। सभा को संबोधित करते हुए, राष्ट्रपति ने कहा कि केरल का लिंगानुपात देश में अब तक सबसे अच्छा है। केरल में महिला साक्षरता सहित उच्चतम साक्षरता दर भी है। मातृ स्वास्थ्य को बढ़ावा देने और शिशु मृत्यु दर को रोकने के मानकों पर केरल का प्रदर्शन देश में सबसे अच्छा है। उन्होंने कहा कि जब महिलाओं को किसी भी समाज में महत्वपूर्ण भूमिका दी जाती है, तो इसका परिणाम उस समाज की समग्र बेहतरी में होता है। केरल में, महिलाओं को अधिक शिक्षित और सशक्त किया गया है जो कई मानव विकास सूचकांक पर केरल के बेहतर प्रदर्शन को दर्शाता है।


## एयर इंडिया की कर्मचारियों के लिए वीआरएस की पेशकश

**नई दिल्ली:** निजी क्षेत्र की विमानन कंपनी एयर इंडिया ने अपने गैर-उड़ान परिचालन कर्मियों के लिए स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना (वीआरएस) की पेशकश की है। टाटा समूह पिछले वर्ष जनवरी में एयर इंडिया का अधिग्रहण के बाद दूसरी बार ऐसी पेशकश लेकर आया है। इसके लिए एयरलाइन कर्मचारी 30 अप्रैल तक आवेदन कर सकेंगे। आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को दी गई जानकारी में बताया कि एयर इंडिया ने अपने गैर-उड़ान परिचालन के कर्मियों के लिए वीआरएस की पेशकश की है। इसके लिए 17 मार्च से 30 अप्रैल तक आवेदन किया जा सकेगा।

## 'उद्धव सरकार बहाल नहीं कर सकते'



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**शिवसेना** पार्टी और चुनाव चिह्न के मामले में चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली संविधान पीठ ने सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रख लिया। मामले में 5 जजों की बेंच के सामने उद्धव ठाकरे और एकनाथ शिंदे गुट ने 9 दिन तक अपनी दलीलें दी। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राज्यपाल का विश्वास मत बुलाने का फैसला गलत था, लेकिन उद्धव ठाकरे ने फ्लोर टेस्ट से पहले ही इस्तीफा दे दिया था इसलिए हम उनकी सरकार को बहाल नहीं कर सकते।
**कोर्ट ने कहा- फ्लोर टेस्ट दिया होता तो बात अलग होतीः** उद्धव ठाकरे की शिवसेना का पक्ष रख रहे अभिषेक मनु सिंघवी ने कोर्ट से उद्धव सरकार को बहाल करने की मांग की थी। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उद्धव ने फ्लोर टेस्ट में शामिल होने से पहले ही इस्तीफा दे दिया था। इसका मतलब उन्होंने खुद ही हार स्वीकार कर ली। अगर उद्धव गुट फ्लोर टेस्ट में शामिल हुआ होता तो राज्यपाल के फैसले को असंवैधानिक पाए जाने पर हम कुछ कर सकते थे।




नई योजनाओं की घोषणा

### सुक्खू सरकार का 53413 करोड़ रुपए का टैक्स फ्री बजट

## 30 हजार पद भरेंगे, आंगनबाड़ी का मानदेय बढ़ाया

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/चमन शर्मा**
**हिमाचल** प्रदेश का वर्ष 2023-24 का बजट 53413 करोड़ रुपए का होगा। बजट 4704 करोड़ रुपए के राजस्व घाटे का है। जबकि राजकोषीय घाटा 9900 करोड़ रुपए का अनुमानित है, जो प्रदेश के सकल घरेलू उत्पाद का 4.6 फीसदी है। वर्ष 2023-24 के दौरान प्रदेश के 37999 करोड़ रुपए की आमदनी होगी, जबकि कुल खर्च 42704 करोड़ रुपए का होगा। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शुक्रवार को विधानसभा में अपना पहला बजट पेश करते हुए इसे ग्रीम



हिमाचल और हेल्थ सेक्टर पर फोकस बजट करार दिया। सुक्खू ने बजट पेश करते हुए प्रदेश की 2.31 लाख महिलाओं के लिए 1500 रुपए मासिक भत्ते की घोषणा की। उन्होंने कहा कि सरकार ओपीएस पहले ही लागू कर चुकी है, जबकि राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल की गारंटी को पूरा करने के लिए भी सरकार ने काम आरंभ कर दिया है। ऐसे में सरकार ने अपनी तीन गारंटियां पूरी कर दी हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सभी महिलाओं को पांच चरणों में 1500 रुपए मासिक भत्ता दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने आगामी वित्त वर्ष के दौरान राज्य के 30 हजार बेरोजगारों को सरकारी सेक्टर में रोजगार देने की घोषणा की। इनमें से अकेले 5 हजार पद जल शक्ति विभाग में भरे जाएंगे। शेष 25 हजार पद स्वास्थ्य, तकनीकी शिक्षा, शिक्षा, पुलिस, राजस्व, पशुपालन, पंचायती राज, बिजली बोर्ड, विभिन्न विभागों में जेओए-आईटी के पदों के रूप में भरे जाएंगे।

# हरियाणा में ई-टेंडरिंग पर टकराव

## चंडीगढ़ कूच के दौरान सरपंचों को पुलिस ने बॉर्डर पर रोका, नारेबाजी, माहौल तनावपूर्ण

**8 नारेबाजी शुरू कर दी। माहौल तनावपूर्ण हो गया है। इसको देखते हुए भारी पुलिस फोर्स तैनात की गई**



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** सरपंच एसोसिएशन के बैनर तले हजारों की संख्या में सरपंचों ने विधानसभा घेराव को किया कूच। पंचकूला-चंडीगढ़ बॉर्डर पर प्रदर्शनकारियों को हरियाणा पुलिस द्वारा रोका गया। इस पर सरपंचों ने वहीं पर नारेबाजी शुरू कर दी। माहौल तनावपूर्ण हो गया है। इसको देखते हुए भारी पुलिस फोर्स तैनात की गई। आपात स्थिति से निपटने के लिए बॉर्डर पर वज्र वाहन और एंबुलेंस भी खड़ी की गई है। वहीं हरियाणा में ई-टेंडरिंग को लेकर आंदोलनरत सरपंच दो फाड़ हो गए हैं। सीएम की घोषणाओं के बाद एक गुट सरकार के साथ खड़ा हो गया है। वहीं दूसरा विरोध में अभी भी सड़कों पर है, जो अपनी मांगों को लेकर अड़ा हुआ है और सीएम के ऐलान के विरोध में विधानसभा का घेराव कर रहा है।

**सरकार कर रही साजिशः** हरियाणा की आंदोलनरत सरपंच एसोसिएशन के प्रधान रणबीर समैण ने कहा कि सरकार साजिश कर रही है। आंदोलन को प्रभावित करने के लिए सरकार की ओर से अपने आदमी खड़े किए गए हैं, लेकिन सरकार की ये साजिश सरपंच नाकाम करके रहेंगे। पहले के मुकाबले विधानसभा घेराव में अधिक पंचायतों के लोग पहुंचेंगे। सरकार की ये साजिश उसी पर भारी पड़ने वाली है।

**लिमिट बढ़ाने की मांगः** रणबीर समैण का कहना है कि हम ई टेंडरिंग का विरोध नहीं कर रहे, केवल लिमिट बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। एसोसिएशन की मांग 73वें संशोधन की 12वीं सूची के 29 अधिकारों को देने की है। सरपंचों के बारे में गलत प्रचार किया गया कि वह ई टेंडरिंग का विरोध कर रहे हैं। हम गांव-गांव जाकर जनता को जागरूक कर रहे हैं कि सरपंच अपनी नहीं, जनता की लड़ाई लड़ रहे हैं।

**सीएम कर चुके ये ऐलानः** हरियाणा में चल रहे ई-टेंडरिंग विवाद पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल बड़े ऐलान कर चुके हैं। सीएम ने सरपंचों की मांग को देखते हुए अब काम की लिमिट 2 लाख से बढ़ा दी है। जिसके बाद अब सरपंच बिना ई-टेंडरिंग के 5 लाख रुपए तक के काम करा सकेंगे। इससे ऊपर की राशि के सभी काम ई-टेंडरिंग से ही होंगे। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सरपंचों के वेतन में भी इजाफा कर दिया है। सीएम ने सरपंचों का वेतन 3 हजार से बढ़ाकर 5 हजार रुपए कर दिया है, जो अप्रैल से दिया जाएगा। इसके अलावा पंचों के वेतन में भी बढ़ोतरी की गई है। उनका वेतन एक हजार से बढ़ाकर 1600 रुपए कर दिया गया है।

### सरपंचों की बढ़ाई ताकत

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री ने सरपंचों को एक और बड़ा तोहफा दिया है। मुख्यमंत्री ने सरपंचों के अधिकार में बढ़ोतरी करते हुए ग्राम सचिव की ACR लिखने का अधिकार भी सरपंचों को दे दिया है। सरकार ने पंचायती राज व्यवस्था को सुधारने के लिए उएड की भर्तियां शुरू की है। गांवों में कराए जाने वाले कामों का सरकार ऑडिट कराएगी। सीएम ने बड़ी पंचायतों के लिए 25 लाख बजट का तय किया है।

### पंचायतों को ये होगा फायदा

**हरियाणा** सरकार ने पंचायतों को एक और बड़ा तोहफा दिया है। सीएम मनोहर लाल ने कहा है कि अब पंचायतों में विकास के कामों के लिए बिजली के बिल पर 2% का भुगतान पंचायतों को दिया जाएगा। इसके साथ ही स्टांप ड्यूटी में भी पंचायतों को 1 फीसदी हिस्सा दिया जाएगा। सीएम ने कहा कि सरकार पंचायतों के हित में काम कर रही है।

# पंजाब के युवक की हिसार में एच3एन2 वायरस से मौत

## फ्लू कॉर्नर ओपीडी में करीब 120 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच : डा. खतरेजा

**8 मृतक पंजाब के सुनाम का रहने वाला बताया गया है। पंजाब स्वास्थ्य विभाग को इस बारे अवगत करवा दिया गया**




**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
**शहर के एक निजी अस्पताल में उपचारा**धीन एक व्यक्ति की एच3एन2 वायरस के प्रभाव से मौत हो गई। मृतक पंजाब के सुनाम का रहने वाला बताया गया है। पंजाब स्वास्थ्य विभाग को इस बारे अवगत करवा दिया गया है। डिप्टी सिविल सर्जन सुभाष खतरेजा ने शुक्रवार को बताया कि मृतक के दोनों लंग्स में निमोनिया था। उसका वजन एक क्विंटल 60 किलो था। अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में इन्फ्लुएंजा के सात सैंपल की रिपोर्ट आनी बाकी है। उन्होंने 40 वर्षीय युवक 24 फरवरी को हिसार में एक निजी अस्पताल में दाखिल हुआ था। वह मोटापा, शुगर और अन्य बीमारियों से ग्रस्त था। मौत के बाद निजी अस्पताल ने सिविल अस्पताल के पास डेथ समरी भेजी। सिविल अस्पताल की टीम ने पंजाब स्वास्थ्य विभाग को मृतक की रिपोर्ट बनाकर भेज दी है। डा. खतरेजा ने बताया कि हिसार स्वास्थ्य विभाग ने सिविल अस्पताल सहित सभी सीएचसी, पीएचसी पर भी फ्लू कॉर्नर बना दिए हैं। इसमें संदिग्ध मरीजों के एक्सरे के बाद सैंपल लेने के निर्देश दिए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग ने फ्लू कॉर्नर ओपीडी में करीब 120 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की है। डा. खतरेजा ने बताया कि फ्लू के लक्षणों को सी कैटेगरी के मरीजों के एक्सरे कराए जाएंगे। अगर एक्सरे जांचने के बाद इन्फ्लुएंजा के लक्षण होने का संदेह होगा तो उसके सैंपल अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में भेजे जाएंगे। संदिग्ध मरीजों को आइसोलोनशन और मास्क लगाने के निर्देश दिए गए हैं। सिविल अस्पताल में आठ बैड आरक्षित किए गए है जिसमें फिलहाल कोई मरीज भर्ती नहीं है।

# सरसों बेचने जा रहे किसान से ट्रैक्टर ट्रॉली छीनकर फरार

**8 किसान की सरसों से भरी ट्रेक्टर ट्रॉली छीन कर फरार हो गए। ट्रॉली में करीब 40 क्विंटल सरसों थी**

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
**जिले** के जाखोद खेड़ा-सलेमगढ गांव के बीच सात-आठ युवक एक किसान की सरसों से भरी ट्रेक्टर ट्रॉली छीन कर फरार हो गए। ट्रॉली में करीब 40 क्विंटल सरसों थी। किसान नरेश कुमार ने आरोपियों की पहचान पुलिस को बताई जिस पर पुलिस ने राजू, काला, पवन सहित सात अज्ञात युवकों के खिलाफ दर्ज करके छानबीन आरंभ कर दी है। पीड़ित के चाचा शमशेर ने बताया कि उसका भतीजा नरेश कुमार खेती बाड़ी का काम करता हैं। वह खेत से सरसों की भरी ट्रेक्टर ट्राली लेकर निकला और बेचने जा रहा था। जब वह सलेमगढ जाखोद रोड़ पर चढ़ा तो एक बोलेरो गाड़ी ट्रेक्टर के आगे लगी। उसमें करीब सात-आठ लड़के उतरे और नरेश से ट्रेक्टर ट्रॉली छीन ली। यहीं नहीं आरोपी नरेश को गाड़ी में बैठाकर ले गए। साथ ही उसका फोन भी छीन लिया। कुछ दूरी पर जाकर आरोपियों ने उसे गाड़ी से बाहर फेंक दिया। आरोपियों में राजू, काला व पवन जाखोद खेड़ा के हैं। युवक के चाचा शमशेर ने बताया कि आरोपियों से उनके भतीजे का कोई लेन-देन था। हमने उन्हें कहा था कि इसे बैठकर सुलझाएंगे, लेकिन आरोपी उसके भतीजे की साढ़े चार एकड़ की कमाई आरोपी छीनकर ले गए। शमशेर ने बताया कि आरोपी जो ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर गए हैं, उसमें ट्रैक्टर नरेश का है और ट्रॉली उसकी है।

# कैथल अस्पताल आई युवती रहस्यमय परिस्थितियों में लापता

**टीम एक्शन इंडिया/कैथल**
पंजाब के गांव बनारसी अपनी भाभी के साथ कैथल के सरकारी अस्पताल में दवाई लेने आई एक युवती अस्पताल परिसर से रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गई। पुलिस ने युवती की भाभी के शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपहरण में जबरन बंधक बनाने का मामला दर्ज किया है। पंजाब के संगरूर जिला के गांव बनारसी की रहने वाली सुमन पत्नी राजेश गुरुवार को अपनी ननद कोमलप्रीत पुत्री सुरेश कुमार के साथ कैथल के सरकारी अस्पताल में दवाई लेने के लिए आई थी।

# विदेश में दिए बयान पर राहुल माफी मांगेः धनखड़




**टीम एक्शन इंडिया/रोहतक**
**हरियाणा** के रोहतक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओपी धनखड़ युवा और विधि मोर्चे की प्रदेश स्तरीय बैठक लेने पहुंचे। वहीं धनखड़ ने कांग्रेस और आप पार्टी को निशाने पर लिया। राहुल गांधी के विदेशों में दिए बयान पर कहा कि राहुल गांधी को देश के खिलाफ बोला है। उस पर माफी मांगे, जो इन्होंने कहा देश की जनता ने सुना है। कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व मर्यादा लांग रहा है जो देश के लिए सबसे बड़ा खतरा है। अगर किसी से गलती हो जाती है तो वह अपनी गलती मान भी लेता है। राहुल गांधी और कांग्रेस इसे इतना बड़ा इगो का इश्यू क्यों बना रहे है। अटल ने इंद्रा गांधी को दुर्गा तक विदेशों में कहा था। जब उन्होंने यह बोला तो जब चौक गए थे, कैसे विपक्ष का नेता उनकी तारीफ कर रहा है।

**चुनाव में कांग्रेस का कोई असर नहीं दिखेगाः** वहीं भूपेंद्र सिंह हुड्डा की आरपार की लड़ाई को लेकर भी ओपी धनखड़ ने कहा 2014 में चुनाव में भी यह आरपार की लड़ाई की बात करते थे, जबकि उनकी सरकार थी। पिछले चुनाव में भी यही कहा था। आगामी चुनाव में भी कांग्रेस का कोई असर नहीं दिखेगा। जनता भाजपा को चाहती है।

**गठबंधन पर बोले-धनखड़ः** बीजेपी पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी बीरेंद्र सिंह ने बयान दिया था कि बीजेपी को अकेले चुनाव लड़ना चाहिए अगर गठबंधन में चुनाव लड़ती है तो बीजेपी की कमजोरी होगी। चौधरी बीरेंद्र सिंह के बयान पर ओपी धनखड़ ने कहा एक समय अटल जी की सरकार थी और 27 दल गठबंधन में थे। मोदी की सरकार में पूर्ण बहुमत है। किसकी सरकार मजबूत है, यह देख लीजिए। जब पूर्ण बहुमत नहीं मिलता तब गठबंधन की जरूरत पड़ती है। ई-टेंडरिंग को लेकर भी कहा आज के समय टेक्नोलॉजी का जमाना है। पहले पेमेंट मैनुअल होती थी और आज ई पेमेंट होती है। पहले टेंडर सामने खुलते थे, आज ई टेंडरिंग से खुलते है।

# अंबानी-अडानी जैसे लोगों की जेब में जा रहा देश का पैसाः ओमप्रकाश चौटाला



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**
**इनेलो** सुप्रीमो एवं पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला ने कहा कि आज हरियाणा की जनता बदलाव का मन बना चुकी है। अगले साल होने वाले चुनावों में जनता इस तानाशाह सरकार को निश्चित रूप से सबक सिखाएगी। इनेलो ही आज एक ठोस व सशक्त विकल्प है। श्री चौटाला शुक्रवार को परिवर्तन पदयात्रा के दौरान समर्थकों से रूबरू हो रहे थे। ओमप्रकाश चौटाला ने मौजूदा सरकार को जुमलों की सरकार बताते हुए कहा कि आज विकास कार्य बाधित होकर रहे गए हैं। प्रदेश की स्थिति चिंतनीय हो गई है। लोगों को मूलभूत सुविधाएं मयस्सर नहीं हो रही हैं। अस्पतालों में चिकित्सक व दवाइयां नहीं हैं। इनेलो सुप्रीमो ने कहा कि विकास के नाम पर एक नई ईंट तक नहीं लगी। स्कूलों में मास्टर नहीं है। नफरत फैलाई जा रही है और इसकी आड़ में लोगों को लूटा जा रहा है। टैक्स पर टैक्स लगाए जा रहे हैं। देश का पैसा अंबानी-अडानी जैसे मुट्ठी भर लोगों की जेब में जा रहा है। इनेलो सुप्रीमो ने कहा कि हमारे राज में जो सडकें बनी थी, उसका बुरा हाल हो गया है। बुजुर्गों को पैंशन के लिए धक्के खाने पड़ रहे हैं। लोगों का कोई भला कर सकता है तो वह इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी ही है। ओमप्रकाश चौटाला ने कहा कि हमारा किसी से द्वेष नहीं, हमारा किसी से विरोध नहीं, ना ही हमारा कोई राजनीतिक स्वार्थ है। हम तो चौ. देवी लाल के सपनों को साकार करने के लिए जनता के हित की लड़ाई लड़ रहे हैं। लोगों का आपस में जोडने.के लिए गांव-गांव परिवर्तन यात्रा निकाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि अतीत में हमने अच्छे काम किए हैं, भविष्य में और अच्छा काम करेंगे। बुजुर्गों की पैंशन नकारा सरकार ने काट दी है, इनेलो शासन आने पर बुजुर्गों की काटी गई पेंशन का पैसा ब्याज सहित दिया जाएगा। महिलाओं को सम्मान के लिए अलग से पैंशन की व्यवस्था की जाएगी। बच्चों को मुफ्त शिक्षा दी जाएगी, पढ़ाई की कोई फीस नहीं लगेगी, ना ही कोई किताबों का खर्चा होगा। पढने वाले बच्चे का बीमार पडने.पर मुफ्त इलाज किया जाएगा। युवाओं को उनकी योग्यता के हिसाब से अच्छा पद दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इनेलो के शासनकाल में वे स्वयं जनता के बीच जाते थे और मौके पर ही उनकी समस्याओं का समाधान करते थे।

# डीसीपी ने पैदल मार्च निकाल सुनीं लोगों की समस्याएं

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**
पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के निर्देश के तहत डीसीपी एनआईटी नरेंद्र कादयान ने शुक्रवार अपनी टीम के साथ कोतवाली एरिया में पैदल मार्च निकालकर आमजन से पुलिस कार्यों के बारे में फीडबैक लिया तथा उनकी समस्याएं सुनी। इस अवसर पर उनके साथ एसएचओ एसजीएम नगर, कोतवाली, एनआईटी सहित एनआईटी एरिया के थाना प्रभारी अपनी पूरी टीम के साथ पैदल मार्च में मौजूद रहे। गृह मंत्रालय व पुलिस महानिदेशक पंचकूला द्वारा दिए गए आदेश व पुलिस आयुक्त के निर्देशानुसार डीसीपी एनआईटी ने आज पुलिस फोर्स के साथ पैदल मार्च निकाला। इस पैदल मार्च का उद्देश्य पुलिस और जनता के बीच तालमेल बिठाकर समाज में भाईचारे की भावना को बढ़ावा देना है। इसके साथ ही बड़ी संख्या में पुलिस द्वारा पैदल मार्च निकालने पर आपराधिक किस्म के व्यक्ति के मन में पुलिस का खौफ पैदा होता है और वह अपराधिक गतिविधियां अंजाम देने से डरता है। यह पैदल यात्रा चौकी नंबर 3 से शुरू होकर डीएवी कॉलेज, चिमनी बाई चौक, 4/5 चौक, एनएच-5 की मार्केट, नीलम चौक व उसके पश्चात एनआईटी थाना से होते हुए भगत सिंह चौक पर समाप्त की गई। डीसीपी द्वारा निकाले गए पैदल मार्च में उन्होंने आमजन के साथ बातचीत करी और उनसे फरीदाबाद पुलिस के कार्यों के बारे में फीडबैक लिया तथा उनकी समस्याएं सुनी। थाना क्षेत्र में रात के समय पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने के लिए कुछ लोगों ने सुझाव दिया जिसके पश्चात डीसीपी ने थाना प्रभारी को रात के समय नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने के निर्देश दिए। यह पैदल मार्च फरीदाबाद के विभिन्न एरिया में अलग-अलग समय पर आयोजित किया जाएगा और आमजन को विभिन्न सामाजिक मुद्दों के बारे में जागरूक करके शहर में कानून व्यवस्था सुदृढ़ करना सुनिश्चित किया जाएगा। पैदल मार्च के दौरान डीसीपी ने आमजन को सामाजिक शांति व्यवस्था कायम रखने तथा भाईचारे की भावना बढ़ाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि समाज में रह रहे नागरिक पुलिस का सहयोग करके शहर में शांति व्यवस्था को कायम रखने में पुलिस की मदद कर सकते हैं। इससे न केवल पुलिस को सहयोग मिलेगा बल्कि शहर में अपराधिक वारदातों पर भी लगाम लगेगी।

# हिसार में 2 नशा तस्करों को 10-10 साल की कैद



**8 एडीजे ने 1-1 लाख रुपए का जुर्माना भी किया। जुर्माना न भरने पर उनको 2-2 माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी**

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
**हरियाणा के** हिसार की कोर्ट ने नशा तस्करी के मामले में दोषी मिले 2 युवकों को 10-10 साल कैद की सजा सुनाई है। एडीजे अमित सहरावत ने दोनों पर 1-1 लाख रुपए का जुर्माना भी किया। जुर्माना न भरने पर उनको 2-2 माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। वर्ष 2017 में बरवाला थाना में दर्ज नशा तस्करी के मामले में फतेहाबाद के जांडली खुर्द के सुनील और कैथल के सोगरी के अशोक पुलिस ने गिरफ्तार किया था।

**दिसंबर-2017 में काबूः** सरकारी वकील अमित महता ने बताया कि स्पेशल स्टाफ के एसआई महेंद्र सिंह की शिकायत पर 21 दिसंबर 2017 को केस दर्ज किया गया था। एसआई महेंद्र सिंह ने बताया था कि वे टीम के साथ गश्त के दौरान ढाणी प्रेम नगर के बस अड्डा के नजदीक नेशनल हाईवे पर मौजूद थे। वहां बरवाला की तरफ से एक आई-20 गाड़ी आती दिखाई दी। पुलिस को देख कर गाड़ी चालक अचानक वापस मोड़ने लगे।

**कैथल-फतेहाबाद के हैंः** पुलिस द्वारा गाड़ी को रुकवा कर चालक सीट पर बैठे युवक का नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम जांडली खुर्द का सुनील और कंडक्टर साइड पर बैठे युवक ने अपना नाम कैथल के सोगरी का रहने वाला अशोक बताया। इनके पास गाड़ी में नशीला पदार्थ होने के शक में तलाशी ली गई। गाड़ी में पांच कट्टे प्लास्टिक के फोल्ड करके रखे हुए मिले। पांचों कट्टों को खोलकर चैक किया तो प्रत्येक में 15-15 किलोग्राम कुल 75 किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद हुआ।

# हिसार में चलती स्कूल बस को लगी आग

**8 बस चालक ने सूझबूझ का परिचय दिखाते हुए सभी बच्चों को बाहर निकाला। इसके बाद बस जल गई**

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
**हिसार** के आदमपुर में कोहली गांव के पास चलती स्कूल बस को आग लग गई। घटना के समय बस में 40 स्कूली बच्चे थे। आग लगते ही बस चालक ने सूझबूझ का परिचय दिखाते हुए सभी बच्चों को बाहर निकाला। इसके बाद बस जल गई। मौके पर अग्निनशमन वाहन पहुंचे, लेकिन तब तक बस पूरी तरह से जल चुकी थी।

**परीक्षा देकर घर जा रहे थे बच्चेः** जानकारी अनुसार शुक्रवार को दसवीं की परीक्षा थी। आदमपुर के एक परीक्षा केंद्र में परीक्षा देने के बाद करीब ढाई बजे 40 बच्चे निजी स्कूल की बस में सवार होकर घर आ रहे थे। इस बीच जब कोहली गांव के बस पहुंची तो ड्राइवर के गियर बदलते ही चिंगारी निकाली और आग लग गई।

**बस में थे सीसीटीवी कैमरेः** इस पर ड्राइवर ने तुरंत बच्चों को बाहर निकाला। जैसे ही बच्चे बाहर निकले तो इसके बाद सारी बस जलकर राख हो गई।

# हरियाणा में कई स्थानों पर बूंदाबांदी के साथ गिरे ओले, 18 जिलों में येलो अलर्ट

## कैथल में आसमानी बिजली गिरने से एक मकान ध्वस्त, 20 मार्च तक बूंदाबांदी और आंधी की बनी रहेगी संभावना

**8 मौसम विभाग ने प्रदेश के 18 जिलों में आंधी तूफान और बूंदाबांदी का येलो अलर्ट जारी किया है**



**टीम एक्शन इंडिया/कैथल**
**पश्चिमी** विक्षोभ के कारण गुरुवार रात और शुक्रवार सुबह कैथल सहित प्रदेश के चार जिलों में सुबह बूंदाबांदी हुई और कई स्थानों पर ओले भी गिरे। कैथल के जखोली गांव में आसमानी बिजली गिरने से एक मकान ध्वस्त हो गया और उसमें रखा सामान जल गया। मौसम विभाग ने प्रदेश के 18 जिलों में आंधी तूफान और बूंदाबांदी का येलो अलर्ट जारी किया है। इन क्षेत्रों में अगले तीन दिन ऐसा ही मौसम रहने की संभावना जताई है। चंडीगढ़ के मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ और निचले स्तर पर हवाओं की अस्थिरता के चलते हरियाणा के अधिकतर हिस्सों में 18 मार्च को भी बरसात जारी रहेगी। कुछ स्थानों पर गरज चमक के साथ 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलेगी। मौसम विभाग ने अंबाला, पंचकूला, करनाल, यमुना नगर, रेवाड़ी, झज्जर, गुरुग्राण, महेन्द्रगढ़, फतेहाबाद, नूंह, सिरसा, पलवल, रोहतक, सोनीपत, पानीपत, फरीदाबाद, हिसार और चरखी दादरी जिलों में आंधी तूफान और बूंदाबांदी का येलो अलर्ट जारी किया है। 20 मार्च तक प्रदेश में मौसम खराब रहेगा। इस दौरान 30 से 40 किलोमीटर की रफ्तार से हवा या आंधी चलने की संभावना है। इस दौरान बादल छाए रहेंगे और बरसात होगी। मौसम ने आशंका जताई है कि 22 मार्च के आसपास भी उत्तर भारत मे नया सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ दस्तक दे सकता है। इसके कारण उत्तर भारत के विभिन्न इलाकों में आंधी के साथ हल्की से मध्यम बरसात व ओलावृष्टि की गतिविधियों के होने की उम्मीद है।

**प्रदेश में छह जगहों पर गिरे ओलेः** गुरुवार रात प्रदेश में छह गांव व शहरों में ओले गिरे। कैथल के हरिपुरा गांव में रात को व सुबह बरसात के साथ ओले गिरे। इसके अलावा हिसार और नारनौल में ओले गिरे। हिसार के बहबलपुर व तलवंडी राणा गांव के क्षेत्र में ओलावृष्टि हुई है। वहीं नारनौल के नांगल चौधरी क्षेत्र के गांव रावता की ढाणी में भी ओले गिरने की सूचना है।

**किसानों को सताने लगी फसल की चिंताः** रबी की फसल तैयार है और किसान कटाई की तैयारियां कर रहे हैं। ऐसे में ओले गिरने के कारण किसानों को अपनी फसल की चिंता सताने लगी है। सरसों की जहां कटाई व झराई चल रही है।

# बहादुरगढ़ में कमरे में मिला युवक का शव



**टीम एक्शन इंडिया/बहादुरगढ़**
**हरियाणा** के बहादुरगढ़ के छोटूराम नगर स्थित कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में एक प्रवासी युवक का शव मिला है। शव 2 से 3 दिन पुराना प्रतीत होता है। उसके गले में रस्सी बंधी मिली और मुंह से खून निकला मिला है। मौत के असल कारणों का अभी खुलासा नहीं हुआ है। लाइनपार थाना पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। परिजनों के बयान दर्ज कर आगामी कार्रवाई होगी।

**दुर्गंध आने से खुलासाः** मृतक की पहचान 25 वर्षीय संजय के रूप में हुई है। संजय मूल रूप से उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले का रहने वाला था। कुछ समय से यहां छोटूराम नगर में किराये पर रह रहा था। एमआईई स्थित एक चप्पल कंपनी में काम करता था। 2-3 दिन से संजय के कमरे का दरवाजा खुला नहीं था। पड़ोसियों को दुर्गंध महसूस हो रही थी। शुक्रवार की सुबह दुर्गंध बढ़ी तो कोई संजय के कमरे तक पहुंचा।

**सड़ चुका था शवः** कमरे के बाहर दरवाजे के नीचे से बहे हुए खून के निशान नजर आए। सूचना पाकर लाइन पार थाने से पुलिस मौके पर पहुंची। मौके पर आवश्यक छानबीन के बाद शव को बहादुरगढ़ के नागरिक अस्पताल में ले जाया गया। शव सड़ चुका था।इस कारण उसे अस्पताल से रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया गया। संजय की मौत की वजह फिलहाल सवाल बनी हुई है।

# बजट सत्र: हंगामेदार रहा पहला दिन

## सदन में गूंजा संदीप सिंह, शराब घोटाला मुद्दा, सीएम ने संभाला मोर्चा, किसान कर्ज को लेकर विधानसभा में हंगामा, अभय ने किया वॉकआउट, सरकार ने सदन में रखी सहकारी बैंकों की रिपोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** विधानसभा में किसानों के कर्ज के मुद्दे पर शुक्रवार को जमकर हंगामा हुआ। प्रश्नकाल के दौरान इनेलो विधायक अभय चौटाला ने यह सवाल उठाया। अभय इसके जवाब से संतुष्ट नजर नहीं आए। मंत्री की तरफ से मुख्यमंत्री ने भी बचाव किया लेकिन असंतुष्ट अभय चौटाला ने सदन से वाकआउट कर दिया। अभय चौटाला के सवाल के जवाब में सहकारिता मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने बताया कि राज्य सहकारी अपेक्स बैंक व हरियाणा राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के तहत 31 मार्च, 2022 तक 3 लाख 6 हजार 127 किसानों पर 2932 करोड़ 91 लाख रुपये से अधिक बकाया हैं। इसी तरह हरियाणा राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के अंतर्गत किसानों पर 31 मार्च, 2022 तक 59 हजार 354 किसानों पर 698 करोड़ 78 लाख से अधिक अतिदेय कृषि ऋण राशि बकाया है।
अभय ने दूसरे नेशनल और प्राइवेट बैंकों के कर्जों का भी ब्यौरा मांगा। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सहकारिता मंत्री ने अपने विभाग से जुड़े बैंकों का डॉटा दे दिया है। अगर सभी बैंकों की जानकारी चाहिए थी तो अभय सिंह को सहकारिता मंत्री की बजाय वित्त मंत्री से सवाल पूछना चाहिए था। इस मुद्दे पर विपक्ष के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि सरकार को ही जवाब देना होता है। ऐसे में सभी बैंकों का ब्यौरा देना चाहिए।
अभय ने कहा कि प्रदेशभर में 19 लाख से अधिक किसान परिवार हैं और 2014 तक प्रति किसान 99 हजार 212 रुपये कर्जा था। दिसंबर तक यानी पांच वर्षों में यह बढ़कर प्रति किसान एक लाख 82 हजार 922 रुपये हो गया। यह लगभग दोगुणा है। अभय ने जब अपने ही आंकड़े सदन में रखने शुरू कर दिए तो स्पीकर ने उन्हें टोकते हुए कहा कि वे अपना सवाल पूछे।



### विधानसभा में सवालों के जवाब नहीं पढ़ेंगे मंत्री, समय की बचत के लिए नई पहल

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान विधायकों के सवालों के जवाब मंत्री नहीं पढ़ेंगे। विधानसभा स्पीकर ज्ञान चंद गुप्ता आगामी सत्र में प्रश्नकाल की अवधि बढ़ाने को लेकर पहले ही संकेत दे चुके हैं। शुक्रवार को सदन की कार्यवाही शुरू होने पर प्रश्नकाल के दौरान स्पीकर ने नए संकेत दिए। सदन में विधायकगण अपने-अपने हलकों के सवाल उठाए जाते हैं। तारंकित व अतारंकित सवालों के जवाब संबंधित मंत्रियों द्वारा लिखित में दिए जाते हैं। तारंकित सवालों के जवाब लिखित में दिए जाने के बावजूद सदन में इन्हें पढ़ने का भी चलन है, जिसमें समय बर्बाद होता है। पड़ोसी राज्य पंजाब में ऐसी परंपरा नहीं है। वहां सीधे ही मंत्री से पूरक सवाल किए जाते हैं। इस पर स्पीकर ज्ञान चंद गुप्ता ने कहा कि अगर समूचे सदन की सहमित हो तो समय की बचत और प्रश्नकाल के दौरान अधिक सवालों को कवर करने के उद्देश्य से जवाब को पढ़ने की बजाए सीधे पूरक सवालों को ही सदन में उठाया जाए।

## ग्रीन बैल्ट में अवैध निर्माण पर सदन में तीखी बहस

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** में नेशनल हाइवे और दूसरी सड़कों के साथ बनी ग्रीन-बेल्ट पर अवैध निर्माण पर शुक्रवार को सरकार और विपक्ष के बीच सदन में तीखी बहस भी हुई। मामला उस समय गरमा गया, जब मुख्यमंत्री की ओर से जवाब देते हुए कृषि मंत्री जयप्रकाश दलाल ने हुड्डा के नेतृत्व वाली पूर्व की कांग्रेस सरकार के दस वर्षों के कार्यकाल का मुद्दा उठाया। इस पर कड़ा नोटिस लेते हुए हुड्डा ने जेपी दलाल को नसीहत देते हुए कहा, ह्यभविष्य में अगर पूर्व की तुलना की तो वे ऐसा खुलासा करेंगे कि फिर कुछ नहीं बोल पाएंगेह्न। हुड्डा के इतना कहने पर दलाल हाथ जोड़कर बैठ गए। रोहतक विधायक भारत भूषण बतरा ने ग्रीन बेल्ट पर हो रहे कब्जों का मुद्दा उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि नेताओं व अधिकारियों के संरक्षण में यह काम चल रहा है। कृषि मंत्री जेपी दलाल जब अपने जवाबों में फंसते और बतरा उन पर हावी पड़ते नजर आए तो मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने मोर्चा संभाला। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ग्रीन बेल्ट पर बनी अवैध इमारतों पर राज्य सरकार सख्त कार्रवाई कर रही है। अब तक सरकार के पास 1500 से अधिक ऐसी चिह्नित इमारतों की जानकारी मिली थी, जिस पर उपयुक्त कार्रवाई चल रही है और कई ऐसी इमारतों को ध्वस्त किया जा चुका है। उन्होंने कहा, ऐसी इमारतों की विस्तृत जानकारी, चाहे वह आवासीय या व्यावसायिक इमारतें हों, वह कब बनाई गई, उन पर की गई कार्रवाई, एफआईआर की जानकारी इत्यादि सभी जानकारियां सदन के पटल पर रखी गई हैं। इसके बाद भी यदि कोई विशिष्ट इमारत की जानकारी सरकार के पास आएगी, तो उस पर उपयुक्त कार्रवाई करेंगे। उन्होंने कहा कि संबंधित विधायक के पास यदि ऐसी इमारतों की और भी कोई जानकारी है, तो वह सरकार को दें, सरकार द्वारा आगामी कार्रवाई की जाएगी। बतरा ने सरकार के आंकड़ों को गलत ठहराते हुए कहा कि लिखित में दिए जवाब में ही सरकार ने माना है कि 2200 से अधिक अवैध निर्माण सामने आए हैं, जबकि अब पंद्रह सौ बताए जा रहे हैं। इससे पहले जेपी दलाल ने 1722 अवैध निर्माण चिह्नित करने का खुलासा किया था। इनमें से 1500 के करीब को नोटिस दिए गए। 99 एफआईआर दर्ज की गई और 393 इमारतों को ध्वस्त किया गया। दलाल ने कहा कि कांग्रेस के 10 वर्षों के कार्यकाल में इससे अधिक अवैध निर्माण ग्रीन बेल्ट पर हुए थे।



## रेवाड़ी में महिला से रेप

**टीम एक्शन इंडिया/रेवाड़ी**
**हरियाणा** में रेवाड़ी जिले के एक गांव में महिला के साथ आरोपी ने खुद के घर में बुलाकर रेप किया। महिला को किसी बहाने से घर बुलाया गया था। घर में आरोपी का साथी भी मौजूद था। खोल थाना पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। रेवाड़ी के खोल थाना पुलिस को दर्ज कराई शिकायत में पीड़िता ने बताया कि उसके ही गांव के एक शख्स ने उसे किसी काम के बहाने से अपने घर बुलाया था। घर पहुंची तो उसका साथी भी बैठा मिला। यहां दोनों आरोपियों ने पहले उससे कुछ देर बात की और फिर उसे कमरे में ले गए, जहां एक आरोपी ने उसके साथ रेप किया तो दूसरे ने भी अस्मत लूटने की कोशिश की। महिला किसी तरह आरोपियों के चंगुल से निकलकर अपने घर पहुंची। इससे पहले आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। महिला ने परिवार को घटना के बारे में बताया। परिजन महिला को थाना लेकर पहुंचे। पुलिस ने महिला का मेडिकल कराने के बाद रेप का केस दर्ज कर इस मामले में दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

> 8 एक गांव में महिला के साथ आरोपी ने खुद के घर में बुलाकर रेप किया। महिला को किसी बहाने से घर बुलाया गया था

## विस में उठा सरस्वती नदी पर बने अवैध पुलों का मुद्दा, कांग्रेस ने बताया बाढ़ का खतरा

### सरकार का जवाब- ग्राम पंचायतों के आए प्रस्ताव, वे चाहते है इन पुलों को किया जाए वैध

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**कुरुक्षेत्र में** जीटी रोड से झांसा गांव तक सरस्वती नदी पर अवैध पुलों के निर्माण से साथ लगते गांवों में बाढ़ का खतरा बन गया है। नदी पर पंद्रह पुल बने हुए हैं और इनमें से नौ अवैध हैं। लाडवा से कांग्रेस विधायक मेवा सिंह ने विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान यह मुद्दा उठाया। गुहला से जजपा विधायक ईश्वर सिंह का समर्थन भी उन्हें मिला। कृषि मंत्री जेपी दलाल ने जब अवैध पुलों को भी नियमित करने का ऐलान कर दिया तो कांग्रेस ने इसका यह कहते हुए विरोध किया कि पहले पानी का बहाव सुचारू करना चाहिए। मेवा सिंह ने आरोप लगाया कि लोगों ने अवैध कालोनियां काटी हुई हैं। इन कालोनियों को रास्ते देने के लिए सरस्वती नदी पर अवैध पुल बनाए गए हैं। इन पुलों के निर्माण की वजह से लोगों के घरों में पानी घुसने लगा है। हजारों एकड़ कृषि भूमि में पानी भरा होने की वजह से खेती नहीं हो पाती। दलाल ने कहा कि एक को छोड़कर अधिकांश पुलों का निर्माण कांग्रेस कार्यकाल में हुआ। इस पर ईश्वर सिंह ने कहा, उस समय जलभराव की समस्या नहीं थी, लेकिन अब बढ़ गई है। मेवा सिंह ने कहा कि सरकार को चाहिए कि पुलों को हटाए। साथ ही, उन्होंने सरस्वती नदी की खुदाई करवाने की मांग की ताकि जलभराव की समस्या से छुटकारा मिल सके। मामला बढ़ने के बाद मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्ट्टर ने कहा कि सरस्वती नदी के किनारों को ऊंचा उठाने और आस-पास के रिहायशी इलाकों में बाढ़ के पानी को रोकने के लिए सरकार कदम उठा रही है। पानी का सुचारू प्रवाह सरकार की प्राथमिकता है।
उन्होंने कहा, यदि कहीं पानी के प्रवाह में बाधा आ रही है तो उसकी जांच करवा कर उसे ठीक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरस्वती नदी पर कुरुक्षेत्र जीटी रोड से झांसा रोड तक बने पुलों में से अधिकतर पुल अवैध हैं। 8 पुल तो वर्ष 2010 से पहले के बने हुए हैं। एक पुल तो वर्ष 2014-15 में बना। यह पुल ग्रामीणों की मांग पर ही बने हैं। अब कहीं यदि पानी के प्रवाह में बाधा आ रही है और क्षेत्र में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होती है, तो उसे ठीक किया जाएगा और ग्रामीणों तथा जनप्रतिनिधियों की मांगों को भी ध्यान में रखा जाएगा।



> 8 लाडवा से कांग्रेस विधायक मेवा सिंह ने विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान यह मुद्दा उठाया। जजपा विधायक ईश्वर सिंह का समर्थन भी उन्हें मिला

## मंत्री संदीप सिंह के मुद्दे पर विधानसभा में हंगामा, कांग्रेस ने किया वाकआउट

### स्पीकर ने कांग्रेस की टिप्पणियों को कार्यवाही से किया बाहर

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** विधानसभा में शुक्रवार को बजट सत्र का दूसरा चरण शुरू होने पर राज्य मंत्री संदीप सिंह के मुद्दे पर हंगामा हो गया। संदीप सिंह इस बजट सत्र में पहली बार सदन में पहुंचे थे, जिसके बाद शून्यकाल में कांग्रेस ने इस मुद्दे पर सरकार को घेरा। काफी देर चले हंगामे के बीच संदीप सिंह ने तो कोई बयान नहीं दिया, अलबत्ता कांग्रेस ने इस मुद्दे पर सदन से वाकआउट कर दिया। दरअसल, हरियाणा विधानसभा का बजट सत्र का पहला 20 फरवरी से 23 फरवरी तक चला था। पहले चरण की कार्यवाही के दौरान संदीप सिंह सदन में नहीं आए। शुक्रवार को दूसरे चरण की कार्यवाही शुरू होने पर संदीप सिंह सदन में पहुंचे और यहां राज्य मंत्री कमलेश ढांडा के साथ वाली सीट पर बैठे। सदन में शून्यकाल की कार्यवाही शुरू होते ही कांग्रेस विधायक दल के उपनेता आफताब अहमद ने संदीप सिंह प्रकरण पर सरकार से स्थिति स्पष्ट करने की मांग करते हुए कहा कि क्या सरकार ने संदीप सिंह को क्लीन चिट दे दी है। स्पीकर ने संदीप सिंह का बचाव करते हुए कहा कि वह सदन के सम्मानित सदस्य हैं और उनके सदन में आने पर मनाही नहीं है। उन पर लगे आरोपों की जांच चल रही है। नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र हुड्डा, कांग्रेस विधायक गीता भुक्कल, पूर्व स्पीकर रघुबीर कादयान अपनी सीटें छोड़कर खडे.हो गए और मांग की कि संदीप सिंह सदन में यह बोलें कि उन पर लगे आरोप झूठे हैं।
कांग्रेस विधायकों ने कहा कि अपने उपर लगे आरोपों पर मंत्री खुद स्थिति साफ करें। इस मुद्दे पर जब सरकार घिरी तो स्पीकर ने कहा कि पूर्व की सरकारों के कार्यकाल में भी इस तरह के आरोप लगते रहे हैं। आरोप लगने से कोई भी दोषी नहीं बन जाता। नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने बहस को नया मोड़ देते हुए कहा कि संदीप सिंह सदन को बताएं कि उनके पास से विभाग वापस लिया गया है अथवा उन्होंने खेल विभाग खुद छोड़ा है। हुड्डा ने कहा कि पिछली सरकारों में जिन पर आरोप लगे हैं, उन्होंने सदन में अपनी स्थिति भी स्पष्ट की है। सरकार अगर मंत्री को बचाना चाहती है तो बचाए लेकिन मंत्री खुद जवाब देकर विपक्ष को शांत करें, आज प्रदेश की जनता इस बारे में जानना चाहती है।



## रिपोर्ट के बाद कुरैशी जाति को पिछड़ों में शामिल करने का होगा फैसला

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** में कुरैशी जाति के लोगों को पिछड़ा वर्ग में शामिल करने पर कोई भी फैसला पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट के आधार पर लिया जाएगा। आयोग इस मामले की सुनवाई कर रहा है। हरियाणा विधानसभा में बजट सत्र के पहले दिन शुक्रवार को फिरोजपुर झिरका से कांग्रेस विधायक मामन खान इंजीनियर ने यह मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कुरैशी अथवा कसाई समाज के करीब सवा लाख लोग रहते हैं। इनका मुख्य धंधा मृत पशुओं की खरीद-बेच का है। मामन खान ने कहा कि इस जाति के लोगों का शैक्षणिक स्तर पर भी बहुत नीचे है। उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, बिहार राज्यों की सरकारों द्वारा इन्हें बीसीबी तथा केंद्र सरकार ने इन्हें ओबीसी में शामिल कर रखा है। हरियाणा में इनकी स्थिति बेहद दयनीय होने के बावजूद इन्हें सामान्य श्रेणी में ही रखा गया है। इस मुद्दे पर पहले भी चर्चा होती रही है, लेकिन कोई फैसला नहीं हो पाया है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के हवाले से समाज कल्याण मंत्री ओपी यादव ने बताया कि नागरिक अनुरोध पर हरियाणा सरकार द्वारा पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन किया गया है।

## गुरुग्राम: आयुष्मान मित्रों की ड्यूटी 24 घंटे और मानदेय मात्र 5000 रुपये महीना

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**
जिस आयुष्मान भारत योजना से सरकार प्रदेश के लोगों को अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं देने की बात कर रही है, उस योजना का लाभ लोगों को दिलाकर इसे कामयाब करने वाले कच्चे कर्मचारियों को वेतन के नाम पर मात्र 5000 रुपये मानदेय दिया जा रहा है। इसमें बढ़ोतरी के लिए आयुष्मान मित्रों ने यहां सिविल सर्जन कार्यालय के बाहर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। वर्ष 2018 में भारत सरकार ने आयुष्मान भारत योजना लांच की थी। हरियाणा में भी इस योजना को लागू करके लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं देने की शुरूआत की गई। पूरे हरियाणा में 200 आयुष्मान मित्र हैं। गुरुग्राम नागरिक अस्पताल सेक्टर-10 से आयुष्मान मित्र कांता, शिवानी व मधु और सोहना अस्पताल से नितिन गुनावत के मुताबिक आयुष्मान भारत योजना के तहत गुरुग्राम जिला में वे चार ही आयुष्मान मित्र हैं। वे लोगों के कार्ड भी बनाते हैं और मरीजों का उपचार कराने में भी मदद करते हैं। मरीज की जांच से लेकर दाखिल करवाने, उपचार के बाद डिस्चार्ज कराने तक सारी कागजी कार्यवाही करते हैं। आयुष्मान मित्रों के मुताबिक शुरू में आयुष्मान मित्रों की 24 घंटे की ड्यूटी थी, जिसे उन्होंने पूरी निष्ठा के साथ किया। आयुष्मान मित्रों की शुरूआत में 5000 रुपये महीना मानदेय दिया जाता था। इतनी कम राशि में घर का खर्चा चलाना संभव नहीं था। इसलिए उन्होंने कई बार अधिकारियों से उचित वेतन दिलवाने की गुहार लगाई। हर बार उन्हें आश्वासन देकर टाला जाता रहा। आयुष्मान मित्रों ने बताया कि जुलाई 2022 के दिशा-निर्देशों के अनुसार आयुष्मान मित्रों को पार्ट टाइम कर दिया गया है। इसके बावजूद उनसे फुल टाइम काम लिया जा रहा है। यह उनका शोषण है। मात्र 5000 रुपये मासिक मानदेय में आयुष्मान मित्र पिछले पांच साल से काम कर रहे हैं। बीती 6 फरवरी 2023 को सभी जिलों के आयुष्मान मित्र पंचकूला मुख्यालय गए और अपनी मांग उच्चाधिकारियों के समक्ष रखी।



> 8 हरियाणा में भी इस योजना को लागू करके लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं देने की शुरूआत की गई

आंखों की रक्षा आपके हाथ
हम सदा हैं आपके साथ



Ultra Modern Facilities Available
अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध

- Cataract Surgery
- Spectacles Removal
- Glaucoma Management
- Oculoplastic (Lid & Orbit) Surgery
- Diabetic Retinopathy Management
- Squint & Lazy Eye Management
- Management Of Eye Injury
- Eye Problems Of Children
- OCT
- Complete Eye Checkup
- Management Of Painful Eye Red
- Management Of Watery Eye
- Contact Lens
- Retina Surgical & Medical Management
- Implantable Contact Lens(IPCL/ICL)

- मोतियाबिंद ऑपरेशन
- चश्मा उतरवाना
- काला मोतिया का इलाज
- ऑक्यूलोप्लास्टिक एवम सर्जरी
- आंख के परदे पर शुगर का असर एवं इलाज
- तिरछापन एवम् लेजी आई
- आंखो के चोट एवम् घायल होने का इलाज
- बच्चों की आंखों की समस्याओं का इलाज
- ओसीटी
- संपूर्ण नेत्र जांच



Dr. Singh examining a patient

आंखों की संपूर्ण जांच एवम इलाज एक छत के नीचे

DR RV SINGH (MBBS/ MS)
RVS EYE CENTER
Govt Approved: An ISO 9001 : 2008 Certified Centre
BFH-9, SOM BAZAR ROAD, SHALIMAR BAGH, DELHI-110088
PH: 01127478745, 9811584973, 9899215481, 9811671606
MEDICAL FACILITIES AVAILABLE
ON PANEL : CGHS | DGEHS | NDMC | RBI | DVB | DJB
DU | RITES | TPDDL | AIR INDIA | DDA | DTC | FCI | BSES

# युवा आई.डी.टी.आर. सेंटर में लें प्रशिक्षण : अनीश

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**उपायुक्त** अनीश यादव ने कहा कि सडक पर होने वाली दुर्घटनाओं से बचाव के लिए वाहन चालकों को सडक नियमों की उचित जानकारी और ड्राईविंग का प्रशिक्षण होना जरूरी है। प्रशिक्षण के लिए करनाल में करोड़ों रुपए की लागत से इंस्टीच्यूट ऑफ ड्राईविंग ट्रेनिंग एंड रिसर्च (आई.डी.टी.आर.) सेंटर खुला हुआ है, जिसमें दुपहिया वाहन से लेकर हैवी वाहनो को चलाने का प्रशिक्षण दिया जाता है। उपायुक्त शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला सडक सुरक्षा समिति की मासिक बैठक में एजेंडा बिन्दूओं पर चर्चा कर उनकी समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने बताया कि आई.डी.टी.आर. में स्मार्ट क्लास रूम, टैस्टिंग ट्रैक, ड्राईविंग लैब, सिमुलेटर, एडवांस ड्राईविंग टैस्ट तथा कैंटीन व हॉस्टल जैसी सुविधाएं मौजूद हैं। लर्नर कोर्सो में थ्यूरी और प्रैक्टिकल करवाया जाता है, लाईट व हैवी व्हीकल के कोर्स, 21 दिन से लेकर 30 दिन तक के हैं। कोर्स करने के बाद प्रशिक्षक को वाहन चलाने और ट्रैफिक नियमो की समूची जानकारी हो जाती है तथा उन्हें प्रमाण पत्र भी दिया जाता है। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक युवाओं से अपील कर कहा है कि वे करनाल के नए बस स्टैण्ड की बगल में स्थित आई.डी.टी.आर. सेंटर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा तथा नगराधीश अमन कुमार भी मीटिंग में मौजूद थे। मीटिंग में नेशनल हाईवे पर होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए उपायुक्त ने सम्बंधित अधिकारियों से काफी देर तक चर्चा की। इनमें एक एजेंडा बिन्दू, एन.एच. पर भटकते पशुओं से होने वाली दुर्घटनाओं को लेकर था, जिसमें बताया गया कि जनवरी 2022 से दिसंबर 2022 के दौरान भटकते पशुओं के कारण 17 दुर्घटनाएं हुई, इनमें 10 लोग घायल



हुए और 1 की मृत्यु हुई। उपायुक्त ने अधिकारियों से कहा कि वे एन.एच. के दोनो ओर जितने भी गांव पड़ते हैं, वहां के लोगों से मीटिंग कर उन्हें सडकों पर पशु न छोड? के लिए जागरूक करें और ऐसे पशुओं को गौशाला में भेजने के लिए कहें। इसी तरह के एक अन्य एजेंडा पॉयट में इंटाग्रेटिड रोड एक्सीडेंट डाटाबेस की प्रोजेक्ट मैनेजर स्वाति गुप्ता ने जनवरी 2022 से जनवरी 2023 का डाटा, प्रैजेन्टेशन के माध्यम से प्रस्तुत किया, जिसमें बताया गया कि वर्ष 2022 की तुलना में वर्ष 2023 में फेटल यानि प्राणघाती दुर्घटनाओं में कुछ कमी आई है। प्रैजेन्टेशन में उन्होंने दुर्घटना सम्भावित क्षेत्रों को रैड जोन में चिन्हित दिखाया। जिसमें एन.एच. स्थित सैक्टर-4 का एरिया तथा सदर पुलिस स्टेशन के अधीन आने वाला मयूर ढाबा के आस-पास का एरिया दिखाया गया। उपायुक्त ने इस पर गम्भीरता दिखाते हुए अधिकारियों की ड्यूटी लगाई कि वे इन एरिया की विजिट करें तथा कारणों का पता लगाकर दुर्घटनाओं को रोकने के उपाय करें।

एन.एच.ए.आई. से सम्बंधित कुछ एजेंडा बिन्दूओं पर चर्चा के बाद इसके सैक्शन इंजीनियर भानू प्रताप ने बताया कि एन.एच. पर रेन कट रैक्टीफिकेशन का काम चल रहा है। सर्विस लेन को ओवरले कर सुदृढ़ बनाया गया है। पूरे नेशनल हाईवे पर लगाई गई स्ट्रीट लाईटों की कैपेस्टी 180 से बढ़ाकर 360 वाट की कर रहे हैं, ताकि रात्रि में एन.एच. पूर्ण प्रकाशमय रहे। शहर में मौजूद मुगल कैनाल की सडकों को सुदृढ़ बनाने का मुद्दा आज फिर बैठक में उठा। नगर निगम की कार्यकारी अभियंता प्रियंका सैनी ने बताया कि इस काम के लिए 2 करोड़ 49 लाख रुपए का एस्टीमेट बनाया गया है, हालांकि पैचवर्क का काम करवा दिया गया है। इस पर उपायुक्त ने निर्देश दिए कि सडक सुदृढ़ीकरण के कार्य के दौरान आस-पास के दुकानदारों की सहूलियत का ध्यान रखें। इस बिन्दू पर कुछ गैर-सरकारी सदस्यों ने कहा कि बीच जो पार्क स्पेस छोड़े गए हैं, उनकी कोई जरूरत नही हैं, वह छोटे होने चाहिएं, ताकि सडकें ओर ज्यादा चौड़ी व सुगम हो सकें। बैठक में उपायुक्त के निदेर्शों की अनुपालना में एस.डी.एम. करनाल अनुभव मेहता, एसडीएम घरौंडा अदिति तथा एसडीएम असंध मनदीप कुमार की ओर से स्कूल वाहनो की चैकिंग की रिपोर्ट एजेंडा में शामिल की गई थी। इसके लिए उपायुक्त ने अधिकारियों के काम को अच्छा बताया, लेकिन यह भी कहा कि कितने वाहन चैक किए गए और उनमें क्या-क्या खामियां पाई गई, यह सब बातें रिपोर्ट में होनी चाहिएं। ऐसे वाहनो की चैकिंग भविष्य में भी की जाए, ताकि खामियां को दूर करने की जानकारी मिल सके। बैठक में सडक सुरक्षा से जुड़े कुल 41 एजेंडा बिन्दू आरटीए सचिव विजय देसवाल ने प्रस्तुत किए, जिनमें चालू मास मार्च के 10 नए बिन्दू थे और शेष पिछली बैठकों के लंबित थे।

## लंबित पड़े इंतकाल के कार्य को जल्द से जल्द निपटाए तहसीलदार: अनीश



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**उपायुक्त अनीश** यादव ने राजस्व विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने जिले की सभी तहसील व उपतहसीलों में लंबित पड़े इंतकाल के मामलों में तहसीलदारों को सख्त निर्देश दिए कि इन्हें जल्द से जल्द निपटाया जाए। उन्होंने कहा कि आगामी सप्ताह में पुनः बैठक लेकर इंतकाल संबंधी कार्य की समीक्षा करेंगे। बैठक में उपायुक्त ने गिरदावरी के कार्य में भी तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले के सरल केंद्र का स्कोर नीचे नहीं आना चाहिए। उन्होंने शामलात देह, राजस्व रिकवरी, तहसीलों में जारी किए जाने वाले जाति व आय प्रमाण पत्र, स्टैम्प ड्यूटी तथा रेवेन्यू के कोर्ट केसों को जल्द से जल्द निपटाने के बिन्दुओं को भी रिव्यू किया। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि तहसीलों में जाति और आय प्रमाण पत्र के लिए जितने भी आवेदन आते हैं, उन्हें बिना विलम्ब के जारी करने की कोशिश करें। उपायुक्त अनीश यादव ने कहा कि एसडीएम कोर्ट के लंबित केस को जल्द से जल्द निपटाया जाए। इस कार्य को अच्छे से करने पर उन्होंने इंद्री एसडीएम राजेश पूनिया की प्रशंसा भी की।

## न्यूज फ्लैश

### दिनदहाड़े भाजपा के वरिष्ठ नेता के साथ हुई हथियार के बल पर लूट

**खरखौदा/सोमपाल सैनी**
**खरखौदा** में वरिष्ठ भाजपा नेता के साथ हथियार के बल पर लूट, कार छीन कर फरार हुए बदमाश। खरखौदा में शुक्रवार को वरिष्ठ भाजपा नेता गुलशन ठेकेदार के साथ हथियार के बल पर लूट की गई हैं। वही अपहरण का प्रयास भी किया गया। घायल गुलशन ठेकेदार का कहना हैं कि वो आज दोपहर समय करीब 1 बजे अपने किसी निजी काम से अपनी ब्रेजा गाड़ी में सिसाना की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान रोहतक रॉड पर बनी नंदीशाला के पास पीछे से मोटरसाइकिल पर आए तीन बदमाशों ने उसकी गाड़ी की दिग्गी खुलने की बात कही। जिस पर उसने अपनी गाड़ी की दिग्गी चेक की तो बाइक सवार बदमाशों ने कनपटी पर बंदूक लगा कर उसकी ही गाड़ी में जबरदस्ती बैठाने लगे। विरोध करने पर हथियार के बट से उसके हाथ व चहरे पर वार किए गए। लोगो की भीड़ होने पर तीनों बदमाशो में से 2 बदमाश उस की ब्रेजा गाड़ी लेकर सिसाना रोहतक की तरफ फरार हो गए। जबकि 1 अन्य युवक बाइक पर भाग गया। जिसके बाद खरखौदा पुलिस को सूचना दी गई। और गुलशन ठेकेदार को खरखौदा के सामान्य अस्पताल लाया गया, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उसे पीजीआई रोहतक रैफर किया गया। वही खरखौदा पुलिस रोहतक रोड के सीसीटीवी खंगाल रही हैं। आपको बता दे कि गुलशन ठेकेदार फिलहाल जिला कार्यकारिणी के सदस्य, व खरखौदा नगर पालिका के मनोनित पार्षद हैं।

### शस्त्र लाइसेंस से जुड़ी 14 सेवाओं के लिए अब करें ऑनलाइन आवेदन : अनीश यादव

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**हरियाणा सरकार ने** प्रशासनिक कार्यक्षमता में सुधार व पारदर्शिता को बढ़ावा देने के लिए शस्त्र लाइसेंस से जुड़ी 14 सेवाओं को ऑनलाइन कर दिया है। सरकार की इस पहल से अब लाइसेंस के लिए सरल केंद्र के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन किए जा रहे है। साथ ही आवेदकों को अब सरकारी कार्यालयों के बेवजह चक्कर नहीं लगाने पडेंगे। उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि अब शस्त्र लाइसेंस बनवाने के लिए आवेदक को केवल 2100 रुपए खर्च करने होंगे जिनमें से 1500 रुपए प्रशिक्षण के, 500 रुपए आवेदन के तथा 100 रुपए अटल सेवा केंद्र के माध्यम से अप्लाई करने में लगेंगे। उन्होंने बताया कि शस्त्र लाइसेंस के लिए प्रशिक्षण पहले होमगार्ड के माध्यम से दिया जाता था लेकिन अब यह प्रशिक्षण 6 प्रशिक्षण केन्द्रों के माध्यम से मिलेगा, जिनमें क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र, गुरुग्राम (भोंडसी), पुलिस प्रशिक्षण केंद्र रोहतक (सुनारिया), पुलिस लाइन पंचकूला (मोगीनंद), हरियाणा पुलिस अकादमी करनाल (मधुबन), पुलिस लाइन हिसार तथा पुलिस लाइन नारनौल शामिल हैं।

**इन सेवाओं को किया गया ऑनलाइन** : उन्होंने ने बताया कि शस्त्र लाइसेंस से जुड़ी 14 सेवाओं को ऑनलाइन किया गया है, जिनमें नए शस्त्र लाइसेंस जारी करना, शस्त्र लाइसेंस का नवीनीकरण, शस्त्र का बिक्री/ हस्तांतरण/उपहार, बाहरी लाइसेंस का पंजीकरण, शस्त्र का अधिग्रहण, शस्त्र अधिकार क्षेत्र के भीतर पते का परिवर्तन, शस्त्र की खरीद अवधि का विस्तार, शस्त्र लाइसेंस में शस्त्र का अनुमोदन, शस्त्र लाइसेंस से शस्त्र हटाना, एक प्रकार के शस्त्र का परिवर्तन, डुप्लीकेट शस्त्र लाइसेंस जारी करना, गोला बारूद की मात्रा में परिवर्तन, क्षेत्र की वैधता का विस्तार तथा शस्त्र लाइसेंस का निलंबन/रद्द/ निरस्तीकरण आदि शामिल हैं।

**प्रशिक्षण के लिए सुविधा अनुसार बुक होगा स्लॉट**: उपायुक्त ने बताया कि शस्त्र लाइसेंस के लिए आवेदक अब सरल पोर्टल के माध्यम से अपने आवेदन करने के साथ ही उससे जुड़ी हर स्तर की सूचना उसे एसएमएस के माध्यम से प्राप्त होगी। इसी पोर्टल पर व्यक्ति शस्त्र प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए अपनी सुविधा अनुसार स्लॉट बुक कर सकेगा। प्रशिक्षण के लिए आवेदक को मात्र 1500 रुपए की फीस देनी होगी। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षु को दो दिन थ्योरी व एक दिन का शस्त्र प्रशिक्षण देने उपरान्त उसको सर्टिफिकेट दिया जाएगा।

### अच्छी सेहत के लिए मोटे अनाज का सेवन जरूरी: अनीश यादव

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**उपायुक्त अनीश** यादव ने कहा है कि अच्छी सेहत के लिए मोटा अनाज बहुत ही लाभकारी है। नागरिक मोटे अनाज की महता को समझें और इसे खान-पान में अधिक से अधिक शामिल करें। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 को अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पहले लोग आमतौर पर मोटे अनाज को ही भोजन में प्रयोग करते थे, जिससे हमारा स्वास्थ्य सही रहता था। लेकिन वर्तमान में मोटे अनाज का प्रयोग कम कर दिया है। इसी प्रकार से मौसम के अनुरूप भी लोग अनाज का प्रयोग नहीं करते, जिससे हमारे शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता भी कम होती जा रही है। उन्होंने कहा कि मोटे अनाज को भोजन के रूप में प्रयोग करने से शरीर को पूरी मात्रा में प्रोटीन, फाइबर, विटामिंस व मिनलर्स मिलते हैं। इससे शरीर स्वस्थ बना रहता है। उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि मोटा अनाज एक तरह से बूस्टर डोज का काम करता है,जिसकी महता कोरोना के बाद सभी को मालूम हुई है।

उपायुक्त ने कहा कि मोटे अनाज में कैल्शियम, आयरन, जिंक, फास्फोरस, मैंग्नीशियम, पोटेशियम, फाइबर, विटामिन-बी-6, 3, कैरोटीन, लेसिथिन आदि तत्व होते हैं। मोटा अनाज डायबिटीज को रोकने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि चिकित्सकों के अनुसार मोटा अनाज अस्थमा रोग में लाभदायक है। बाजरा खाने से श्वास से संबंधि सभी रोग दूर होते हैं। इसके अलावा यह थायराइड, यूरिक एसिड, किडनी, लिवर, लिपिड रोग और अग्नाशय से संबंधित रोगों में लाभदायक है।

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
सोनीपत
(संजीव कौशिक)
मो. नं. : 9991270143

## मोटरसाईकिल चोर गिरोह का पर्दाफाश, दो आरोपी काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**जिला** पुलिस की एंटी आटो व्हीकल थेफ्ट टीम द्वारा वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के कब्जे से तीन मोटरसाईकिलें बरामद की गई हैं। पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपियों सुमित पुत्र बलवान व निशान पुत्र नरेश चंद वासियान गांव फुरलक जिला करनाल को चोरी की एक मोटरसाईकिल सहित घरौंडा से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपियों द्वारा खुलासा किया गया कि वह विभिन्न प्रकार के नशा करने के आदी हैं और



नशा पूर्ति के लिए मोटरसाईकिल चोरी की वारदातों को अंजाम देते हैं। आरोपियों द्वारा एक मोटरसाईकिल वर्ष 2020 में व दो मोटरसाईकिल वर्ष 2023 में थाना सिविल लाईन करनाल के एरिया से चोरी की थी।

## चक्की चलनासन करने से सेहत को मिलते हैं बहुत से फायदे: दिनेश गुलाटी

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**योग** गुरु दिनेश गुलाटी ने वेट लॉस प्रतियोगिता के अंतर्गत फव्वारा पार्क योग कक्षा में योग साधकों को विभिन्न तरह के आसनों के साथ-साथ चक्की चालन आसन और मधानी आसन का अभ्यास भी करवाया। उन्होंने कहा कि चक्की चलनासन करने से सेहत को बहुत से फायदे मिलते हैं और वजन कम करने में भी बहुत सहायक है। इसके अभ्यास से न केवल वजन कम होता है, अपितु शरीर के कई और



रोग भी दूर होते हैं और बड़े हुए बैली फैट को कम करने के लिए आसानी से इस योगासन को किया जा सकता है।
दिनेश गुलाटी ने बताया कि ये योगासन तनाव और नींद संबंधित समस्या दूर करने में काम आ सकता है। यह रीढ़ को कोमल और लचीला बनाए रखने में मदद करता है। पेट और बाजू की भी अच्छी एक्सरसाइज हो जाती है। शारीरिक लाभ के साथ-साथ इस योग को करने से मन संतुलित होता है और एकाग्रता बढ़ती है। उन्होंने प्रेगनेंसी, ब्लड प्रेशर, सिर दर्द, माइग्रेन, हर्निया से पीडित लोगों को इस योगासन को न करने की सलाह दी। मधानी आसन को नियमित करने से कमर की साइड की और पेट की चर्बी कम होती है शरीर में लचक आती है। कमर और पीठ के दर्द में राहत मिलती है। कक्षा में योग शिक्षक निधि गुप्ता और एनफ चौधरी मौजूद रहे।

## सीजेएम ने किया श्रद्धानंद अनाथ आश्रम का औचक निरीक्षण

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**मुख्य** न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव सुश्री जसबीर ने शुक्रवार को श्रद्धानंद अनाथ आश्रम का दौरा किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सीजेएम ने वहां रह रहे सभी बच्चों से बातें की और उनको आ रही परेशानियों के बारे में पूछा। इस पर बच्चों ने बताया कि हमें यहां पर किसी भी तरह की कोई परेशानी नहीं आ रही है।

इसके बाद सुश्री जसबीर ने श्रद्धानंद अनाथ आश्रम



के रसोई घर में जाकर खाने की गुणवत्ता को जाकर परखा एवं आज के भोजन को लेकर बच्चों से बात की। उन्होंने प्रत्येक बच्चे के कक्ष में जाकर उनको प्रदान की जाने वाली सुविधाएं जैसे उचित लाइट प्रबंध एवं साफ सफाई का जायजा लिया।

## मशरूम कंपोस्ट यूनिट लगाने पर दिया जा रहा है 40 प्रतिशत का अनुदान: डा. मदन लाल

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिला बागवानी** अधिकारी डॉ. मदन लाल ने बताया कि प्रदेश में किसानों की आय बढाने व उन्हें पारंपरिक खेती से बागवानी की लाभकारी फसलों के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न फसलों पर विशेष अनुदान दिया जा रहा है। इसी क्रम में प्रदेश के किसानों को जिलावार मशरूम कंपोस्ट यूनिट लगाने पर 40 प्रतिशत का अनुदान दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मशरूम के गुणकारी लाभों के चलते बाजार में इसकी मांग में निरंतर बढोतरी हो रही है।

## मारपीट करके छीना झपटी करने वाले चार आरोपी काबू



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**सीआईए** वन की टीम द्वारा चार ऐसे आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है, जिन्होने 28 दिसम्बर 2022 को थाना शहर के एरिया मीरा घाटी चौक के पास रात के समय एक व्यक्ति के साथ मारपीट करके उससे छीना झपटी की वारदात को अंजाम दिया था।
इस संबंध में सीआईए वन की टीम द्वारा चार आरोपियों जितेन्द्र कुमार उर्फ दीपक पुत्र धनंजय परधार, सुशील कुमार पुत्र पन्नालाल विश्वास, सूरज कुमार पुत्र रामनाथ विश्वास वासियान गांव गेरिया जिला कटिहार बिहार व महेश कुमार पत्रु गिरधारी दास गांव दंडखोरा जिला कटिहार बिहार हाल किराएदार करनाल को विश्वसनीय सूचना पर सेक्टर-12 करनाल से गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से वारदात में छीना गया मोबाइल फोन बरामद किया गया है।
आरोपियों से की गई पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी वारदात को अंजाम देने से कुछ दिन पहले ही काम की तलाश में बिहार से करनाल आए थे। आरोपी काम की तलाश में फिर रहे थे, लेकिन आरोपियों को कहीं काम नहीं मिला। जिसके बाद आरोपियों ने एक दिन किसी व्यक्ति के साथ लूटपाट करने की योजना बनाई। पूर्व नियोजित तरीके से आरोपियों ने 28 दिसम्बर 2022 को रात के सयम करीब साढ़े 11 बजे मीरा घाटी चौक पर शिकायतकर्ता इन्द्र कुमार के साथ मारपीट करके उससे उसका मोबाइल फोन व करीब दो हजार रुपए छीनकर मौका से फरार हो गए थे।

इस वारदात के संबंध में शिकायतकर्ता इन्द्र कुमार पुत्र किशोरी दास वासी नवाब छता कलन्दरी गेट करनाल ने 28 दिसम्बर 2022 को थाना शहर में शिकायत देते हुए बताया कि वह उपरोक्त पते पर किराये के मकान में पिछले करीब पांच वर्ष से रह रहा है और जाफरान होटल में काम करता है।

## महिला सशक्तिकरण विषय पर चल रही चार दिवसीय ट्रेनिंग का हुआ समापन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**चौधरी** चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत विस्तार शिक्षा संस्थान नीलोखेड़ी में कृषि एवं संबंध क्षेत्रों में महिला सशक्तिकरण विषय पर चल रही चार दिवसीय ट्रेनिंग का शुक्रवार को समापन हुआ। प्रशिक्षण ईंचार्ज डा. जसविंद्र कौर ने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, बिहार एवं हिमाचल प्रदेश के कृषि एवं बागवानी विभाग



के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। प्रशिक्षण के दौरान हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान के प्रशिक्षण अधिकारी कमलदीप सांगवान ने प्रशिक्षु अधिकारीयों को महिला सशक्तिकरण में स्वयं सहायता समूहों के महत्व पर जानकारी दी। उन्होंने विभिन्न सहायता समूहों के बारे में बात करते हुए समूहों की सफलता के बारे में भी अवगत करवाया। राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान के प्रधान वैज्ञानिक डा. आर पुन्नु स्वामी ने भारतीय कृषि क्षेत्र में महिलाओं की स्थिति के बारे में अवगत करवाया। उन्होंने कृषि क्षेत्र में अपना नाम कमा चुकी भारतीय महिलाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की।

## गुरू हनुमान अखाड़ा लड़सौली में विशाल कुश्ती दंगल 19 को

**गन्नौर: गुरू** हनुमान जी के 123 वे जन्म दिवस के उपलक्ष्य में कल रविवार को लड़सौली गांव में गुरू हनुमान केसरी, महिला गुरु हनुमान केसरी, गुरु हनुमान कुमार, बाल केसरी कुश्ती दंगल व विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी गुरू हनुमान अखाड़ा एवं माता धनकौर देवी स्पोर्टस क्लब के भारत केसरी, भीम अवार्डी पहलवान इस्पैंक्टर नवीन मोर ने दी। मोर ने बताया कि दंगल मिट्टी के अखाड़े में अंतरराष्ट्रीय नियमों अनुसार होगा। उन्होंने बताया कि गुरु हनुमान केसरी पुरुष वजन 85 से ऊपर ओपन में पहला ईनाम 1 लाख 51 हजार व गुर्ज (गदा), दूसरा ईनाम 1 लाख व मेडल, तीसरा ईनाम 51 हजार व मेडल, चौथा ईनाम 31 हजार व मेडल।

## महिला सशक्तिकरण को समर्पित रहा इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का तीसरा दिन

### पीपल आईकॉन अवार्ड से नवाजी गई मेयर रेणू बाला गुप्ता, शांता रंगा, संतोष अत्रेजा, सीमा चौहान, सुमन मंजरी

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**सीएम सिटी** में पहली बार पंडित चिरंजीलाल शर्मा गवर्नमेंट पीजी कॉलेज में इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का तीसरा दिन महिला सशक्तिकरण को समर्पित रहा। सुबह के सत्र में मेयर रेणूबाला गुप्ता, वरिष्ठ अधिवक्ता शांता रंगा, पूर्व बाल कल्याण परिषद अध्यक्षा संतोष अत्रेजा, सीमा चौहान व पूर्व आईजी सुमन मंजरी सहित प्रिंसिपल डा. सरिता सहित कई अन्य महिलाओं को पीपल आईकॉन अवार्ड से नवाजा गया। इन महिलाओं ने अपने अपने क्षेत्र में ना केवल सर्वश्रेष्ठ कार्य किया, बल्कि अपने जीवन में एक मिसाल कायम की।

पीपल आईकॉन अवार्ड से नवाजी गई महिलाओं ने कहा कि इंसान यदि सच्चे मन से कुछ सोच ले तो पूरी कायनात उसकी मदद के लिए आतुर हो जाती है। हर किसी के जीवन में संघर्ष होता है लेकिन संघर्ष के समय में संयम सबसे बड़ा हथियार होता है।
विशेष अतिथि नवचेतना मंच के संयोजक एसपी चौहान ने कहा कि नशे से दूर रहकर और निःस्वार्थ भाव से काम करके इंसान उन बुलंदियों को छू सकता है, जिसके बारे में वह सपने देखता है। युवा यदि कुरीतियों को छोड़ देंगे और पूरे एकाग्र मन से एक दिशा में काम करेंगे तो जीवन में वे जरूर सफल

> **8 इन महिलाओं ने अपने अपने क्षेत्र में ना केवल सर्वश्रेष्ठ कार्य किया, बल्कि अपने जीवन में एक मिसाल कायम की**

होंगे। उन्होंने युवाओं को अपने चिरपिरिचित अंदाज में अश्लीलता, गंदगी से दूर रहकर मां बाप की सच्चे मन से सेवा करने की सलाह दी।
इसके बाद लेखक संदीप साहिल की बॉयोग्राफी संघर्ष को सलाम पर आधारित एसपी चौहान के जीवन पर बनीं फिल्म एसपी चौहान द स्ट्रगलिंग मैन दिखाई गई, जिसे दर्शकों ने खासा सराहा। इसके बाद सांझी फिल्म का भी प्रदर्शन किया गया। वहीं दूसरी ओर देर शाम तक डीडीएलजे फेम अभिनेत्री हिमानी शिवपुरी का पूरा दिन इंतजार होता रहा और वे देर शाम इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में पहुंची, जहां उनका जोरदार तरीके से स्वागत किया गया। बाद में उन्हें मंच पर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवार्ड ऑफ एक्लीलेंस से नवाजा गया। महिला सशक्तिकरण को समर्पित तीसरे दिन जहां फिल्मों में महिलाओं के संघर्ष की बात की गई, वहीं असल जीवन में भी ऐसी महिलाओं से सीख लेने की बात कही गई, जिन्होंने अपने क्षेत्र के साथ साथ घर व कार्यालय की दुनिया में बैलेंस बनाते हुए मुकाम हासिल किए हैं। अभिनेत्री शिखा मल्होत्रा भी पहुंची, जिसके साथ सभी पोज लेते नजर आए। सोशल एक्टीविस्ट गुरविंद्र कौर व सुषमा मक्कड एक्टर व गायक हरबिंद्र कंग, विनोद चाहत स्टूडियो ने भी अन्य कलाकारों के साथ पोज कराए। अभिनेता कृष्ण मलिक व संदीप साहिल भी अलग अंदाज में पोज कराते नजर आए। इस मौके पर जिद, कॉलेज कांड सहित कई वेब सीरिज व शार्ट फिल्मों सहित म्यूजिक वीडियो में काम कर रहे अभिनेता कृष्ण मलिक, निदेशक विशाल काठपाल के साथ नजर आए।

## संपादकीय

# योगी का चरखा दांव

**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार के एक निर्णय से छद्म धर्मनिरपेक्ष दल बेचैन और व्यग्र हैं। चिंता में हैं कि अब उनकी तुष्टिकरण की राजनीति का क्या होगा ? प्रदेश की राजनीति में अभी तक कहा जाता रहा है कि दिवंगत सपा मुखिया मुलायम सिंह यादव चरखा दांव चलते थे। इस बार असली चरखा दांव योगी आदित्यनाथ ने चला है। इसने मुस्लिम तुष्टिकरण और जातिवादी नेताओं को चित कर दिया है। जो लोग रामचरित मानस जैसे दिव्य व पवित्र ग्रंथ की कुछ चौपाइयों का गलत अर्थ निकालकर हिंदू समाज में जातिभेद व विवाद उत्पन्न कर अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने का प्रयास कर रहे थे वो अब सकते में हैं। यह लोग सोच रहे थे कि प्रदेश में भगवा लहर को सनातन धर्म और सनातन संस्कृति के आस्था के केंद्र और धर्मग्रंथों का दुष्प्रचार करके और सामाजिक समरसता का वातावरण दूषित करके रोका जा सकता है। प्रदेश सरकार ने 22 मार्च से 30 मार्च तक दुर्गा मंदिरों और शक्तिपीठों में दुर्गा सप्तशती के पाठ, देवी जागरण व गायन के कार्यक्रम कराने का आदेश तो जारी किया ही है साथ ही अष्टमी और श्रीरामनवमी के दिन अखंड रामायण का पाठ कराने का आदेश भी जारी किया है। नवरात्रि के पावन अवसर पर इन कार्यक्रमों में महिलाओं एवं बालिकाओं सहित जनसहभगिता को बढ़ाने पर बल दिया गया है। इन सभी कार्यक्रमों के अवसर पर मंदिर परिसरों में विकास कार्यों एवं बुनियादी सुविधाओं की होर्डिंग भी लगेंगी। इन आयोजनों को भव्यता प्रदान करने के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति चयनित देवी मंदिरों, शक्तिपीठों में कलाकारों के माध्यम से कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। प्रदेश में पहली बार प्रशासन स्तर पर देवी मंदिरों एवं शक्तिपीठों में ऐसे कार्यक्रम आयोजित होने जा रहे हैं। वर्तमान परिदृश्य में सामाजिक व राजनीतिक दृष्टिकोण से यह आयोजन बहुत ही महत्वपूर्ण हैं, क्यांकि अभी तक प्रदेश में जितनी भी तथाकथित धर्मनिरपेक्ष सरकारें रहीं उनके कार्यकाल में केवल और केवल मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति का विकृत दौर ही देखा गया है। सर्वाधिक आश्चर्य की बात यह है कि सरकार के इस निर्णय का आज वही दल विरोध कर रहे हैं जिनके कार्यकाल में राजभवन व मुख्यमंत्री आवास रोजा इफ्तार का केंद्र बन जाते थे। आज सपा सरकार के इस फैसले का विरोध कर रही है। याद करिये सपा के कार्यकाल में कब्रिस्तानों के निर्माण के लिए 1200 करोड़ रुपये जारी हुए थे। मंदिरों में रामायण पाठ का विरोध वो लोग कर रहे है जिन्होंने या तो भगवान राम को काल्पनिक बता रखा है या रामचरित मानस का अपमान किया है । यह वही लोग हैं जिनके मुखिया दिवंगत मुलायम सिंह यादव ने अयोध्या में निहत्थे राम भक्तों का नरसंहार करवाया था। सरकार के निर्णय का आदेश आने के बाद समाजवादी नेता स्वामी प्रसाद मौर्य ने एक बार फिर जहरीला बयान दिया। मौर्य ने कहा है कि आम जनमानस ने स्वतः रामचरित मानस का पाठ करना बंद कर दिया है तब सकरार अपने धन से मंदिरों में रामायण पाठ कराने जा रही है। स्वामी प्रसाद का यह बयान बहुत ही विकृत व झूठा है। स्वामी प्रसाद ने कहा है-ह्लइस प्रकार का आयोजन महिलाओं, दलितों, पिछड़ों का अपमान हैह्व। यह बहुत ही मूर्खतापूर्ण व राजनीतिक ईर्ष्या वश दिया गया बयान है। तथ्य यह है कि आज प्रदेश की राजनीति में स्वामी प्रसाद जैसे तथाकथित जातिवादी राजनीतिक नेताओं को कोई कोई भाव नहीं दिया जा रहा है।

# सौ दवा एक हवा, सौ हवा एक मुस्कान !

**सुनील कुमार महला**

> "हंसना या प्रसन्न रहना परमात्मा प्रदत रामबाण औषधि है जो सभी रोगों,परेशानियों का पुख्ता इलाज है। एक बहुत ही प्रसिद्ध कहावत है कि ह्यईश्वर उनकी सहायता करते हैं जो स्वयं अपनी सहायता करते हैं,ह्व अत: लक्ष्य-प्राप्ति के मार्ग में आयी असफलताओं, कष्टों, परेशानियों, झंझावातों से भयभीत होकर हम कभी भी अपना प्रयास करना न छोड़ें। प्रसन्नता से अपने प्रयासों, कोशिशों में अवश्य लगे रहें। सीढ़ी के ऊंचे वाले पायदान को तभी पाया जा सकता है जब हम सीढ़ी के निचले हिस्से से एक एक पायदान को चढ़ना शुरू करें। ध्यान रखिए कि छोटे-छोटे कदम रखकर ही एक लंबी यात्रा की जा सकती है"

२20 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय प्रसन्नता दिवस के रूप में मनाया जाता है। प्रसन्नता का मतलब है-खुशी, आनंद, हर्ष, प्रफुल्लता। आज जीवन में हर तरफ आदमी को तनाव, अवसाद ने घेर रखा है, मनुष्य का मनोबल अच्छा नहीं रहता। मनुष्य नकारात्मकता वातावरण के बीच आपाधापी और दौड़-धूप भरा जीवन जी रहा है। आज आदमी के पास हरेक चीज उपलब्ध है लेकिन खुशी नहीं है। खुशी है तो शांति है।एक कहावत है ह्यसौ दवा एक हवा, सौ हवा एक मुस्कानह्व। जैसे मुस्कुराता फूल सबका मन मोह लेता है उसी प्रकार हंसता चेहरा सबका प्यारा होता है। इसलिए जीवन में व्यक्ति को हमेशा प्रसन्न रहने का प्रयास करना चाहिए। वास्तव में, हर संभव स्थिति में शांत व संयमित रहना ही खुशी और संतुष्टि की कुंजी है। कठिन परिस्थितियों में भी शांति, संयम व समझदारी से व विवेक से काम लेने पर आदमी को अवश्य ही सफलता मिलती है। हमें दूसरों के प्रति हमेशा अच्छा, दयालु व मददगार होना चाहिए, क्यों कि मदद से हमें आंतरिक खुशी मिलती है, प्रसन्नता मिलती है।और हमें जीवन में आत्मविश्वास व बेहतर महसूस होता है। प्रसन्नता आदमी में सकारात्मकता का निर्माण करती है, उसका आत्मविश्वास बढ़ाती है, जीवन में नयी राहें दिखाती है।प्रसन्न रहने वाले व्यक्ति का मनोबल हमेशा अच्छा रहता है। वह छोटी छोटी परेशानियों, कष्टों से कभी दुखी नहीं होता। प्रसन्नता से व्यक्ति में जिजिविषा की भावना में इजाफा होता है। प्रसन्नता कभी बनावटी नहीं हो सकती, वह दिल,आत्मा के अंदरूनी कोनों से स्वतः ही उठती है।हंसी बनावटी हो सकती लेकिन प्रसन्नता नहीं।वास्तव में, प्रसन्नता ईश्वरीय वरदान है। याद रखिए जिनके भी मुखमण्डल पर सदैव प्रसन्नता विराजमान रहती है, जो अपने जीवन में शान्त, सन्तुष्ट और प्रसन्नचित्त रहते हैं, वही जीवन को सही तरीके से जीते हैं। तभी शायद संस्कृत में बड़े ही सुंदर शब्दों में प्रसन्नता के बारे में यह कहा गया है कि-'वदनम् प्रसाद सदनम्, सदयम् हृदयम् सुधमुचो वाचः।करणम् परोपकरणम्, ऐषां तेषानु ते वन्द्या।।' सुख और दुख जीवन की छांव है। सुख के बाद दुख और दुख के बाद सुख आता रहता है, यह सृष्टि का क्रम है। इसलिए आदमी को यह चाहिए कि वह अपने जीवन में विषम परिस्थितियों के बीच भी प्रसन्नता से भरपूर रहने का प्रयास करे, क्योंकि कहते हैं कि



जिन व्यक्तियों के मुख-मंडल पर मधुर-मुस्कान सदैव तैरती रहती है, ईश्वर भी उनका हमेशा साथ देते हैं। मुस्कुराहट इस ब्रह्मांड में एक सकारात्मक ऊर्जा को घोलती है और वही ऊर्जा परिवर्तित होकर हमें ब्रह्मांड से पुनः मिलती है। वास्तव में वे लोग इस जहान में वन्दनीय, धन्य और पूज्यनीय हैं, जो विकट परिस्थितियों का सामना भी मुस्कुराकर करते हैं। वास्तव में प्रसन्नता कल्याण है। हमारे धर्म-शास्त्रों में बताया गया है कि हमें जीवों को चोट पहुँचाने से बचना चाहिए, दूसरों का धन हरण करने की इच्छा नहीं रखनी चाहिए, हमेशा सत्य बोलना चाहिए, समयानुसार श्रद्धा से दान करना चाहिए, पराई स्त्री की चर्चा करने और सुनाने से दूर रहना चाहिए, अपनी इच्छाओं को अपने वश में करना चाहिए, गुरुजनों का आदर-सत्कार करना चाहिए और सब जीवों पर दया करनी चाहिए, क्यों कि ये सब ही मनुष्य जीवन के कल्याण तथा उसकी प्रसन्नता के असली मार्ग हैं। संस्कृत में कहा गया है कि-'प्राणाघातान्निवृत्तिः परधनहरणे संयमः सत्यवाक्यं,काले शक्त्या प्रदानं युवतिजनकथामूकभावः परेषाम् ।तृष्णास्त्रोतोविभङ्गो गुरुषु च विनयः सर्वभूतानुकम्पा, सामान्यः सर्वशास्त्रेष्वनुपहतविधिः श्रेयसामेष पन्थाः ॥' बहरहाल, जानकारी देना चाहूंगा कि अंतर्राष्ट्रीय प्रसन्नता दिवस को संयुक्त राष्ट्र द्वारा वर्ष 2013 से मनाना शुरू किया गया था, और प्रस्ताव 12 जुलाई 2012 को पारित किया गया था। संकल्प की शुरूआत भूटान ने की थी जिसने राष्ट्रीय खुशी के महत्व पर प्रकाश डाला।वास्तव में, भूटान को 66वीं महासभा में सकल राष्ट्रीय उत्पाद(जीडीपी)पर सकल राष्ट्रीय खुशी के लक्ष्य को अपनाने के लिए जाना जाता है। यहाँ बताता चलूँ कि इंटरनेशनल हैप्पीनेस डे ईयर-2022 की थीम -'शांत रहो, समझदार रहो और दयालु रहो' रखी गई थी। प्रसन्नता तो मनुष्य जीवन के लिए संजीवनी है जो हमारे जीवन को सुखमय व अच्छा, सुंदर बनाती है। इसलिए हम जीवन में जो भी काम करें,उसमें हमेशा प्रसन्नता या खुशी ढूढ़ने का प्रयास करें। प्रसन्न लोग कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी कभी डगमगाते नहीं हैं हैं और वे देर-सबेर अपने लक्ष्य अवश्य पा लेते हैं। प्रसन्नता दुनिया का सर्वश्रेष्ठ रसायन है, जो व्यक्ति को स्फूर्ति, ताजगी, उल्लास की सकारात्मकता से सरोबार कर देता है। जो व्यक्ति इस सकारात्मक रसायन का निरंतर सेवन करता है, वह जीवन में आने वाली सभी प्रकार की बाधाओं,समस्याओं, कष्टों को सहज ही पार कर लेता है। प्रसन्नता आशावाद का संचार करती है। प्रसन्नता हमें रोगों से मुक्ति दिलाती है। प्रसन्नता से हमारे शरीर में नई शक्ति,नई ऊर्जा का संचार होता है। प्रसन्नचिज व्यक्ति हमेशा तरोताजा व जोश व उत्साह, उमंग से परिपूर्ण रहता है। हंसने से आयु बढ़ती है, व्यक्ति की कार्यशक्ति बढ़ती है। हंसना या प्रसन्न रहना परमात्मा प्रदत रामबाण औषधि है जो सभी रोगों,परेशानियों का पुख्ता इलाज है। एक बहुत ही प्रसिद्ध कहावत है कि ह्यईश्वर उनकी सहायता करते हैं जो स्वयं अपनी सहायता करते हैं,ह्व अतः लक्ष्य-प्राप्ति के मार्ग में आयी असफलताओं, कष्टों, परेशानियों, झंझावातों से भयभीत होकर हम कभी भी अपना प्रयास करना न छोड़ें। प्रसन्नता से अपने प्रयासों, कोशिशों में अवश्य लगे रहें। सीढ़ी के ऊंचे वाले पायदान को तभी पाया जा सकता है जब हम सीढ़ी के निचले हिस्से से एक एक पायदान को चढ़ना शुरू करें। ध्यान रखिए कि छोटे-छोटे कदम रखकर ही एक लंबी यात्रा की जा सकती है। धीरे-धीरे प्रयास करते हुए साधारण मानव भी विशाल पर्वतों के शिखर पर आसानी और सहजता से पहुंच जाते हैं। हर रात के बाद सवेरा आता ही है और यह भी सत्य है कि रात जितनी काली और भयावह होगी, सुबह उतनी ही प्रकाशमान तथा सुहानी होगी। हमें काली रात में भी प्रसन्न रहना सीखना है और सुहानी सुबह में भी। कठिनतम स्थितियों में संतुलित रहना ही तो जीवन है। सोचने के दो पहलू हैं-सकारात्मक और नकारात्मक। सोच में सकारात्मकता जितनी अधिक एवं गहरी होगी, उपलब्धियां एवं सफलताओं को प्राप्त करना उतना ही आसान होगा। नकारात्मकता असफलता व अप्रसन्नता को ही जन्म देती है। जीवन में खुश रहने के लिए हमें सुनना ज्यादा तथा बोलना कम चाहिए। हम अपने समय का हमेशा सदुपयोग करें, समय का सम्मान करें। समय को खजाना मानें। हम भूत व भविष्य की चिंताएं न करें, बल्कि अपने वर्तमान का ध्यान रखें, वर्तमान में जीएं। हर परिस्थिति में संतुष्ट रहें, अपने से बड़ों को नहीं अपने से छोटों(हैसियत, रूतबे) को देखकर जीएं। जो कुछ भी हमारे पास है, उसके लिए हम ईश्वर को शुक्रिया कहें,क्यों कि दुनिया में जो कुछ हमारे पास है, वह भी दुनिया के बहुत से लोगों के पास नहीं है। हम अपने स्वास्थ्य की ओर ध्यान दें,परिवार और मित्रों,समाज, देश को महत्व दें। परमात्मा से दोस्ती और उसकी कृपा को हम हमेशा अनुभव करें। सरल,सादा जीवन जीएं, उच्च विचार रखें। किसी का भी बुरा न चाहें और न ही सोचें। आपसी सहयोग, तालमेल, बंधुत्व की भावना रखें।इस समय पूरी दुनिया में रूस और यूक्रेन के बीच में हो रहे युद्ध के कारण दुनिया चिंता में,अवसाद में है कि आगे क्या होगा और क्या नहीं लेकिन हमें हमेशा पॉजिटिव(सकारात्मक) सोचना चाहिए और इस दुनिया की तरक्की के लिए आगे आना चाहिए और युद्ध की निंदा की जानी चाहिए, क्योंकि युद्ध कभी भी किसी समस्या का स्थाई समाधान नहीं हो सकता है। युद्ध तो करूणा का अंत है।

## कविता

### माँ का आंचल

माँ! ममतामय आंचल में  
फिर से मुझे छुपा लो  
बहुत डर लगता है मुझे  
दुनिया के घने अंधकार में।  
माँ! फिर से अपने प्यार भरे  
अहसासों के दीप  
मुझ में आकर जला दो।  
माँ!खो न जाऊ कहीं  
दुनिया की इस भीड़ में  
माँ! फिर से हाथ थाम मेरा  
कदम से कदम मिला  
मुझे चलना सीखा दो।  
माँ!डरा सहमा सा रहता हूं  
मतबलखौर लोगों की भीड़ में  
माँ!अपना ममतामय आंचल  
उड़ा मुझे फिर से अपनी  
प्यार भरी लोरी गा सुला दो।

राजीव डोगरा

## हरियाणा कौशल भर्ती, अध्यापक परेशान,

**-प्रियंका सौरभ**

**जी** हाँ, हरियाणा सरकार की चर्चित योजना हरियाणा कौशल के तहत भर्ती किए गए कर्मचारी बिलकुल नाखुश है. एक तरफ जहां सरकार हरियाणा कौशल के तहत भर्ती को अपनी कामयाबी का सबसे महत्वपूर्ण माइलस्टोन मानती है वही इस निगम के तहत भर्ती किए गए कर्मचारी चाहे किसी भी विभाग में हो आज के दिन तरह-तरह की चुनौतियों से जूझ रहे हैं. हम बात करते हैं हाल ही में हरियाणा के स्कूल शिक्षा विभाग में हरियाणा कौशल के तहत भर्ती किए गए अध्यापकों की और इन अध्यापकों में भी खासकर महिला अध्यापकों की जिनकी समस्याएं आज सबसे ज्यादा है. हाल ही में हरियाणा सरकार ने हजारों की संख्या में हरियाणा कौशल के तहत राज्य के सरकारी स्कूलों में पीजीटी और टीजीटी अध्यापकों की भर्ती की है. सरकार इस भर्ती के लिए अखबारों की सुर्खियों में रही कि हमने योग्यता के आधार पर राज्य के गरीब युवाओं को नौकरी देकर एक अनुपम कार्य किया है. मगर इन अध्यापकों को भर्ती हुए आज चार से पांच महीने होने को है. मगर अभी तक इनके खाते में ?1 भी नहीं आया. वेतन की बात तो दूर इन नए अध्यापकों को घर से सैकड़ों किलोमीटर दूर स्कूल स्टेशन दिए गए. कही-कहीं तो ऐसे स्कूल स्टेशन दिए गए जहां पहुंचना जंगल में रास्ता खोजने से कम नहीं है. यातायात की कमी के चलते अध्यापकों को स्कूल तक पहुंचने में बड़ी मशक्कत करनी पड़ती है. मेरे इस प्रश्न के जवाब में सरकार के नुमाइंदे यह भी कहेंगे कि क्यों ये अध्यापक वहीं रहकर अपनी ड्यूटी क्यों नहीं करते तो जनाब इसका सीधा सा उत्तर है कि 15000 से 20000 की नौकरी करने वाला कोई भी व्यक्ति परिवार सहित इस महंगाई के जमाने में कैसे किराए के घर पर रहेगा और अपने दैनिक कार्यों को इस छोटी सी तनख्वाह से पूरा कर पाएगा. यह काफी सोचनीय विषय है और ये समस्या महिला अध्यापकों के लिए तो सौ गुना बढ़ जाती है. क्योंकि महिलाओं को अपने अलावा अपने बच्चों के साथ-साथ सास-ससुर सहित पूरे परिवार की देखभाल भी करनी होती है. सैकड़ों किलोमीटर दूर स्टेशन देने के कारण ये महिला अध्यापिकाऐं रोजाना सफर नहीं कर सकती और न ही कम तनख्वाह के चलते अपनी ड्यूटी स्टेशन पर अपना नया घर बसा सकती है और आज के दिन तो घर बसे भी कैसे? पिछले तीन महीनों की नौकरी में खाते में ?1 भी नहीं आया है. इतने दिन अपनी जेब से या घरवालों से उधार ही लेकर काम चल रहा है यही नहीं सैंकड़ों किलोमीटर की दूरी तय करने में महिलाओं को काफी शाररिक समस्याओं का सामना भी करना पड़ रहा है जैसे जो महिलाएं इस समय गर्भवती है उनको दोहरे कर्तव्य निभाने पड़ रहे हैं. एक तरफ तो उनको खुद को देखभाल की जरूरत है तो दूसरी तरफ अपनी ड्यूटी की चिंता है.

## विचार

# इंसान ओर हाथी की प्रेम कहानी को आस्कर अवार्ड

**नरेंद्र तिवारी 'पत्रकार'**

**इंसानों** और जानवरों के रिश्ते सदियों पुराने है। ऐसी अनेकों घटनाएं बतालाने के लिए मनुष्य समाज के सामने है, जो बताती है कि जानवरों में भी भावनाए होती है। वें भी संवेदनशील और भावुक होतें है। फिलहाल चर्चा ऑस्कर सम्मान से सम्मानित भारतीय दस्तावेजी फिल्म 'द एलिफेंट व्हिसपर्स 'की है। इस फिल्म को सिनेमा जगत के सबसे बड़े आस्कर पुरुस्कार से सम्मानित किया गया है। इसी मंच से दक्षिण की आरआरआर नामक फिल्म का गाना नाटू-नाटू याने नाचों-नाचों को भी बेस्ट ओरिजनल सांग की कैटेगरी में अवार्ड प्राप्त हुआ है। भारत के लिए यह गौरव के पल है। जब एक साथ दो-दो आस्कर अवार्ड से भारतीय फिल्म जगत गौरवान्वित हो रहा है। देश के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री सहित प्रमुख नेताओं एवं फिल्मी जगत की हस्तियों ने इस अवसर पर निमार्ता निर्देशकों को शुभकामनाएँ दी है। आस्कर के सम्मान का वैश्विक महत्व है। फिल्में मनोरंजन का साधन मात्र नहीं है। यह समाज को संदेश देती है। मानवीय मूल्यों को स्थापित करने, प्रकृति, पर्यावरण और संस्कृति की रक्षा में फिल्मों की महत्वपूर्ण भूमिका है। फिल्म द एलिफेंट व्हिसपर्स हाथी और इंसान के बीच की प्रेम कहानी है। ये कहानी एक आदिवासी जोड़े और हाथी के बच्चो की असल कहानी है। जानवरों ओर इंसानों के भावनात्मक लगाव को बयाँ करती फिल्म द एलिफेंट व्हिसपर्स की कहानी साल 2017 की है। तमिलनाडु के मधुमलाई टाइगर रिजर्व में हाथी का बच्चा अपनी माँ से बिछड़ने के बाद मौत की कगार पर पहुंच गया था। हाथी के बच्चे को जगह-जगह घाव हो गए थे। इन घावों में कीड़े पड़ने लगे थे। उसकी पूंछ को भी कुत्तों ने काट लिया था। वनकर्मियों ने हाथ खड़े कर दिए। वनविभाग के कर्मचारियों को लगा अब घायल हाथी के बच्चे की जान नहीं बचेगी। वनकर्मियों ने जंगल मे रहने वाले बोमन नामक एक आदिवासी को हाथी की देखभाल की जवाबदेही सौप दी। आदिवासी महिला बेल्ली भी बोमन के साथ हाथी की देखभाल में जुट गई। आदिवासी कपल ने इस हाथी को रघु नाम दिया। रघु को नया जीवन मिल गया था। 2019 में बोम्मी नामक हाथी के एक और बच्चे की जवाबदेही भी इस आदिवासी कपल को मिली। फिल्म में हाथी के बच्चों और आदिवासी कपल के मध्य उपजे भावनात्मक संम्बंधों पर 2022 में फोटोग्राफर कार्तिकी गोंजाल्विस ने द एलिफेंट व्हिसपर्स बनाई। जिसे नेटफ्लिक्स पर जारी किया गया। इस फिल्म ने वर्ष 2023 में भारतीय लघु फिल्म की श्रेणी में आस्कर अवार्ड हासिल किया है। फिल्म में हाथी के बच्चे रघु, बोम्मी, आदिवासी कपल बोमन और बेल्ली के मध्य निर्मित रिश्तों की असल कहानी को प्रस्तुत किया गया है। इससे पूर्व भी हाथी और इंसान की निकटता प्रदर्शित करती फिल्मों का निर्माण भारतीय फिल्म जगत में हो चुका है। वर्ष 1971 में सबसे ज्यादा व्यावसायिक सफलता अर्जित करने वाली फिल्म 'हाथी मेरे साथी' भी इंसान और हाथी के भावनात्मक संम्बंधों को प्रदर्शित करती फिल्म है। इस फिल्म के अभिनेता राजेश खन्ना फिल्मी नाम राजू अपने पिता के संग जंगल से गुजरते वक्त कार दुर्घटना में गहरी, घनी खाई में गिर जाता है। जहां तेंदुए के हमले से हाथी राजू को बचाते है। यहीं से हाथी मेरे साथी की कहानी शुरू होती है। अपने हाथीयों और जानवरों से प्रेम के कारण राजू एक चिड़ियाघर शुरू करता है। इसमे वह बाघ, भालू, शेर और अपने हाथियों को रखता है। इन हाथियों में रामू उसके सबसे करीब हैं। राजू की मुलाकात अभिनेत्री तनुजा फिल्मी नाम तनु से होती है। दोनों के मध्य प्यार हो जाता है। प्यार शादी में बदल जाता है। जब उनका बच्चा पैदा होता है। तब तनु अपने को उपेक्षित महसूस करती है। तनु बच्चे को शारारिक नुकसान के भय से राजू को हाथी और परिवार के बीच चयन करने को कहती है। राजू पत्नी और बेटे के स्थान पर अपने जानवर दोस्तों का चयन करता है। अब हाथी रामू दोनों को एक करने की कोशिश करता है तो खलनायक सरवन कुमार के कारण उसे अपना जीवन बलिदान करना पड़ता है। फिल्म में खलनायक द्वारा हाथी रामू की हत्या किए जाने पर फिल्माया गीत भी बहुत संवेदशील और जीव प्रेम का संदेश देने वाला प्रतीत होता है।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# अमेरिका, रूस,चीन के टकराव से वैश्विक शांति को खतरा

**संजीव**

**अमेरिका ने** चीन और ताइवान के संबंधों को लेकर ताइवान का खुलकर साथ देने की बात कही जिससे चीन ने आक्रामक होकर ईसे अपने अंदरूनी मामलों में हस्तक्षेप कहां है और कहा है कि यदि हमारे अंदरूनी मामले में कोई हस्तक्षेप करेगा तो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दूसरी तरफ यूक्रेन को लेकर रूस अब बहुत संवेदनशील और आक्रामक हो गया है' यूक्रेन से रूस ने अब निर्णायक पारी खेलने का मन बना लिया है' इस तरह अमेरिका यूक्रेन तथा ताइवान को साथ देने के चक्कर में रूस और चीन से सीधा-सीधा टकराने के मूड में आ गया है। यह अलग मुद्दा है की सांडो की लड़ाई में खेतों की मेढ़ बरबाद जरूर होती हैं। इन तीनों महा बलियों की लड़ाई में अन्य पड़ोसी देशों की शांती भंग हो सकती है। दूसरी तरफ अमेरिकी प्रशासन पूरी तरह से यूक्रेन का साथ देने की कटिबद्ध है, एवं पूर्वी यूरोप में अमेरिकी राष्ट्रपति एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में रुस पर दबाव डालने के लिए सैन्य बल भेजने की बात कही है' अमेरिकी राष्ट्रपति की प्रेस वार्ता के हवाले अमेरिकी रक्षा मंत्री ने कहा कि रूस ने सीमा के आसपास बड़ी संख्या में सैन्य जमवाड़ा कर चुका है, एवं रूसी बलों को तैनात किया है' जबकि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के पास अन्य सैन्य बल तथा बातचीत के जरिए का विकल्प भी मौजूद है' वर्तमान की परिस्थितियों में यूक्रेन की सीमा पर लगातार तनाव बढ़ता जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने यूक्रेन के राष्ट्रपति से कहा कि रूस फरवरी या मार्च के प्रथम सप्ताह तक बड़ा हमला कर सकता है' व्हाइट हाउस की राष्ट्रीय सुरक्षा प्रवक्ता एमिली होर्न ने बताया की अमेरिकी राष्ट्रपति ने आशंका जताई है कि रूस फरवरी में यूक्रेन पर सैन्य आक्रमण कर सकता है। अमेरिकी रक्षा मंत्री लाएड ऑस्टिन ने कहा कि हमारा मानना है कि यूक्रेन पर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का यह अंतिम फैसला नहीं है, जबकि उनके पास कई विकल्प खुले हुए हैं। यूक्रेन पर हमला करने की निसंदेह रूस के पास संपूर्ण क्षमताएं हैं। अमरीकी प्रशासन राष्ट्रपति रक्षा मंत्री ने पुतिन से यूक्रेन पर तनाव कम करने की अपील भी की है।

## जय हो बहरूपिए बाबा की

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

**यह** जानते हुए कि सभी चीजें महंगी होती जा रही हैं बावजूद इसके उसे सस्ता कहना, बड़े जिगरे का काम है। यह अंधभक्ति की पराकाष्ठा है। मैं इस पराकाष्ठा का मजा लेने का आदी हो गया हूँ। यह मजा बाहर से मुस्कुराने और भीतर से रोने का टू इन वन अहसास देता है। इसलिए जिनमें देशभक्ति नहीं है उन्हें यह मजा नहीं लेना चाहिए। जो महंगे को सस्ता नहीं कह सकते उनके लिए दो रास्ते हैं- देशद्रोही कहलायें या मर जाएँ। अंधभक्त होना एक महान वरदान है। अंधभक्त न हों तो देश कब का बर्बाद हो जाता। उनके होने से ही निर्बाध गति से साँस ले पा रहे हैं। सूर्य का पूर्व से उदित होना, शाम को पश्चिम में अस्त होना यह सब क्या है? क्या यह सत्तर साल पहले हो पा रहा था? नहीं। कभी नहीं। यह सब तो पिछले कुछ वर्षों से हो रहा है। अभी जो राजाबाबू हैं, वे बड़े ही निहायती और अच्छे किस्म के आदमी हैं। अंधभक्तों की नजर से देखें तो उनमें भगवान नजर आते हैं। बहुत बड़े पद पर हैं। भेष बदलने में नंबर वन हैं। पल में रोना और पल में हँसना उनके बाएँ हाथ का खेल है। खुद किसी को कोई चीज दें तो उसे समय की जरूरत कहेंगे और कोई दूसरा दे दे तो उसे रेवड़ी का टैग लगाकर धोबी पछाड़ का मजा चखायेंगे। हमारे यहाँ चुनाव के दिन चल रहे थे। राजाबाबू अपनी आदत के अनुसार भेष बदलकर हमारे यहाँ पहुँच गए। शिक्षा, चिकित्सा, रोजगार, सड़क आदि छोड़कर शेष सभी विषयों पर घंटों बात करने लगे। न जाने किसी अज्ञानी ने बीच में पूछ लिया कि हमारी जरूरतें कब पूरा होंगी तब उन्होंने भगवान का वास्ता देकर भजन-कीर्तन करने के लिए कहा। उस दिन जाकर पता चला कि वे भगवानों को अपनी जेब में लेकर घूमते हैं। जहाँ जिसकी जरूरत होती है वहाँ उसी भगवान को उतार देते हैं। मंदिर जाने पर पंडित, मस्जिद जाने पर मौलवी, गिरजाघर जाने पर पादरी और गुरुद्वारे जाने पर पगड़ी बांधे सबसे बड़े भक्त होने का कीर्तिमान स्थापित करते हैं। लोग नौकरी मांगते तो उन्हें दो करोड़ का खाली कटोरा थमा देते। अन्न माँगते तो 370 थमा देते।

# 'एनसीपीसीआर एक्शन प्लान पर भेजें रिपोर्ट'

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**बाल अ**धिकार संरक्षण राष्ट्रीय आयोग(एनसीपीसीआर) की सदस्य सचिव रूपाली बनर्जी ने बच्चों को नशे से बचाने व उनको जागरूक करने लेकर विडियो कांफ्रेंस के माध्यम से प्रदेश के जिला प्रशासन व जिला बाल संरक्षण कार्यालय के अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि एनसीपीसीआर द्वारा बच्चों में नशे की लत को छुड़ाने व नियंत्रित करने के लिए सभी जिलों को एक्शन प्लान भेजा गया है, जिसपर प्रत्येक जिला कार्यवाही करते हुए तुरंत एनसीपीसीआर को अपनी रिपोर्ट भेजे। विडियों कांफ्रेस में अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी ने बताया कि बच्चों को नशे से दूर रखने के लिए लगातार सभी शिक्षण संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



किए जा रहे है। इसके अलावा उच्च अधिकारियों के द्वारा भी इस विषय को लेकर लगातार संबंधित अधिकारियों की बैठक ली जाती है। उन्होंने कहा कि एनसीपीसीआर द्वारा जो एक्शन प्लान भेजा गया है उसको लेकर जल्द ही सभी संबंधित अधिकारियों से समीक्षा बैठक आयोजित कर अगले एक सप्ताह में जिला द्वारा रिपोर्ट अपके समक्ष भेज दी जाएगी।
अतिरिक्त उपायुक्त ने विडियों कांफ्रेस के पश्चात उपस्थित संबंधित अधिकारियों को संबोधित किया कि बच्चों में नशा करने की प्रवृत्ति समाज के लिए एक गंभीर समस्या है। बच्चे नशे की गिरफ्त में आकर अपने लक्ष्य से भटक रहे हैं। नशा

**8 अधिकारियों को निर्देश दिए कि एनसीपीसीआर द्वारा बच्चों में नशे की लत को छुड़ाने व नियंत्रित करने के लिए सभी जिलों को एक्शन प्लान भेजा गया**

समाज व देश को अंदर ही अंदर खोखला कर रहा है। इस गंभीर समस्या से सभी के समन्वय व सहयोग से निपटा जा सकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी संबंधित विभाग बच्चों में नशे की लत को छुड़ाने के लिए आवश्यक कदम उठाएं।
अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि बच्चे व युवा देश का भविष्य हैं। बच्चों व युवाओं में नशे का प्रचलन समाज व देश के लिए चिंतनीय है। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार ने मादक पदार्थों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इस बारे सर्वे करवाते हुए नशा करने वालों की पहचान करें और उनकी काउंसलिंग करवाएं।
उन्होंने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग सहित अन्य संबंधित विभाग इस बारे प्लान बनाकर आमजन में जागरूकता लाएं ताकि बच्चों को नशे की गिरफ्त से बाहर लाकर अच्छा नागरिक बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को प्रार्थना सभा के दौरान नशे से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी देते हुए जागरूक किया जाए।
इस मौके पर बाल कल्याण समिति की चेयरपर्सन अनीता शर्मा, डीसीपीओ बबीता शर्मा, समाज कल्याण विभाग से लिपिक अरूण कुमार सहित संबंधित सभी अधिकारी मौजूद रहे।

# सार्वजनिक स्थान पर शराब पीकर आम नागरिकों की शान्ति भंग करने के 12 मामले दर्ज

**अम्बाला (मनीष कुमार)**
**थाना पंजोखरा** क्षेत्र गाँव नसरौली से सार्वजनिक स्थान पर शराब पीकर आम नागरिकों की शान्ति भंग करने के मामले में 16 मार्च 2022 को पुलिस ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए आरोपी गुरदास सिहँ निवासी गाँव डैहरी जिला अम्बाला को सार्वजनिक स्थान पर शराब पीकर आम नागरिकों की शान्ति भंग करने के मामले में गिरफ्तार कर थाना पंजोखरा में मामला दर्ज किया। एक अन्य मामले में थाना पंजोखरा क्षेत्र गाँव मंडौर से सार्वजनिक स्थान पर शराब पीकर आम नागरिकों की शान्ति भंग करने के मामले में 16 मार्च 2022 को पुलिस ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए आरोपी मनु निवासी सेठी इन्क्लेव बलदेव नगर अम्बाला शहर को सार्वजनिक स्थान पर शराब पीकर आम नागरिकों की शान्ति भंग करने के मामले में गिरफ्तार कर थाना पंजोखरा में मामला दर्ज किया।
एक अन्य मामले में थाना पंजोखरा क्षेत्र गाँव मंडौर से सार्वजनिक स्थान पर शराब पीकर आम नागरिकों की शान्ति भंग करने के मामले में 16 मार्च 2022 को पुलिस ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए आरोपी संजीव कुमार निवासी गाँव काकरू जड़ौत रोड वर्तमान पता मण्डौर थाना पंजोखरा जिला अम्बाला को सार्वजनिक स्थान पर शराब पीकर आम नागरिकों की शान्ति भंग करने के मामले में गिरफ्तार कर थाना पंजोखरा में मामला दर्ज किया।
एक अन्य मामले में थाना अम्बाला शहर क्षेत्र बिजली बोर्ड के सामने से सार्वजनिक स्थान पर शराब पीकर आम नागरिकों की शान्ति भंग करने के मामले में 16 मार्च 2022 को पुलिस ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए आरोपी अरविन्द कुमार निवासी सुभाष गली अम्बाला शहर जिला अम्बाला को सार्वजनिक स्थान पर शराब पीकर आम नागरिकों की शान्ति भंग करने के मामले में गिरफ्तार कर थाना अम्बाला शहर में मामला दर्ज किया।

# मोटरसाईकिल बेचने के मामले में जाली नम्बर प्लेट तैयार करने वाला गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**अम्बाला** पुलिस द्वारा चोरी/लूट/स्नैचिंग की वारदातों पर अकुंश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान 16 मार्च 2023 को थाना सैक्टर-9 अम्बाला शहर में दर्ज नकली आर0सी0 तैयार कर चोरी की मोटरसाईकिल बेचने के मामले में पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी हरजिन्द्र सिहँ उर्फ हर्ष निवासी गाँव म्यून थाना जुल्कां जिला पटियाला पंजाब को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस मामले में संलिप्त दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। 27 जुलाई 2022 को थाना सैक्टर-9 अम्बाला शहर टी प्यान्ट वाटिका सिटी सैन्टर सैक्टर-10 अम्बाला शहर के पास अपराधों की रोकथाम व अपराधियों की धरपकड़ के लिए पुलिस द्वारा नाकाबंदी की जा रही थी। नाकाबंदी के दौरान वाहनों की चैकिंग करते समय आरोपी अभि निवासी नन्यौला से मोटरसाईकिल बरामद की। पुलिस ने अनुसंधान के दौरान मोटसाईकिल की आर0सी0 की तसदीक कराई तो वह जाली पाई गई। आरोपी अभि नामक लड़के ने बतलाया था कि वह यह मोटरसाईकिल लवप्रीत से खरीद कर लाया है। पुलिस ने मोटरसाईकिल को कब्जे में लेकर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। पुलिस द्वारा भरसक प्रयत्न करने उपरान्त 05 मार्च 2022 को आरोपी लवप्रीत सिहँ उर्फ लवली निवासी गाँव नन्यौला थाना नग्गल जिला अम्बाला व पवन कुमार उर्फ पम्मा निवासी गाँव असमानपुर थाना सदर पटियाला पंजाब को गिरफ्तार किया था।

# पन्ना प्रमुखों का सम्मेलन 9 अप्रैल को आयोजित होगा

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत/**
**सोनीपत** विधान सभा क्षेत्र के पन्ना प्रमुखों का सम्मेलन आगामी 9 अप्रैल को नई सब्जी मण्डी में आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन के माध्यम से 2024 लोकसभा चुनाव अभियान का आगाज होगा। उक्त निर्णय वीरवार सायं महाराजा अग्रसेन भवन में कार्यकत्राओं की बैठक में लिया गया। बैठक में आगामी 19 मार्च को समालखा साधना सेवा केन्द्र में होने वाले शक्ति केन्द्र प्रमुख सम्मेलन की रूपरेखा पर भी चर्चा की गई। बैठक को सम्बोधित करते हुए पूर्व मंत्री एवं प्रदेश उपाध्यक्षा



कविता जैन ने कहा कि विपक्षी दलों के पास संगठन के नाम पर आपसी फूट है जबकि भाजपा नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के अभियान में जुटी हुई है। मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने कहा कि कार्यकत्राओं के बलबूते पर ही आज पार्टी का लगातार विजय अभियान चल रहा है और लोकसीाा चुनाव में पिछले चुनाव से भी ज्यादा सीटें जीतेंगे। उन्होंने कहा कि विपक्षी दल पिटे हुए मोहरों की तरह चोर-चोर मौसेरे भाई की कहावत को चरितार्थ करते हुए इकट्ठा होने का प्रयास कर रहे हैं परन्तु जनता ही इन्हें घास नहीं डाल रही। उन्होंने कहा कि बिच्छुओं की बारात में सभी सरदार वाले हालात हैं और कोई भी एक दूसरे को नेता मानने के लिए तैयार नहीं जबकि भाजपा में एक ही नेता हैं नरेन्द्र मोदी।
बैठक में नवीन मंगला, प्रदीप गौतम, अशोक छाबड़ा, भूपेन्द्र गहलावत, संजय वर्मा, रविन्द्र दिलावर, नीरज अत्रे, मुकेश बत्रा, सुरेन्द्र मदान, हरि प्रकाश सैनी, मुकेश सैनी, लाला मुनिराम, महेश लूथरा, संजीव वलेचा, देवेन्द्र सैनी, अतुल जैन, सुनीता लोहचब, अंजू दहिया, मीनू सैनी, रेखा गर्ग, चरण सिंह जोगी आदि-2 सैंकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## न्यूज फ्लैश

### बदला मौसम का मिजाज बारिश के साथ ओलावृष्टि से किसानों की चिंता बढ़ी

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा/नारनौल।** हरियाणा में मौसम का मिजाज बदल गया है। गुरुवार देर शाम जिले के विभिन्न गांवों में ओलावृष्टि ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। पश्चिमी विक्षोभ और निचले स्तर पर हवाओं की अस्थिरता के चलते प्रदेश में बारिश देखने को मिली है। इसके अलावा कुछ क्षेत्रों में भी बारिश की गतिविधियां दर्ज की गई हैं। नारनौल में भी गुरुवार हल्की से मध्यम बारिश देखने को मिली। इस दौरान नांगल चौधरी क्षेत्र के गांव रावता की ढाणी में ओलावृष्टि हुई। ओलावृष्टि होने से किसानों की चिंता बढ़ गई है, क्योंकि वर्तमान में किसानों अपनी सरसों की फसल की कटाई कर रहे हैं जबकि अनेक किसानों ने सरसों की फसल की कटाई करके खेत में एकत्रित की हुई है। इससे फसलों में नुकसान की आशंका बढ़ गई है। वहीं नारनौल में हल्की बूंदाबांदी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ ही समय में रोहतक के क्षेत्रों में बारिश का फैलाव होगा, इसके अलावा रेवाड़ी, जींद, झज्जर बहादुरगढ़, सोनीपत व पानीपत जिलों में भी बारिश की संभावना है।
**मौसम विभाग ने जारी की पांच दिन की चेतावनी:** हरियाणा में मौसम विभाग ने पांच दिन के मौसम की चेतावनी जारी की है। इस दौरान प्रदेश भर में गरज चमक के साथ बारिश व ओलावृष्टि होने की आशंका है। ओलावृष्टि ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है।

### ट्राले ने टेंपो को मारी टक्कर, दो की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/नारनौल**
**बीती** सांय क्षेत्र के मांदी गांव स्थित पेट्रोल पंप के पास ट्राले के दूध के टेंपो में टक्कर मार दी, जिसमें दो लोग बुरी तरह घायल हो गए। टक्कर के बाद दोनों गाड़ी आपस में फंस गईं। आसपास के लोगों ने कटर की सहायता से गाड़ी काटकर उनको बाहर निकाला। दोनों को सिविल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनको मृत घोषित कर दिया।
पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर शव गृह में भिजवा दिया है। शवों का शुक्रवार को पोस्टमार्टम होगा। जानकारी के अनुसार गांव भुंगारका निवासी ब्रह्मदत और बलजीत वीरवार रात लगभग 8 बजे दूध का टेंपो लेकर नारनौल की तरफ आ रहे थे। मांदी गांव के पेट्रोल पंप के पास पहुंचे तो ट्राले ने उनके वाहन को टक्कर मार दी। यही नहीं एक अन्य वाहन को भी टक्कर मारते हुए पंप तक ले गया। हादसे में टेंपो सवार ब्रह्मदत और बलजीत घायल हो गए। उन्हें अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना को अंजाम देकर ट्राला चालक फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।
राष्ट्रीय स्तरीय ऑनलाईन निबंध लेखन प्रतियोगिता में सीआर शिक्षण महाविद्यालय हिसार की मनुस्मृति रही अव्वल

### जीवीएम गर्ल्ज कालेज के स्नातकीय वाणिज्य विभाग के तत्वावधान में हुआ सफल आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
जीवीएम गर्ल्ज कालेज के स्नातकीय वाणिज्य विभाग के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की ऑनलाईन निबंध लेखन प्रतियोगिता में सीआर शिक्षण महाविद्यालय हिसार की मनुस्मृति अव्वल रही, जिन्हें 750 रुपये के नगद पुरस्कार से नवाजा गया। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. रेनू भाटिया ने विजेताओं को बधाई देते हुए हर प्रकार की प्रतियोगिताओं में नियमित रूप से हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। जीवीएम के वाणिज्य विभाग की प्राध्यापिका डा. पूजा गुलाटी ने बताया कि ऑनलाईन राष्ट्रीय निबंध लेखन प्रतियोगिता में बड़े स्तर पर विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के लिए विभिन्न विषय प्रदान किये गये, जिनमें - ग्रोइंग रोल ऑफ मिडल क्लास इन इंडियन इकॉनमी, बैंक फ्रॉडः कंट्रोलिंग आस्पेक्ट्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसःबून ओर बेन, आउट ऑफ बॉक्स मोटिवेशनल स्ट्रेटजिज, इंडियन कैपिटलिज्मः चेंजिंग डायमेंसन्ज और एंटरप्रिन्योरशिपःजेंडर विषय शामिल रहे। निबंध लेखन प्रतियोगिता में मनुस्मृति ने प्रथम तथा इंदिरा गांधी महिला महाविद्यालय कैथल की किरण व आईबी कालेज पानीपत की चाहत राठी ने संयुक्त रूप से द्वितीय और हिंदू कन्या महाविद्यालय जींद की स्मृति ने तृतीय स्थान हासिल किया। विजेताओं को क्रमशः 750 रुपये, 500 रुपये और 350 रुपये के नगद पुरस्कारों से सुशोभित किया गया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल की भूमिका का निर्वहन प्राध्यापिका डा. सीमा गर्ग व डा. रूपा राठी और डा. सीमा मलिक ने किया।

# अनुसंधान से मिलती है शिक्षण संस्थान की ख्याति: विभागाध्यक्ष प्रो.सांगवान

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**एफडीपी के** कोर्डिनेटर व कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के विभागाध्यक्ष प्रो.सुखदीप सिंह सांगवान ने कहा कि देश के विकास में शिक्षण संस्थाओं का अहम योगदान होता है। शिक्षण संस्थान में हो रहे अनुसंधान से ही ख्याति प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि शोध को समाज की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर करना चाहिए। दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल में कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग विभाग द्वारा दो सप्ताह का फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का



आयोजन किया जा रहा है। एफडीपी में पांच राज्यों से 50 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। एक सप्ताह तक एफडीपी ऑनलाइन मोड में चला था। कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के विभागाध्यक्ष व एफडीपी के कोर्डिनेटर प्रो.सांगवान ने प्रोफेशनल एथिक्स पर बोलते हुए कहा कि किसी भी संस्था या उद्योग की पहचान वहां काम करने वाले कर्मचारियों से बनती है।किसी कॉलेज या विश्वविद्यालय की पहचान उनके छात्रों, अध्यापकों और उनके द्वारा किये जाने वाले अनुसंधान से होती है।

# गरीब अन्न कल्याण योजना का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचे: ललित बत्रा

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**पूर्व** वाइस चेयरमैन व प्रधानमंत्री गरीब अन्न कल्याण योजना के लोकसभा प्रभारी ललित बत्रा ने अपना पदभार ग्रहण करते ही आज शुक्रवार को खाद्य आपूर्ति विभाग सोनीपत के अधिकारियों की मीटिंग ली। ललित बत्रा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री गरीब अन्न कल्याण योजना का पूरा लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुँचे इस बात को अधिकारी सुनिश्चित करें।
उन्होंने कहा कि सभी अधिकारियों को इस बात की जानकारी है कि इस योजना के माध्यम से 35 किलो राशन के साथ दाल, चीनी,



तेल और नमक प्रदान किया जाता है।
उन्होंने कहा कि यह सरकार की अति महत्वपूर्ण योजना है जिसके तहत देश के गरीब नागरिकों को राशन प्रदान किया गया है, इस योजना को सरकार ने अब दिसंबर 2023 तक बढ़ा दिया गया है।बत्रा ने कहा कि इस योजना के माध्यम से देश के 80 करोड़ गरीब नागरिकों को हर महीने 5 किलो गेहूं या चावल बिल्कुल मुफ्त प्रदान किए गए हैं। भाजपा नेता ललित बत्रा ने अधिकारियों को चेताया कि हमारे हरमन प्यारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का विशेष आदेश है कि इस योजना का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक हर कीमत पर पहुंचना चाहिए। इसलिए किसी भी अधिकारी या कर्मचारी की किसी भी प्रकार की कोताही को सरकार बिलकुल बर्दाश्त नहीं करेगी।

# जुआ/सट्टा के दौरान 12 मामलों में 13 आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**जुआरियों/सट्टा** खेलने वालों के खिलाफ जुआ अधिनियम 1967 के अर्न्तगत चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान थाना पड़ाव क्षेत्र सब्जी मण्डी लालकुर्ती बाजार अम्बाला छावनी से सार्वजनिक स्थान पर सट्टा/जुआ खेलने के मामले में 16 मार्च 2023 को पुलिस ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए आरोपी विनय कुमार निवासी खोजकीपुर अम्बाला वर्तमान पता नजदीक परशु राम मन्दिर न्यू प्रीत नगर थाना महेशनगर को सार्वजनिक स्थान पर सट्टा खेलते हुए गिरफ्तार कर 1210/-रुपए बरामद कर थाना पड़ाव में मामला दर्ज किया। एक अन्य मामले में थाना पड़ाव क्षेत्र गावँ मच्छौण्डा रेलवे फाटक के पास से सार्वजनिक स्थान पर सट्टा/जुआ खेलने के मामले में 16 मार्च 2023 को पुलिस ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए आरोपी मोनू निवासी रेलवे कालोनी थाना पड़ाव को सार्वजनिक स्थान पर सट्टा खेलते हुए गिरफ्तार कर 1170/-रुपए बरामद कर थाना पड़ाव में मामला दर्ज किया। एक अन्य मामले में थाना पड़ाव क्षेत्र बस स्टैण्ड अम्बाला छावनी के पास विशाल होटल के सामने पुल के नीचे सार्वजनिक स्थान पर सट्टा/जुआ खेलने के मामले में 16 मार्च 2023 को पुलिस ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए आरोपी रितीक निवासी रेलवे कालोनी थाना पड़ाव को सार्वजनिक स्थान पर सट्टा खेलते हुए गिरफ्तार कर 1820/-रुपए बरामद कर थाना पड़ाव में मामला दर्ज किया।
एक अन्य मामले में थाना मुलाना क्षेत्र मुलाना से सार्वजनिक स्थान पर सट्टा/जुआ खेलने के मामले में 16 मार्च 2023 को पुलिस ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए आरोपी रोहित कुमार निवासी गावँ सिरसगढ थाना मुलाना को सार्वजनिक स्थान पर सट्टा खेलते हुए गिरफ्तार कर 1020/-रुपए बरामद कर थाना मुलाना में मामला दर्ज किया।

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**अंबाला**
**(मनीष)**
**मो. नं.: 9896772006**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**पानीपत**
**(बिजेंद्र सिंह)**
**मो. नं.: 9466035040**

# प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**आजादी** का अमृत महोत्सव की श्रृंखला में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के अधीनस्थ कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा प्राकृतिक खेती के प्रति किसानों को जागरूक व प्रेरित करने के लिए गांव हलालपुर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ्द समन्वयक डॉ0 विवेक सिंह ने बताया कि प्राकृतिक खेती प्राकृतिक संसाधनों के सरंक्षण पर आधारित होती है और जहर मुक्त खेती करना वर्तमान समय की मांग है। इसलिए सभी किसान प्राकृतिक खेती कर-के अधिक मुनाफा कमा सकते है।



प्राकृतिक खेती करने से किसानों को तो फायदा होगा ही उसके साथ-साथ लोगों के स्वास्थ्य को भी फायदा होगा। इस दौरान कीट विशेषज्ञ डॉ0 दिलबाग सिंह ने बताया कि आधुनिक कृषि के साथ-साथ प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देकर मृदा स्वास्थ्य व पर्यावरण में संतुलन बनाए रखने की पहल करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती में उपयोग होने बीजों व दवाइयों को किस प्रकार प्राकृतिक तरीके से तैयार करना है उसके बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में डॉ0 जितेन्द्र बामल ने कृषि वानिकी का प्राकृतिक खेती में योगदान के बारे में बताया कि स्वस्थ धरा से खेत हरा का संकल्प सिर्फ प्राकृतिक खेती से ही सिद्ध हो सकता है। इसलिए किसान प्राकृतिक खेती की और कदम बढाएं। इस अवसर पर डॉ० कुलदीप सिंह ने किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि किसान कभी भी अपने फसल अवशेषों में आग न लगाएं क्योंकि इससे हमारी मिट्टद्दी की उर्वरा शक्ति नष्टद्द हो जाती है। इसके अलावा डॉ० परमिन्द्र मलिक ने किसानों को प्रकृतिक तरीके से दलहन फसलों के बारे में जानकारी दी।

# फिजिक्सवाला एवं उत्कर्ष क्लासेस के संयुक्त तत्वावधान में विद्यापीठ जोधपुर सेंटर का शुभारम्भ

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
**देश की** दो अग्रणी शैक्षणिक संस्थाओं फिजिक्सवाला (पी डब्ल्यू) व उत्कर्ष क्लासेस, जोधपुर ने हाल ही में जॉइंट वेंचर किया है। इस जॉइंट वेंचर के अंतर्गत जोधपुर में नीट-जेईई की ऑफलाइन तैयारी करवाने हेतु फिजिक्सवाला-विद्यापीठ सेण्टर गुरुवार 16 मार्च से प्रारम्भ हो रहा है। उत्कर्ष क्लासेस के फाउंडर व सीईओ डॉ. निर्मल गहलोत ने बताया कि ह्लआज से उत्कर्ष अपने नीट-जेईई की ऑफलाइन की तैयारी करवाने वाली कैटेगरी को फिजिक्सवाला विद्यापीठ सेण्टर के साथ आगे बढ़ाने जा रहा है। इसके तहत अब से फिजिक्सवाला-विद्यापीठ जोधपुर सेंटर, उत्कर्ष क्लासेस द्वारा संचालित किया जाएगा। डॉ. गहलोत ने बताया कि यह निर्णय विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए उन्हें नाममात्र के शुल्क में गुणवत्तामूलक शिक्षा प्रदान करने हेतु लिया गया है जिसका मुख्य उद्देश्य मेडिकल एवं इंजीनियरिंग की प्रवेश परीक्षा की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों को अनुभवी एवं श्रेष्ठ अध्यापकों के साथ तकनीकी युक्त हाइब्रिड एजुकेशन सम्मिलित रूप से प्रदान करना है। इससे दोनों संस्थाओं की क्षमताएँ एक साथ विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में मील का पत्थर साबित होगी। उत्कर्ष की टीम फिजिक्सवाला के तकनीकीयुक्त एजुकेशन सिस्टम के साथ काम करने को लेकर काफी उत्साहित है।

# अब तक 13974 भारी वाहनों के किए गए चालान

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**पुलिस** अधीक्षक अम्बाला श्री जशनदीप सिहँ रंधावा द्वारा 25 अप्रैल 2022 को सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने, वाहनों के सुचारू-रूप से आवागमन हेतू भारी वाहन व गति प्रतिबन्धित (निर्धारित गति सीमा) वाहन के लिए लेन ड्राईविंग (बाँई लेन) निर्धारित करने व बाँई लेन में चलने हेतू वाहन चालकों को जागरूक कर आवश्यक कार्यवाही करने हेतू पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों की गोष्ठी बुलाई गई थी। गोष्ठी में उपस्थित पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देश दिए थे कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यातायात के



नियमों की पालना द्दढ़ता से करवाई जाए। मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा व बाँई लेन में ना चलकर नियमों की उल्लघंना करने पर आज 17 मार्च 2023 को 133 भारी वाहनों के चालान किए और अब तक बीते 314 दिनों में 13974 भारी वाहनों के चालान किए जा चुके हैं।
पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने उप-पुलिस अधीक्षक, यातायात अम्बाला व प्रबन्धक थाना यातायात को निर्देश दिए थे कि आप मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 अन्तर्गत सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक भारी वाहन व गति प्रतिबन्धित वाहन अपनी निर्धारित गति सीमा में बाँई लेन में चले जिससे सड़क सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और ओवरटेक करते समय किसी भी वाहन चालक को कठिनाई का सामना ना करना पड़े और सड़क हादसों से बचा जा सके। यदि कोई भी वाहन चालक मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा व बाँई लेन में ना चलकर नियम की उल्लघंना करता है तो उसका चालान किया जाए। पुलिस अधीक्षक अम्बाला के निदेशों की पालना एवम सड़क सुरक्षा सुनिर्श्चित करने के लिए आज दिनांक 17 मार्च 2023 को यातायात पुलिस अम्बाला ने मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा व बाँई लेन में ना चलकर नियमों की उल्लघंना करने पर 133 भारी वाहनों के चालान किए।

# एलजी ने अभिभाषण में गिनाईं सरकार की उपलब्धियां

## दिल्ली का बजट सत्र 2023 शुरू, उपराज्यपाल (एलजी) विनय कुमार सक्सेना ने की केजरीवाल की तारीफ, बीजेपी ने की सीएम को बर्खास्त करने की मांग

**विश्वस्तरीय**

**= एलजी ने कहा कि कई बाधाओं के बावजूद दिल्ली सरकार ने अच्छे काम किए हैं। शिक्षा के क्षेत्र में भी सरकार ने काफी अच्छे काम किए**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/ दीपचंद्र काण्डपाल**

**दिल्ली** विधानसभा का बजट सत्र शुरू हुआ। बजट सत्र की शुरूआत उपराज्यपाल (एलजी) विनय कुमार सक्सेना के अभिभाषण से हुई। अभिभाषण के दौरान एलजी ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सरकार की खूब तारीफ की। हालांकि एलजी के अभिभाषण के दौरान हंगामा कर रहे भारतीय जनता पार्टी के विधायक को सदन से बाहर कर दिया गया। वहीं मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सहित आम आदमी पार्टी के अधिकतर विधायक सदन में मौजूद रहे। विधानसभा में अभिभाषण के दौरान एलजी विनय सक्सेना ने अरविंद केजरीवाल सरकार की जमकर तारीफ की। एलजी ने कहा कि कई बाधाओं के बावजूद दिल्ली सरकार ने अच्छे काम किए हैं। शिक्षा के क्षेत्र में भी सरकार ने काफी अच्छे काम किए। 10वीं और 12वीं के शानदार नतीजे आये। सरकार ने डीबीएसई बोर्ड की स्थापना की। दिल्ली टेक्निकल यूनिवर्सिटी का दूसरे चरण का कार्य पूरा हो गया है। अपने अभिभाषण में एलजी ने कहा कि दिल्ली सरकार ने सामाजिक सुरक्षा और कल्याण, वृद्धावस्था सहायता योजना के तहत 4.08 लाख लोगों को पेंशन दी। एक लाख से ज्यादा लोगों को विशेष आवश्यक पेंशन का भुगतान किया। 3.50 लाख संकटग्रस्त महिलाओं को भी वित्तीय सहायता प्रदान की है। आगे एलजी ने कहा कि दिल्ली में कई अंडरपास, फ्लाईओवर से संबंधित योजना पूरी की गई हैं। पूरी दिल्ली में 1.35 लाख सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। 75वें स्वतंत्रता दिवस पर पूरी दिल्ली में 500 राष्ट्रीय झंडे लगाए गए। सरकारी स्कूल में लगभग 20 हजार कमरे बनाए गए। केजरीवाल सरकार ने 34 किमी. की नई पाइपलाइन बिछाई। वहीं चंद्रावल और वजीराबाद की डब्लूटीपी योजना पूरी होने वाली है। स्वास्थ्य संबंधी चर्चा करते हुए एलजी ने कहा कि दिल्ली में स्वास्थ्य के क्षेत्र में बहुत शानदार काम हुआ है। 38 मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल, 522 मोहल्ला क्लिनिक बनाए गए हैं। नए अस्पतालों में 16 हजार नए बेड जोड़े जाएंगे। दिल्ली में केजरीवाल सरकार सभी को स्वास्थ्य कार्ड प्रदान करेगी। वहीं ऊर्जा क्षेत्र के बारे में बताते हुए एलजी ने कहा कि 200 यूनिट तक फ्री बिजली, 201 से 400 तक यूनिट वालों को सब्सिडी मिल रही है।





### कृषि इकाइयां ग्राम स्तर पर कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम कर रही आयोजित

**कृषि** और पशुपालन के बारे में बताते हुए एलजी ने कहा कि सरकार की कृषि इकाइयां ग्राम स्तर पर कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रही हैं। मिट्टी, बीज और पानी के नमूनों के विश्लेषण के लिए किसानों को विशेषज्ञ सलाह प्रदान की जा रही है। हमारे पास 48 पशु चिकित्सा अस्पतालों और 29 औषधालयों का नेटवर्क है, जिसके माध्यम से पशु चिकित्सा सेवाओं में सुधार किया गया है। उन्होंने कहा कि मोबाइल पशु चिकित्सा इकाइयां भी शुरू की गई हैं। मत्स्य पालन से संबंधित गतिविधियों को पुनर्गठित और विस्तारित किया जा रहा है। दिल्ली को एक सांस्कृतिक पर्यटन स्थल के रूप में बढ़ावा देने के लिए सरकार ने कई नए कदम उठाए हैं। जबकि दिल्ली पर्यटन विभाग ने अपनी वेबसाइट का विस्तार किया है और शहर में पर्यटन संबंधी सभी सूचनाओं के लिए वन स्टेप शॉप देखो मेरी दिल्ली मोबाइल एप भी लॉन्च किया है।

### दिल्ली फिल्म नीति-2022 का शुभारंभ किया गया



एलजी ने कहा कि फिल्मों के माध्यम से दिल्ली की राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रोफाइल को ब्रांड बनाने के लिए दिल्ली फिल्म नीति-2022 का शुभारंभ किया गया है। आम लोगों की सहभागिता के लिए विभिन्न कार्यक्रमों, मेलों और उत्सवों का आयोजन किया गया है। इसमें हर हाथ तिरंगा, बाबा साहेब अम्बेडकर के जीवन पर संगीतमय नाटक, गणेश चतुर्थी, तीज महोत्सव आदि शामिल हैं।

### 'रोज गिराती है पत्ते मेरे...': एलजी ने शायराना अंदाज में दिया जवाब

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के बीच जुबानी जंग की बात कोई नई नहीं है। शुक्रवार को भी ऐसा ही कुछ हुआ। दिल्ली विधानसभा में बजट सत्र का आगाज हुआ। अभिभाषण के बाद एलजी पत्रकारों के बीच थे। एक ओर तो विधानसभा के अंदर उपराज्यपाल ने दिल्ली सरकार की उपलब्धियां गिनाईं और बाहर आकर उन्होंने सीएम केजरीवाल के सामने ही शायराना अंदाज में निशाना साध दिया। इस पर मुख्यमंत्री का भी जवाब आ गया। एलजी ने विधानसभा से निकलते हुए पत्रकारों से बात की। यहां उन्होंने भाषा की मर्यादा पर बात की और कहा, इसमें कोई शक नहीं है कि पिछले कुछ दिनों में बोलने की जो मर्यादा होती है वो टूटी है। आगे उन्होंने शायराना अंदाज में कहा, 'रोज गिराती है पत्ते मेरे, फिर भी हवाओं से टूटते नहीं रिश्ते मेरे।' एलजी का यह शायराना अंदाज देख वहां मौजूद सभी लोग हंस पड़े। इस पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी जवाब दिया। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के बयान पर कहा, मैं समझता हूं यह छोटी बातें हैं। जनतंत्र की इज्जत करनी चाहिए। दो करोड़ लोगों ने अगर किसी सरकार को चुन कर भेजा है तो उस सरकार को काम करने देना चाहिए। उस सरकार को अगर आप काम नहीं करने देंगे, तरह-तरह की अड़चनें लगाएंगे तो यह सही नहीं है। इसके साथ ही उपराज्यपाल के अभिभाषण के दौरान भाजपा विधायकों के हंगामे पर केजरीवाल बोले, यह सही नहीं है, क्योंकि हम लोग देख रहे थे कि नियम के मुताबिक एलजी के भाषण के दौरान डिस्टरबेंस करना एक तरह से मर्यादा के खिलाफ है। एक तरह से सदन की अवमानना है। तो इसके ऊपर अभी एक प्रस्ताव पूरे सदन ने पास किया है कि इस पूरे मामले को उचित कमेटी को भेजा जाएगा।



**मर्यादा टूटी**

**= 'रोज गिराती है पत्ते मेरे, फिर भी हवाओं से टूटते नहीं रिश्ते मेरे।' एलजी का यह शायराना अंदाज देख वहां मौजूद सभी लोग हंस पड़े**

# विधानसभा में केजरीवाल के इस्तीफे की उठी मांग, भाजपा विधायकों ने किया प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** विधानसभा के बजट सत्र की शुरूआत हंगामेदार से हुई। मनी लॉन्ड्रिंग और भ्रष्टाचार के मामले में केजरीवाल सरकार के दो मंत्रियों के जेल में होने के मुद्दे पर भाजपा विधायकों ने विधानसभा में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे की मांग शुरू की। यह मांग उस समय हुई जब उपराज्यपाल वीके सक्सेना बजट सत्र के पहले दिन अभिभाषण देने के लिए पहुंचे थे। हंगामे की वजह से भाजपा विधायकों को सदन से बाहर निकाल दिया गया, तब सभी विधायक विधानसभा परिसर में एकत्रित होकर प्रदर्शन करने लगे। वहीं विधानसभा अध्यक्ष द्वारा बाहर निकाले गए दो भाजपा विधायकों के समर्थन में अन्य सभी विधायक वॉकआउट कर बाहर आ गए। फिर वे परिसर में ही केजरीवाल के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन करने लगे। विधानसभा में नेता विपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी का आरोप है कि जब एलजी अभिभाषण के लिए पहुंचे तब पहले हंगामें की शुरूआत आम आदमी पार्टी के विधायकों ने की। उन्होंने कहा आप नेताओं ने सदन में आते ही भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया। बिधूड़ी ने कहा केजरीवाल सरकार में कितना भ्रष्टाचार हुआ है, यह सब जानते हैं।




सरकार के दो मंत्री जेल में हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री को अपने पद पर बने रहने का कोई औचित्य नहीं है। वहीं भाजपा के विधायक ओम प्रकाश शर्मा ने कहा कि विधानसभा में जिस तरह आम आदमी पार्टी के विधायक विधानसभा अध्यक्ष की मौजूदगी में अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल करते हैं, यह क्या उचित है? मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन जिसे मुख्यमंत्री कट्टर ईमानदार बताते थे, अब वह जेल में हैं। दिल्ली विधानसभा ने सदन की परंपरा के उल्लंघन के रूप में भाजपा विधायकों द्वारा उपराज्यपाल वीके सक्सेना के अभिभाषण को बाधित करने के मामले को आचार समिति के पास भेजने के लिए एक प्रस्ताव पारित किया। प्रस्ताव मंत्री सौरभ भारद्वाज द्वारा सदन में रखा गया था जिसे ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। प्रस्ताव पारित करने के बाद सदन की कार्यवाही को सोमवार तक के लिए स्थगित कर दिया गया। वहीं विधानसभा की कार्यवाही के स्थगित होने के बाद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि उपराज्यपाल के अभिभाषण के दौरान इस तरह का हंगामा गलत है।

## दो अलग-अलग इलाकों में लगी आग

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**गर्मी बढ़ने** के साथ ही दिल्ली में आग लगने की घटनाएं भी तेजी से बढ़ती जा रही हैं। ताजा मामला उत्तरी जिले के कश्मीरी गेट स्थित चाबी गंज चौक का है। यहां चार खोखे में आग लग गई। वहीं बीती देर रात सिरसपुर में गद्दे बनाने की फैक्ट्री में आग लगी थी। दोनों ही घटनाओं में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। फिलहाल पुलिस दोनों मामलों की जांच कर रही है। दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि शुक्रवार दोपहर करीब 1.49 बजे सूचना मिली कि कश्मीरी गेट स्थित चाबी गंज चौक के पास एक दुकान में आग लग गई है।

## हरी झंडी मिलते ही नरेला-रिठाला-बवाना कॉरिडोर पर दौड़ेगी मेट्रोलाइट

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने मेट्रो फेज-4 के नरेला-रिठाला-बवाना कॉरिडोर के लिए 230 करोड़ का फंड जारी कर दिया है। इससे नरेला तक मेट्रो दौड़ाने की राह आसान होगी। इसका सीधा फायदा बाहरी उत्तरी दिल्ली में रहने वाले लाखों लोगो को मिलेगा। इस कॉरिडोर पर मेट्रो सेवाएं शुरू होने से डीडीए के रिहायशी क्षेत्रों के विकास की रफ्तार भी तेज होगी। डीडीए अधिकारियों का कहना है कि कॉरिडोर पर केंद्र सरकार की इजाजत मिलते ही काम शुरू हो जाएगा। दरअसल, मेट्रो फेज-4 के तीन कॉरिडोर पर निर्माण चल रहा है, जबकि इंद्रप्रस्थ-इंद्रलोक (12.37 कि.मी), लाजपत नगर-साकेत जी ब्लॉक (8.38 किमी) व रिठाला-बवाना-नरेला (22.91) के बीच मेट्रो नेटवर्क का विस्तार किया जाना है।




इसके लिए सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। क्षेत्र में यात्रियों की संख्या और जमीन की उपलब्धता सहित दूसरे पहलुओं को देखते हुए मेट्रोलाइट चलाने का प्रस्ताव है। मेट्रोलाइट का परिचालन शुरू होगा तो मुकरबा चौक से आगे जीटी करनाल रोड और आसपास के इलाकों में रहने वालों के लिए दिल्ली के किसी भी कोने में पहुंचना आसान हो जाएगा। मेट्रोलाइट का विकल्प इसलिए चुना गया है, ताकि कम खर्च में यात्रियों की जरूरत के मुताबिक नेटवर्क का विस्तार किया जा सके। यह दिल्ली की पहली मेट्रोलाइट होगी। इस पर खर्च सामान्य मेट्रो की तुलना में करीब 40 फीसदी कम है। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के उपाध्यक्ष सुभाशीष पांडया ने बताया कि इस कॉरिडोर के लिए 230 करोड़ रुपये की फंडिंग की जा चुकी है।

## हरेक मतदाता के लिए अनिवार्य मतदान की मांग खारिज

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** हाईकोर्ट ने संसद और विधानसभा चुनाव में हर मतदाता के लिए अनिवार्य मतदान की मांग वाली याचिका खारिज कर दी। चीफ जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि कोर्ट का काम कानून बनाना नहीं है। कोर्ट ने कहा कि चेन्नई में बैठे किसी व्यक्ति को उसके श्रीनगर स्थित घर पर वोटिंग करने का आदेश नहीं दे सकते। सुनवाई के दौरान जब याचिकाकर्ता और



वकील अश्विनी उपाध्याय ने अपनी याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी तो कोर्ट ने कहा कि जब आपसे तर्क किया जाता है तो आप याचिका वापस लेने की बात करने लग जाते हैं। ऐसी याचिकाओं की बाढ़ आ गई है। याचिका में कहा गया था कि चुनावों में हर मतदाता को वोटिंग करना अनिवार्य बनाने से मतदान करने वाली की संख्या में बढ़ोतरी होने के साथ-साथ राजनीतिक भागीदारी बढ़ेगी और इससे लोकतंत्र की गुणवत्तायुक्त में सुधार होगा। याचिका में कहा गया था कि कम मतदान होना देश की एक समस्या है। अगर वोटिंग को अनिवार्य कर दिया जाए तो इस समस्या से निजात पाया जा सकता है।

## 'डीएमआरसी रिलायंस को बकाया रकम ब्याज समेत चुकाए'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली मेट्रो रेल कारपोरेशन (डीएमआरसी) को एक माह के भीतर रिलायंस को आर्बिट्रेशन अवार्ड के पैसों के भुगतान ब्याज समेत करने का आदेश दिया है। जस्टिस यशवंत वर्मा की बेंच ने कहा कि भुगतान करने के लिए डीएमआरसी केंद्र और दिल्ली सरकार की मदद ले सकता है। कोर्ट ने कहा कि अगर केंद्र और दिल्ली सरकार पैसा देने से डीएमआरसी का अनुरोध ठुकरा देते हैं, तो केंद्र सरकार 10 मार्च, 2022 के बाद से डीएमआरसी से मिला सारा पैसा दो हफ्ते के भीतर उसे वापस कर दे।

इसके बाद डीएमआरसी उतनी ही रकम एस्क्रो अकाउंट में ट्रांसफर कर देगी, जो एयरपोर्ट एक्सप्रेस मेट्रो के पक्ष में तय मध्यस्थता मुआवजा की बकाया रकम के बराबर हो। उक्त निर्देशों का पालन करने में पक्षकारों के नाकाम रहने पर अभी तक के डीएमआरसी के खाते में जमा पैसा, सारे प्रोजेक्ट और अन्य फंड्स की कुर्की कर दी जाए।दरअसल, डीएमआरसी रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर की सब्सिडियरी कंपनी दिल्ली एयरपोर्ट मेट्रो एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड (डीएएमईपीएल) के प्रोजेक्ट ऐसेट्स का उपयोग जुलाई, 2013 से कर रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने 2017 के आर्बिट्रेशन के फैसले को बरकरार रखते हुए 9 सितंबर को डीएमआरसी को रिलायंस इंफ्रा को ब्याज समेत रुपये चुकाने का आदेश दिया था।



**आदेश**

**= बकाया रकम का भुगतान करने में केंद्र और दिल्ली सरकार की मदद ले सकता है डीएमआरसी**

# एनटीआरओ सहित दस परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक होने की आशंका

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**राष्ट्रीय** तकनीकी अनुसंधान संगठन (एनटीआरओ) की परीक्षा के प्रश्नपत्र को लीक करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ होने के साथ ही एक और बड़ा खुलासा हुआ है। द्वारका स्थित जिस पैरामाउंट स्कूल से एनटीआरओ परीक्षा का पेपर लीक हुआ है, उससे 10 से ज्यादा परीक्षाओं के पेपर लीक होने की आशंका है। इस स्कूल में परीक्षाएं कराने की जिम्मेदारी आरोपी अरुणजय की थी। वह लंबे समय से स्कूल का सहायक परीक्षा अधीक्षक बना हुआ था। तीन-चार वर्षों में इस स्कूल में 8 से 10 परीक्षाएं हुई हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि अरुणजय ने सभी के प्रश्नपत्र लीक किए हैं। अपराध शाखा के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बीएसएफ व शिक्षकों की परीक्षाएं यहां हुई हैं। ऐसे में दिल्ली पुलिस ने नाइलेट व स्कूल प्रशासन को पत्र लिखकर पूछा है कि स्कूल में कौन-कौन सी परीक्षाएं हुई हैं और अरुणजय को किस-किस परीक्षा की जिम्मेदारी दी गई थी। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा में तैनात एसीपी रोहताश कुमार व इंस्पेक्टर आशीष शर्मा की टीम ने एनटीआरओ परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक करने वाले आरोपी उत्तम नगर निवासी अरुणजय, लारेंस रोड निवासी अरुण कुमार, महाराणा प्रताप एंक्लेव, स्वर्ण जयंती नगर, अलीगढ़ यूपी निवासी सुभाष चंद, गांव सिहावन पोस्ट-थाना सुरीर, मथुरा निवासी दीपक राघव और बिहार निवासी गोविंद कुमार के रूप में हुई है। अरुण, दीपक राघव व सुभाष चंद परीक्षार्थी हैं। अरुणजय सहायक परीक्षा अधीक्षक था। गिरोह सरगना जींद निवासी दीपक है। उसके पिता दिल्ली पुलिस में सब-इंस्पेक्टर हैं। दीपक गिरोह को कई सालों से चला रहा है। इंस्पेक्टर आशीष शर्मा की टीम दीपक को पकड़ने के लिए हरियाणा व यूपी में दस से ज्यादा दबिश दे चुकी है।




**ऐसे बना सेंटर का परीक्षा अधीक्षक:** राष्ट्रीय तकनीकी अनुसंधान संगठन (एनटीआरओ) ने परीक्षा कराने की जिम्मेदारी सरकारी संस्था नाइलेट को दी थी। नाइलेट ने दिल्ली में स्कूलों में बनाए अलग-अलग परीक्षा सेंटरों की जिम्मेदारी अलग-अलग लोगों को सौंप दी थी।

## ससोदिया का बंगला आतिशी मार्लेना को आवंटित

**नई दिल्ली:** दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के सरकारी आवास को हाल ही में मंत्रिमंडल में शामिल की गई आतिशी मार्लेना को आवंटित कर दिया गया है। इस संबंध में दिल्ली सरकार के लोक निर्माण विभाग ने 14 मार्च को एक आधिकारिक पत्र जारी किया है। इसमें सिसोदिया को मथुरा रोड स्थित सरकारी आवास को 21 मार्च तक खाली करने का समय दिया गया है।

## आईजीआई एयरपोर्ट से ड्रग्स तस्करी में विदेशी महिला गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**इंदिरा** गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा पर तैनात सीआईएसएफ के जवानों ने विदेश जा रही एक महिला के बैग से एम्फेटामाइन ड्रग्स बरामद किया है। आरोपी महिला ने ड्रग्स को तीन लेडीज पर्स व चूड़ी रखने में इस्तेमाल होने वाले सात अलग अलग बाक्स में छिपाकर रखा था। अधिकारियों के मुताबिक महिला के पास से बरामद ड्रग्स की कीमत 4.78 करोड़ रुपये आंकी गई है। महिला को नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के अधिकारियों के हवाले कर दिया गया। सीआइएसएफ के अधिकारी ने बताया कि नौ मार्च को टर्मिनल तीन के चेक इन एरिया में सीआईएसएफ कर्मियों ने एक महिला यात्री की गतिविधियों को संदिग्ध पाया। कर्मी उस महिला संदिग्ध की गतिविधियों पर निगरानी रखी और बाद में उसे हिरासत में ले लिया। छानबीन में पता चला कि महिला यात्री का नाम सईदा अबीदा है। वह कतर एयरवेज के विमान से दोहा जाने के लिए दिल्ली हवाई अड्डा पर आई थी।

**शिकंजा**

**= आरोपी महिला ने ड्रग्स को तीन लेडीज पर्स व चूड़ी रखने में इस्तेमाल होने वाले सात अलग अलग बाक्स में छिपाकर रखा था**

# फर्जी ट्रेनिंग सेंटर से कई बेरोजगारों को ठगा, सरगना समेत तीन गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**अपराध शाखा** ने गृह मंत्रालय के नाम पर जाफरपुर कलां गांव में फर्जी ट्रेनिंग सेंटर चलाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ कर सरगना समेत 3 शातिरों को गिरफ्तार किया है। गिरोह गृह मंत्रालय के आपराधिक खुफिया विभाग (डीसीआई) के नाम पर बेरोजगारों को सिपाही व ऑफिस सहायक आदि की नौकरी का झांसा देता था। फर्जी प्रशिक्षण केंद्र में राष्ट्रपति व पीएम की तस्वीरें, तिरंगा व कई फाइलें मिलीं, जिन पर गृह मंत्रालय लिखा है। पुलिस ने मौके से गुरुग्राम निवासी सरगना आशीष चौधरी (27) को गिरफ्तार किया। उसकी निशानदेही पर अशोक नगर के गोविंद कौशिक (33) व सूरजकुंड फरीदाबाद के अमित कुमार (34) को दबोचा गया। गिरोह अब तक 25 से 30 युवक-युवतियों को ठग चुका है। सेंटर से पुलिस की वर्दी, फर्जी नियुक्ति पत्र भी बरामद हुआ है।

**पांच लाख वसूलते थे:** गिरोह बेरोजगार युवाओं को बताता था कि डीसीआई विभाग गृह मंत्रालय के अधीन काम करता है। यह गोपनीय विभाग है इसलिए किसी को इसकी जानकारी नहीं है। सरगना आशीष खुद को डीसीआई का डीएसपी और अमित सब-इंस्पेक्टर बताता था। गिरोह नौकरी लगवाने के नाम पर रुपये वसूलने के अलावा पदोन्नति व दिल्ली में तैनाती का झांसा देकर भी रकम ऐंठता था। सेंटर में ट्रेनिंग के लिए बुलाकर पांच-पांच लाख रुपये वसूले जाते थे।



**पढ़े-लिखों को लेक्चर देता था दसवीं फेल सरगना:** गृह मंत्रालय के नाम पर जाफरपुर कलां गांव में फर्जी ट्रेनिंग सेंटर चलाने वाले गिरोह का सरगना आशीष चौधरी 10वीं भी पास नहीं है। अपराध शाखा की टीम ने जब सेंटर पर धावा बोला तो आशीष 11 युवक-युवतियों को वहां पढ़ाता पाया गया। अपराध शाखा के विशेष पुलिस आयुक्त रविंद्र सिंह यादव ने बताया कि एसीपी राजकुमार को सूचना मिली थी कि आशीष नौकरी लगवाने के नाम पर गिरोह चला रहा है। उसका रावता-दौराला रोड, जाफरपुर कलां में फर्जी ट्रेनिंग सेंटर चल रहा है। एसीपी की देखरेख में इंस्पेक्टर अभिजीत कुमार, एएसआई रणधीर, एएसआई कृष्ण और महिला एएसआई नरेंद्र कौर की टीम ने फर्जी सेंटर में दबिश दी। उस समय सेंटर में 10 युवकों व एक युवती को आशीष लेक्चर दे रहा था। पहले तो आशीष ने खुद को गृह मंत्रालय के तहत काम करने वाले डीसीआई का डीएसपी बताया। लेकिन, इंस्पेक्टर अभिजीत कुमार ने जब सख्ती से पूछताछ की तो उसने सच उगल दिया। उसने टीम को बताया कि वह 10वीं तक भी नहीं पढ़ा है। गिरोह अपने जाननेवालों के बच्चों को ही शिकार बनाता था।

**2021 से सक्रिय था गिरोह:** आशीष चौधरी इस गिरोह को वर्ष 2021 से चला रहा था। उसने वर्ष 2022 में ट्रेनिंग सेंटर किराए पर लिया था। वे सेंटर में आने वाले प्रशिक्षुओं से कहते थे कि उनकी नौकरी सीक्रेट मिशन के लिए लगाई गई है। डीसीआई गृह मंत्रालय का खुफिया कार्यालय है। किसी को कुछ बताने पर नौकरी जाने की धमकी दी जाती थी।

आशीष खुद को सरकार का टॉप अंडर कवर एजेंट बताता था। प्रशिक्षुओं को फर्जी पहचान पत्र भी दिए गए थे।

**सेंटर से बरामद सामान:** फर्जी ट्रेनिंग सेंटर से तीन लाख रुपये, पुलिस की वर्दी, गृह मंत्रालय लिखा फर्जी फाइल कवर, फर्जी कागजात व पत्र, फर्जी कॉल लेटर, नियुक्ति पत्र, नेम प्लेट, विभाग का लोगो, लैपटॉप, कंप्यूटर, कलर प्रिंटर, दो वायरलैस सैट, वायरलैस फोन, फर्जी 16 पहचान पत्र आदि बरामद।

## न्यूज फ्लैश

### दिल्ली के छात्र बने भारत की सबसे बड़ी इंटरस्कूल क्विज प्रतियोगिता के चैम्पियन

**नई दिल्ली:** एक ऑल इंडिया क्विज के फाइनल राउंड में जैसा मुकाबला होना चाहिए, उसी के अनुरूप भारत के अलग-अलग कोनों से 4 शीर्ष स्कूलों ने इस कड़े मुकाबले को जीतने के लिए अपना सर्वोत्तम प्रदर्शन किया। प्रतिभावान छात्रों के इस मुकाबले में कहीं चूक हुई तो कहीं मास्टर स्ट्रोक थे, कभी रणनीतिक गलतियां हुई तो कभी जबरदस्त वापसी हुई और अंत में किसी टीम के हाथ लगी निराशा तो कहीं था जश्न का माहौल क्यूँकि दिल्ली के सरदार पटेल विद्यालय के छात्र ह्यहिस्ट्री टीवी 18 सीबीएसई हेरिटेज इंडिया क्विज 2022ह्ल के फाइनल राउंड को जीतकर इस प्रतियोगिता के चैम्पियन बने। सीबीएसई द्वारा 2001 में शुरू की गई हिस्ट्री टीवी 18 सीबीएसई हेरिटेज इंडिया क्विज आज अखिल भारतीय स्तर पर इंटर-स्कूल क्विज के लिए बेंचमार्क है और भारत और दुनिया भर के विभिन्न प्रतिष्ठित सीबीएसई स्कूलों के प्रतिभाशाली और प्रखर युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर देती है। इसकी सफलता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि प्रारंभिक एलिमिनेशन राउंड में 8049 छात्रों ने भाग लिया, जिसके बाद पूरे भारत में 16 जोनल राउंड आयोजित किए गए, जहाँ प्रत्येक जोन के 30 स्कूलों से 90 छात्रों ने अगले राउंड में क्वालीफाई करने के लिए कड़ा मुकाबला किया। इस क्विज में कुल मिलाकर 2683 सीबीएसई स्कूलों ने भाग लिया। पिछले राउंड्स में, सरदार पटेल विद्यालय के अव्यय सिंह (17), राभ्या अग्रवाल (16) और सिद्धांत कुमार (17) ने ज्ञान, संयम और सूझबूझ का परिचय देते हुए अपनी जबरदस्त प्रतिभा का प्रदर्शन किया था। लेकिन फाइनल में हर टीम इसी तरह के असाधारण प्रदर्शन के साथ पहुँची थी। चेन्नई के एल्विन मेमोरियल पब्लिक स्कूल, रायपुर के कृष्णा पब्लिक स्कूल और बंगलुरु के श्री श्री रविशंकर विद्या मंदिर की टीमों ने दिल्ली के छात्रों को कड़ी चुनौती दी। जब क्विजमास्टर अजय पूनिया ने हर टीम के सामने कठिन प्रश्नों की लड़ी लगा दी, तो हर टीम ने अपना सबसे अच्छा प्रदर्शन करके इस फाइनल को यादगार बनाने की पूरी कोशिश की। टीमों के बीच कड़ा संघर्ष हुआ और कई बार मुकाबला एक पलड़े से दूसरे की ओर भारी होता दिखा पर आखिरकार सरदार पटेल विद्यालय की टीम ने सबसे योग्य विजेता के रूप में ट्रॉफी पर जीत हासिल की। स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 'आजादी का अमृत महोत्सव' की थीम पर आयोजित इस क्विज में देश, संस्कृति और इसकी उपलब्धियों के गौरवशाली इतिहास का जश्न मनाने के लिए देश भर के स्कूलों को आमंत्रित किया गया था।

### एक विशेष अभियान के माध्यम से ल्यूमिनस महिलाओं के लिए एनर्जी सेक्टर में ला रहा क्राँति

**हिसार :** एनर्जी सेक्टर में महिला प्रतिनिधित्व की कमी दुनिया भर में विचारणीय मुद्दा है, जिससे भारत भी अछूता नहीं है। भारत में एनर्जी सेक्टर के तहत महिलाएँ विभिन्न चुनौतियों का सामना करती आ रही हैं, जिनमें सांस्कृतिक पक्षपात, सीमित अवसर व प्रशिक्षण और शिक्षा तक अपर्याप्त पहुँच शामिल है। इस मुद्दे को संबोधित करने और एनर्जी इंडस्ट्री में लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के उद्देश्य के तहत भारत के सबसे भरोसेमंद पॉवर सॉल्यूशन ब्रांड, ल्यूमिनस ने एक नए अभियान #वुमनइनएनर्जी की नींव रखी है, जिसकी शुरूआत अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर की गई।इस अभियान का उद्देश्य एनर्जी सेक्टर में शामिल होने के लिए अधिक से अधिक महिलाओं को प्रोत्साहित करना और इंडस्ट्री में महिलाओं द्वारा निभाई जा सकने वाली महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालना है। अभियान के केंद्र बिंदु को ध्यान में रखते हुए एक डिजिटल फिल्म निर्मित की गई है, जो भारत की पहली लाइनवुमन बाबरी सिरिशा की प्रेरक कहानी बयां करती है। बाबरी सिरिशा वह महिला है, जिसने एनर्जी सेक्टर में अपनी पहचान बनाने के लिए तमाम बाधाओं को दरकिनार कर दिया। फिल्म में एक शक्तिशाली संदेश भी शामिल है कि एनर्जी इंडस्ट्री में सफलता पाने के लिए महिलाओं के पास समान अवसर हैं। इसके अतिरिक्त, ल्यूमिनस द्वारा महिला, एनर्जी और नए भारत पर पैनल डिस्कशन्स होस्ट किए जा रहे हैं, जिसमें एनर्जी सेक्टर में प्रतिष्ठित लीडर्स शामिल हैं।

### इसुजु मोटर्स आयोजित करेगा इसुजु आई-केयर प्री समर कैंप

**चंडीगढ़:** ईसुजु मोटर्स इंडिया अपनी इसुजु डी – मैक्स पिक अप और एसयूवी की रेंज के लिये देश व्यापी इसुजु आई केयर प्री समर कैंप का आयोजन करने जा रही है। इस कैंप का उद्देश्य ग्राहकों को देश भर में इस मौसम के दौरान झंझट मुक्त ड्राईविंग का अनुभव और प्रीवेंटिव मैंटेनेंस चैक्स प्रदान करवाना है। यह पहल 22 मार्च से 29 मार्च 2023 तक देश भर के इसुजु अधिकृत डीलर सर्विस आउटलेटों में उपलब्ध करवाई जायेगी। इस दौरान ग्राहक अपनी गाड़ियों के लिये विशेष पैकेज का लाभ ले सकते हैं जिसमें 37 प्वाईंट चैक अप, निशुल्क टॉप वॉश और रेगेन, आरएसए की खरीद पर छूट और लेबर, पाट्र्स, ल्यिूब्स और फिल्यूड्स पर रियायत प्राप्त कर सकते हैं।

# नवनिर्मित वाटर बूस्टिंग स्टेशन का ट्रायल शुरू हुआ

### मेयर निखिल मदान ने डिप्टी मेयर ,निगम पार्षदों एवं संबंधित निगम अधिकारियों के साथ किया बूस्टिंग स्टेशन का दौरा, 5 एमएलडी की क्षमता वाले बूस्टर के चालू होने से वार्ड 14 ,15 ,16 ,17 के लोगों को पेयजल समस्या से मिलेगी राहत

**टीम एक्शन इंडिया/ सोनीपत**

**शुक्रवार को** मेयर निखिल मदान सेक्टर 23 में नगर निगम द्वारा बनाये गए नव निर्मित बूस्टिंग स्टेशन पर पहुंचे। इस अवसर पर डिप्टी मेयर मंजीत गहलावत,पार्षद मोनिका नागर,पार्षद नवीन तंवर, नगर निगम के कार्यकारी अभियंता निजेश कुमार,एस डी ओ मंजीत दहिया ,कनिष्ठ अभियंता सागर भी मौके पर मौजूद रहे।



मेयर निखिल मदान ने बताया कि नगर निगम द्वारा आज सेक्टर 23 के नए वाटर बूस्टिंग स्टेशन से पेयजल आपूर्ति का ट्रायल शुरू कर दिया गया है। प्रारम्भिक तौर पर इस बूस्टर से वार्ड 16 के अधिकांश क्षेत्र दहिया कॉलोनी,कालूपुर गाँव,लहराड़ा गाँव,संत कबीर नगर ,गुगा मंदिर वाली गली,कीर्ति नगर,वार्ड 14 के मोहन नगर सहित वार्ड 15 और 16 के भी कुछ क्षेत्रों में पेय जल आपूर्ति की जाएगी। साथ ही ट्रायल के दौरान किसी भी तरह की लाइन लीकेज और अन्य समस्या के सामने आने पर तुरंत प्रभाव से दूर करने के आदेश निगम अधिकारियों को दिए गए हैं। मेयर निखिल मदान ने बताया कि फिलहाल 5 एमएलडी क्षमता वाले बूस्टर को 2 डीप बोरवेल से भरा जा रहा है। इसके अतिरिक्त गर्मियों के मौसम में पेयजल आपूर्ति को सुचारु रूप से चलाने के लिए पुराने बूस्टिंग स्टेशन पर सभी इंतजामों को पुख्ता करने के आदेश उन्होंने निगम अधिकारियों को दिए हैं। मेयर निखिल मदान ने कहा कि गर्मियों में

निगम क्षेत्रवासियों को पेयजल आपूर्ति में कोई समस्या नहीं आने दी जाएगी।

इस मौके पर डिप्टी मेयर मंजीत गहलावत,पार्षद मोनिका नागर,पार्षद नवीन तंवर,राजेश दहिया ,अनिल नागर, प्रिंस सरोहा ,कुलदीप वत्स मौजूद रहे।

# पानीपत में अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट देखकर भ्रूण लिंग बताने वाला काबू

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

पानीपत के तहसील कैंप क्षेत्र की महादेव कॉलोनी में किरयाना की दुकान पर अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट देखकर गर्भ में पल रहे भ्रूण का लिंग बताने का खेल चल रहा था। जिसका स्वास्थ्य विभाग की टीम ने खुलासा किया है। दुकान संचालक अल्ट्रासाउंड की लेवल-टू रिपोर्ट को देखकर एक महिला की मदद से लिंग के बारे में बता रहा था और उसकी एवज में वह 10 हजार रुपए ले रहा था। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पुलिस की मदद से आरोपी को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। पीएनडीटी के नोडल ऑफिसर डॉ. पवन कुमार की शिकायत पर तहसील कैंप थाना पुलिस ने आरोपी रवि निवासी महादेव कालोनी के खिलाफ मामला दर्ज करके गिरफ्तार कर लिया और पुलिस ने आरोपी को शुक्रवार को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। डॉ. पवन कुमार ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि सिविल सर्जन को गुप्त सूचना मिल रही थी कि महादेव कॉलोनी में अवैध रूप से अल्ट्रासाउंड के बाद गर्भ में पल रहे भ्रूण की लिंग के बारे में बताया जाता है। उसी सूचना के आधार पर एक टीम का गठन किया गया, जिसमें नोडल अधिकारी समेत, डॉ. रिंकी सांगवान व डॉ. एकता बठला को शामिल किया गया। एक गर्भवती महिला का लेवल-टू अल्ट्रासाउंड करवाया गया। सूचना के आधार पर बृहस्पतिवार शाम को गर्भवती ने रवि निवासी महादेव कॉलोनी को 10 हजार रूपए दिये तो उसको काबू कर लिया गया। वहीं तहसील कैंप थाना के एएसआई श्री निवास ने बताया कि आरोपी रवि को शुक्रवार को न्यायालय में पेश करके न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया।

# कुछ का साथ और सबका सत्यानाश करती भाजपा: सेलवाल




**टीम एक्शन इंडिया/नारनौल**

**हाउसिंग बोर्ड** नारनौल में पूर्व पार्षद राजेश मांदी व पूर्व पार्षद विनोद भील द्वारा हाथ से हाथ जोड़ों अभियान को लेकर सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के जिला इंचार्ज पूर्व विधायक नरेश सेलवाल व जिला कोऑर्डिनेटर पूर्व मंत्री राव नरेंद्र सिंह ने मुख्य रूप से शिरकत की। मंच संचालन अनिल सैनी ने किया । इस अवसर जिला कोऑर्डिनेटर पूर्व मंत्री राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि हाथ से हाथ जोड़ो अभियान का मुख्य उद्देश्य पार्टी की नीति को जन जन तक पहुँचाने की व आपस मे एकजुट करने का है । जिस प्रकार से पिछले कुछ सालों में भाजपा सरकार ने अपनी सत्ता बनाये रखने के लिए एक दूसरे में धर्म व जात पात का जहर घोलकर लोगों को आपस मे लड़ाने का काम किया है । इस अवसर हाथ से हाथ जोड़ो के जिला इंचार्ज एवं पूर्व विधायक नरेश सेलवाल ने सम्बोधित करते हुए कहा कि आज केंद्र की भाजपा सरकार मित्रकाल में डूब चुकी है , हिंडनबर्ग की हालिया रिपोर्ट ने प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा सरकार की अडानी के पक्ष में क्रोनी कैप्टिलिज्म की पोल खोल कर रख दी है।

### मेयर के खिलाफ सफाई कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

**अम्बाला (मनीष कुमार)**

**शहर** नगर निगम में सफाई कर्मचारियों ने मेयर शक्ति रानी शर्मा के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। सफाई कर्मचारी मेयर के खिलाफ नारेबाजी करते हुए नगर निगम परिसर में धरने पर बैठ गए हैं। यही नहीं, कर्मचारियों ने मेयर द्वारा माफी न मांगने तक हड़ताल जारी रखने की चेतावनी भी दे डाली। कर्मचारियों का कहना है कि मेयर ने प्रधान से सही तरीके से बर्ताव नहीं किया, जिसके विरोध में निगम के कर्मचारियों ने आज अपना काम काज ठप रखा। कर्मचारियों ने शहर में सफाई व्यवस्था दुरुस्त न होने का कारण संसाधनों की कमी बताया। बता दें कि मेयर शक्ति रानी शर्मा ने शहर के सभी वार्डों में चरमराई सफाई व्यवस्था को लेकर सभी दरोगा की मीटिंग ली थी।

# नई राह सोसाइटी ने नीरज चोपड़ा के गांव खंडरा स्कूल से किया पौधारोपण का शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया/ पानीपत**

नई राह सोसाइटी ने अपने इस साल का पौधारोपण अभियान शुक्रवार को गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा के गांव खंडरा के सरकारी स्कूल से शुरू किया गया है। सोसाइटी सदस्यों ने शुक्रवार को खंडरा स्कूल में 100 फाइकस के और फलदार पौधे लगाए है। इस मौके पर डॉ. राज रमन और हेमा रमन ने बताया कि पर्यावरण को बचाने के लिये पेड़ लगाने की आज सबसे ज्यादा जरूरत है। उन्होंने स्कूल के बच्चों को बताया कि आज वे किसी के द्वारा लगाए गए पौधों की वजह से आक्सीजन ले रहे हैं और उसी तरह उन्हें भी भावी




पीढ़ी के लिए पौधे लगाने चाहिए। डा. राज व हेमा रमन ने हर बच्चे को एक पौधा गोद लेकर उसकी देखभाल करने का आहवान किया। हालांकि बच्चों ने संकल्प लिया कि वे स्कूल में लगाये गये पौधों की अच्छी तरह से देखभाल करेंगे। इस अवसर प्रिंसिपल सुरेश देशवाल व विनोद सहित स्कूल स्टाफ व बच्चे मौजूद रहे।

# बजट सत्र में विधायक विज ने की सब डिवीजन पॉलिसी को दोबारा लागू करने की मांग

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

**हरियाणा** विधानसभा के बजट सत्र के दौरान पानीपत शहर विधायक प्रमोद विज ने जीरो आवर में सब डिवीजन पालिसी को दुबारा लागू करने की मांग की है इस दौरान विधायक विज ने विधानसभा पटल पर सब डिवीजन की पालिसी की मांग करने से पहले पानीपत शहर का टेक्सटाइल हब के रूप में हो रहे विकास के लिए हरियाणा के मंत्री मंडल समेत मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया ,इस दौरान विधायक विज ने महम विधायक बलराज कुंडू के आरोप का जबाव देते हुए कहा की कुंडू कहते है की सरकार के द्वारा किया जा रहा ,विकास धरातल पर नही दिख रहा है, मै विकास देखने हेतु उन्हें पानीपत आने का निमंत्रण देता हू ,इस क्रम में उन्होंने पानीपत में चल रहे विकास कार्यो से भी सदन को अवगत कराया और कहा की पानीपत में जितना विकास पिछले 20 सालो में नही हुआ ,उससे अधिक विकास माननीय मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हो रहा है` इस हेतु मै उनका आभारी हू ,इसके पश्चात विधायक विज ने सब डिवीजन पालिसी की प्रशंसा करते हुए कहा की सरकार के द्वारा इस पालिसी को दुबारा लागू किया जाना चाहिए



जिससे भविष्य में भी लोग इस पालिसी का लाभ लेना चाहे तो ले सके और इस पालिसी में प्लाट में पार्किंग व्यवस्था की पालिसी और फ्रंट बाउंड्रीवाल बनाने की पालिसी में सुधार और पालिसी का लाभ लेने हेतु यूएलबी द्वारा जो अनावश्यक कागजो की मांग की जाती है, उन्हें हटाने की मांग करते हुए कहा की सदन में पास हुए विधेयक कोर एरिया के पैरा मीटर सेट करने की मांग यूएलबी मिनिस्टर डॉ कमल गुप्ता से की । इसके पश्चात विधायक विज ने उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला से मांग करते हुए कहा की 1956 में सरकार के द्वारा इंडस्ट्री एरिया बनाया गया था ,जिनमे से पानीपत भी एक है बाद में ये एरिया एचएसआईडीसी हस्तांतरित कर दिया गया था ,लेकिन एचआईडीसी सब डिवीजन की पालिसी को मंजूरी नही देता जिससे प्लाट्स के क्रय ह्यविक्रय एवं आई डी बनाने में दिक्कत आती है मै समस्या के समाधान के लिए उपमुख्यमंत्री से निवेदन करूँगा की प्लॉट मालिकों को प्लॉट डिवाइड करने की अनुमति दी जाए और जो प्लॉट पहले से बट गए हैं उन्हें मान्यता दी जाए और वहा मूलभूत सुविधओ और साफ सफाई का जिम्मा और सीवरेज और बरसाती पानी के निकासी की जिम्मेदारी नगर निगम को दी जाए। जिससे इंडस्ट्रियल एरिया में साफ सफाई आसानी से हो सके।

### पूनावाला फिनकॉर्प ने बिजनेस एवं प्रोफेशनल लोन के लिए 'क्या से वाह' कैंपेन की शुरूआत की

**नई दिल्ली।** पूनावाला फिनकॉर्प लिमिटेड (पहले मैग्मा फिनकॉर्प के नाम से जाना जाता था) साइरस पूनावाला समूह की डिपॉजिट नहीं लेने वाली और प्रणालीगत रूप से महत्त्वपूर्ण नन-बैंकिंग फाइनेंस कंपनी है, जिसने 'क्या से वाह' कैंपेन की शुरूआत की है। कंपनी ने इस अभियान के माध्यम से डॉक्टरों, चार्टर्ड एकाउंटेंटों और व्यवसाय के मालिकों को बिना किसी परेशानी के अपने कामकाज को बेहतर बनाने में मदद करने का लक्ष्य रखा है। इस कैंपेन में 2 शॉर्ट फिल्में हैं, जिसमें छोटे व्यवसायों और इसी तरह के अलग-अलग प्रोफेशनल लोगों की समस्याओं को उजागर किया गया है, साथ ही यह भी जाहिर किया गया है कि पूनावाला फिनकॉर्प किस तरह उनके व्यवसाय या कामकाज को बदलने में मदद करके इस जरूरत को पूरा कर सकता है। 'क्या से वाह' कैंपेन इस सच्चाई को बताता है कि पहली छाप सबसे ज्यादा मायने रखती है। साथ ही यह भी उजागर करता है कि, पूनावाला फिनकॉर्प अपने बिजनेस और प्रोफेशनल लोन की पेशकश के जरिए ग्राहक बस एक क्लिक से अपने व्यवसाय, क्लिनिक, या प्रोफेशनल कामकाज के स्तर को बेहतर बना सकते हैं। इस कैंपेन में दर्शकों के साथ जुड़ने के लिए हल्के-फुल्के हँसी मजाक का उपयोग किया गया है। इससे यह सच्चाई भी उजागर होती है कि, पूनावाला फिनकॉर्प के साथ लोन के मंजूरी की पूरी प्रक्रिया डिजिटल है और यह किस तरह से प्रोफेशनल लोगों एवं व्यवसायों को अधिक लाभ कमाने में मदद करता है। इस कैंपेन के बारे में अपनी राय जाहिर करते हुए श्री अभय भुतडा, मैनेजिंग डायरेक्टर, पूनावाला फिनकॉर्प पूनावाला फिनकॉर्प में, हम हमेशा अपने ग्राहकों की आर्थिक जरूरतों को पूरा करने के लिए इस श्रेणी में सबसे बेहतर और ग्राहक-केंद्रित उत्पादों एवं समाधानों की पेशकश करते हैं।

### गठबंधन सरकार में हर कोई परेशान: नवीन जयहिन्द

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

ऐसे बहुत से मामले सामने आ रहे है जिसमे सरकार द्वारा लोगो की फैमिली आईडी में आय ज्यादा दिखाकर उनके राशन कार्ड व पेंशन काट दी गयी है। जिससे बहुत से लोगो को परेशानी हो रही है ओर इसमे ज्यादातर बुजुर्ग, विकलांग व विधवा महिलाएं शामिल है। बीते 16 मार्च को गांव मदीना निवासी राजकर्ण दांगी जो कि विकलांग पेंशन लेता था व उसकी भाभी जो विधवा पेंशन लेती थी अपनी पेंशन कटने की समस्या लेकर जयहिन्द के पास आए थे और 17 मार्च को रोहतक काट मंडी निवासी राम कुमार जांगड़ा (शांत नगर , मकान न.766/33) जो कि विकांग है और विकलांग पेंशन व राशन कार्ड की सहायता से मिलने वाले पैसे व राशन से अपना गुजारा करते थे उनकी फैमली आईडी में ढाई लाख रुपये आय दिखाकर पेंशन व राशन कार्ड दोनों काट दिए। जयहिन्द ने सरकार व प्रशासन को दोबारा चेतावनी देते हुए कहा कि अगर एक हफ्ते में इनकी समस्याओं का समाधान नही हुआ तो इस सबको लेकर डीसी आफिस पहुँचूंगा।

# कांग्रेस ने किया कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**

**कांग्रेस ने** उत्तर प्रदेश भाजपा की योगी सरकार पर दलित विरोधी अध्यादेश लाए जाने का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से दिया गया।

जिला अध्यक्ष चैधरी भगवान सिंह वर्मा ने कहा कि तत्कालीन कांग्रेस पार्टी की सरकार ने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के हितों को ध्यान में रखते हुए और उन्हें भूमि हीन होने से बचाने के लिए ह्लउत्तर



प्रदेश जमींदारी उन्मूलन एवं भूमि व्यवस्था अधिनियम 1950ह्ल के तहत अनुसूचित जाति के किसी भी व्यक्ति को अपनी खेती की जमीन किसी गैर अनुसूचित जाति के व्यक्ति को बेचने के लिए जिलाधिकारी से मंजूरी लेना आवश्यक कर दिया था, अगर किसी अनुसूचित जाति जनजाति के व्यक्ति को अपनी भूमि बेचनी हो तो उसके लिए जिलाधिकारी से मंजूरी लेना आवश्यक कर दिया था। किसी अनुसूचित जाति के व्यक्ति को अपनी भूमि अगर किसी कारण बस बेचनी है तो भूमि बेचते समय जिलाधिकारी यह देखते हैं कि जमीन बेचने के बाद अनुसूचित जाति के व्यक्ति के पास सवा तीन एकड़ से कम जमीन बचेगी या नहीं, यदि अनुसूचित जाति के व्यक्ति के पास सवा तीन एकड़ से कम जमीन बच रही हो तो जिलाधिकारी उसे जमीन बेचने की अनुमति नहीं देते है। इस तरह की बातें चल रही हैं कि उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार कांग्रेस द्वारा बनाए गए इस कानून को निष्क्रिय करने जा रही है।

# कार्य बहिष्कार पर रहे विद्युतकर्मियों ने किया विरोध प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**

**अपनी मांगों** को लेकर कैंट कार्यालय पर बिजली कर्मचारी आंदोलन कर रहे है। उन्होंने साफ कर दिया है कि वह किसी के समक्ष झुकने वाले नहीं है। पूर्व में जो समझौता हुआ है। सरकार इसे लागू करें। पूर्ण कार्य बहिष्कार कर चुके कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। आंदोलन की वजह से जिले के कई क्षेत्रों में बिजली गुल रही। उपभोक्ताओं की समस्याओं का भी समाधान नहीं हो पाया। गुरुवार को विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के जिला संयोजक मोहन बाबू आर्य ने बताया कि तीन दिसंबर 2022 को ऊर्जा मंत्री के



साथ एक समझौता हुआ था। इसमें ओबरा, अनपरा की 800-800 मेगावाट की नई इकाइयों को उत्पादन निगम से छीनकर एनटीपीसी को देने, पारेषण के निजीकरण को रोकने सहित कर्मचारियों के हित में कई मांगे शामिल थीं। इस समझौते को लागू करने के लिए ऊर्जा मंत्री ने 15 दिन का समय मांगा था। मगर 113 दिन बीतने के बाद भी इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

**जिला संयोजक ने कही यह बात:** समिति की ओर से समझौते को लागू कराने की मांग को लेकर 36 घंटे के कार्य बहिष्कार का पूर्व में ही चेतावनी दी थी।लेकिन किसी ने हमारी मांगों को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई। यदि सरकार ने हमारी मांगों को नहीं माना तो वे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर भी जा सकते हैं।

### कई फीडरों पर बाधित रही बिजली

**कर्मचारियों** के कार्य बहिष्कार के चलते कैंट, मांट, औरंगाबाद, गोकुल, टाउनशिप, कृष्णा नगर, जयगुरुदेव और सदर फीडर सहित अन्य फीडरों की भी विद्युत आपूर्ति बाधित रही। ऐसे में लोग ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराएं तो कई अपनी शिकायत लेकर बिजली घर पहुंचे, लेकिन वहां उनकी सुनने वाला कोई नहीं था। कार्य बहिष्कार के चलते कई अधिकारियों के तो फोन भी बंद रहे।

# आम आदमी पार्टी के नेताओं ने किया अनाज मंडियों का दौरा

### 8 सरकार की लापरवाही से किसान 4400 तक सरसों की फसल बेचने को मजबूर : अनुराग ढांडा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**आम आदमी** पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने किसानों से सरसों की फसल का एमएसपी से कम पर खरीद होने का कड़ा विरोध जताया है। शुक्रवार को आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता अनुराग ढांडा ने रेवाड़ी और वरिष्ठ नेता डॉ. अशोक तंवर ने पूंडरी की अनाज मंडी का दौरा किया। वहां उन्होंने किसानों से बातचीत की।



उन्होंने कहा कि किसानों ने बताया कि सरसों का एमएसपी 5450 है, लेकिन फिर भी किसान 4400 से लेकर 4900 तक के भाव पर बेचने को मजबूर हैं। जोकि उनके लिए घाटे का सौदा साबित हो रहा है। वरिष्ठ नेता अनुराग ढांडा ने रेवाड़ी मंडी का दौरा कर किसानों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि किसान ई-खरीद पोर्टल के खराब होने से घाटे में फसल बेचने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि अप्रैल में गेहूं खरीद का सीजन भी आने वाला है। मंडियों से सरकारी एजेंसियां नदारद हैं, किसान घाटे में फसल बेचने को मजबूर हैं।

# राम जन्म के प्रसंग पर झूमे श्रद्धालु, लगाए रामलला के जयकारे







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बाहरी** दिल्ली के नरेला में विश्व हिंदू परिषद नरेला जिला द्वारा दिव्य श्री राम कथा व 51 कुंडी महारुद्र यज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है।

इस महारुद्र यज्ञ में प्रतिदिन 51 यजमान वैदिक मंत्रोचार के साथ हवन पूजन कर आहुति डाल रहे हैं। वही दिव्य श्री राम कथा के तीसरे दिन साध्वी ऋतंभरा ने अपने मुखारविंद से श्री राम जन्मोत्सव का प्रसंग सुना कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। श्रीराम जन्म होते ही पंडाल प्रभु श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। नरेला के रामलीला ग्राउंड में विहिप नरेला जिला द्वारा हिंदू नववर्ष महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव के अंतर्गत रोजाना महारुद्र यज्ञ, दिव्य रामकथा का आयोजन हो रहा है, इस 51 कुंडी महारुद्र यज्ञ में समाजसेवी प्रवीण लाकड़ा व उनकी धर्मपत्नी मुख्य यजमान बने। साथ ही कृष्ण बंसल प्रधान, गौ सेवक सुनील खत्री, श्री कृष्ण घी वाले सहित 51 यजमान ने वैदिक मंत्रोचार के साथ परिवार सहित हवन पूजन कर आहुति डाली। और यज्ञशाला की परिक्रमा कर पुण्य लाभ लिया।

तीसरे दिन की दिव्य राम कथा में साध्वी ऋतंभरा ने अपनी चिर परिचित मंत्रमुग्ध कर देने वाली दिव्य शैली में श्री राम जन्मोत्सव प्रसंग सुनाया। कथा में जैसे ही भगवान श्री राम के जन्म का प्रसंग आया तो समूचा पंडाल रामलला के जयकारों से गूंज उठा। कथा में उन्होंने कहा कि भगवान का जन्म असुरों और पापियों का नाश करने के लिए हुआ था। भगवान राम ने बाल्यावस्था से ही असुरों का नाश किया, मयार्दा, शौर्य और साहस का नाम राम है।

इस दौरान उन्होंने मृत्यु और भय पर कहा कि यह तो बतलाओ यहां कौन है, जिसे प्राणों से प्यार नहीं है। मगर जगत में जुड़ा शुरू से मित्र कहा संघार नहीं है। मृत्यु क्या है, वस्त्र बदलना, कुछ पल का विश्राम साथियों! जीवन एक अखंड पर्व है, साधारण त्यौहार नहीं है। जीना सबसे बड़ी कला है। लेकिन, यह एक अटल सत्य है, कि मरने से, डरने वाले को जीने का अधिकार नहीं है। इस दौरान कथा पंडाल में हजारों की संख्या में भक्त मौजूद रहे। भक्तों ने पूरे भक्ति भाव से भगवान की कथा का रसपान किया।











वजीरपुर वार्ड के अन्तर्गत आने वाले इलाके में पेड़ो की छटाई करवाते हुए निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी व अन्य।

## केजरीवाल सरकार अल्पसंख्यकों के साथ भेदभाव बंद करे: जॉली

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली सरकार** द्वारा चलाई जा रही 'जय भीम मुख्यमंत्री प्रतिभा विकास योजना' का लाभ अल्पसंख्यक बच्चों से वापस लेने की बात सामने आई है। जिस पर दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की कड़ी आलोचना करते हुए अल्पसंख्यक समुदाय के बच्चों को फिर से इस योजना का लाभ देने की मांग की है।

दिल्ली कमेटी के अल्पसंख्यक सेल के अध्यक्ष जसविंदर सिंह जॉली ने कहा कि अल्पसंख्यक समुदायों के प्रति दिल्ली सरकार का रवैया ठीक नहीं है क्योंकि दिल्ली सरकार ने अल्पसंख्यक समुदायों को जय भीम मुख्यमंत्री प्रतिभा विकास योजना के लाभार्थियों की सूची से बाहर कर दिया है। जबकि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़े वर्ग सहित आर्थिक रूप से पिछड़े परिवारों के बच्चे अभी भी इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। इस योजना के तहत 6 लाख रुपये वार्षिक आय वाले परिवारों के बच्चों को दिल्ली सरकार द्वारा सुनहरे भविष्य के निर्माण हेतु नौकरी के लिए तैयार किया जाता है। इसमें सिविल परीक्षा, मेडिकल, इंजीनियरिंग और बैंकिंग क्षेत्र की नौकरियों की संभावित तैयारी के लिए कोचिंग शामिल है।



जहांगीरपुरी वार्ड में दौरा करते हुए आप नेता सुरेश शर्मा व रमेश शर्मा साथ में है कई गणमान्य लोग।

# भाजपा जिला केशवपुरम ने शराब घोटाले के खिलाफ15 मेट्रो स्टेशनों पर चलाया अभियान

**तीरथ राज/नई दिल्ली**
**भारतीय** जनता पार्टी के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के नेतृत्व में दिल्ली सरकार द्वारा नई शराब नीति में किए घोटाले से दिल्लीवासियों को अवगत कराने के लिए व्यापक जनसम्पर्क अभियान चलाया जा रहा है।

भाजपा जिला केशवपुरम के मीडिया प्रभारी विनोद शर्मा ने बताया कि जिला अध्यक्ष राजकुमार भाटिया के नेतृत्व में दिल्ली सरकार के शराब घोटाले को उजागर करने के लिए जिले के 15 मेट्रो स्टेशन पर घोटाले से जुड़ी जानकारी के पत्रक वितरण कर जनसम्पर्क अभियान चलाया गया। जिला में पत्रक वितरण प्रमुख अजय खटाना ने बताया कि अगले दिनों में जनसम्पर्क अभियान के तहत मुख्य बाजार, पार्क व घर-घर में पत्रक वितरण कर शराब घोटाले की असलियत से जनता को रूबरू करवाएंगे। जनसम्पर्क अभियान के तहत आदर्श नगर मेट्रो स्टेशन और मजलिस पार्क मेट्रो स्टेशन पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता, जिला अध्यक्ष राज कुमार भाटिया, मोहित त्यागी और अजय शर्मा पत्रक वितरण में रहे। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा कि जब कोरोना से त्रस्त दिल्लीवासी ऑक्सीजन, दवा व इलाज के लिए भटक रहे थे और गरीब लोगों को दो वक्त के भोजन की जरूरत थी उस समय केजरीवाल सरकार नई शराब नीति बना करोड़ो रुपए डकारने के घोटाले की योजना को मूर्त रूप देने में लगी थी। जिला अध्यक्ष राजकुमार भाटिया ने कहा कि भाजपा जनहित के मुद्दों पर सदा मुखर रही है। आम जन का शराब से कितना नुकसान हो रहा था और नई शराब नीति के लागू करने की नीयत पर बड़े घोटाले का शक था। नई शराब नीति के विरोध में भाजपा द्वारा चलाए अभियान के तहत इसमें बरती अनियमितता और भ्रष्टाचार सामने आया जिसकी बदौलत शराब मंत्री जेल में बंद हैं। जनसम्पर्क अभियान में जिला, मण्डल के पदाधिकारी, निगम पार्षद व कार्यकर्ताओं की सहभागिता रही।









परम पूजनीय गुरु जी महाराज के 86वें अवतरण दिवस के उपलक्ष्य में श्रीअक्ष्यपुरुषोत्तम स्वामीनारायण मंदिर, अशोक विहार-3 में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर भाजपा दिल्ली प्रदेश प्रवक्ता सतीश गर्ग, जिला केशवपुरम भाजपा के उपाध्यक्ष व पूर्व पार्षद देवराज कोली आर्शीवाद लेते हुए।

## एलजी के आदेश के बाद ही सिसोदिया और जैन को सीबीआई ने गिरफ्तार किया: अनिल कुमार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली प्रदेश** कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने कहा कि दिल्ली सरकार के बजट से पूर्व विधानसभा में उपराज्यपाल ने अभिभाषण में दिल्ली सरकार के काम गिनाकर केवल लोकतांत्रिक औपचारिकताओं को पूरा किया क्योंकि यह सभी जानते है कि दिल्ली सरकार में भ्रष्टाचारों की जांच उपराज्यपाल के आदेश पर ही सीबीआई कर रही है जिसके कारण मनीष सिसोदिया और सत्येन्द्र जैन भ्रष्टाचार के आरोपी साबित होने पर तिहाड़ जेल में बंद है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल का यह कहना कि उपराज्यपाल ने दिल्ली सरकार के कार्यों की प्रशंसा की है केवल अपनी पीठ थपथपाना है क्योंकि उपराज्यपाल महोदय ने मीडिया के समक्ष यह कहकर कि पिछले दिनों बोलने मयार्दाएं टूटी है, से साफ हो गया है कि केजरीवाल सरकार के भ्रष्टाचार के मामलों पर उनकी मुसीबतें कम होने वाली नहीं है। अनिल कुमार ने कहा कि अरविन्द केजरीवाल द्वारा यह कहना कि दिल्ली सरकार ने 9 वर्षों में अभूतपूर्व काम किए है।



दिल्ली में शराब घोटाले के खिलाफ जन-जागरूकता अभियान जहांगीरपुरी मैट्रो स्टेशन पर चलाते हुए पूर्व पार्षद विजय भगत, भाजपा नेता संजय शर्मा व अन्य भाजपा कार्यकर्ता।

# सैनिक नगर में कैंसर से बचाव को लेकर हुआ जागरूकता सेमिनार

**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।**
झज्जर जिला प्रशासन की ओर कैंसर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी के तहत सैनिक नगर में कैंसर जागरूकता सेमिनार का आयोजन हुआ। भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष एवं नगर पार्षद डा. नीना सतपाल राठी के नेतृत्व में हुए इस सेमिनार में काफी संख्या में महिलाओं में भाग लिया। इस दौरान कई आंगनबाड़ी व आशा वर्कर भी मौजूद रही। सेमिनार में डा. तुलसी ने महिलाओं व आमजन को कैंसर के प्रति जागरूक किया और इस बीमारी से बचाव को लेकर उचित परामर्श भी दिया। डा. तुलसी ने महिलाओं में प्रमुख रूप से होने वाले कैंसर के प्रति उन्हें जागरूक किया। साथ मेंबताया कि हमें इस गंभीर बीमारी से बचने को लेकर अपने स्वास्थ्य के प्रति विशेष ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कैंसर के बचाव व उपचार के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर, स्तन कैंसर, गर्भाश्य, कोलोरेक्टल, मुंह का कैंसर होने का खतरा अधिक रहता है। यदि सही समय पर कैंसर का इलाज करवा लें तो काफी हद तक कैंसर को फैलने से रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि सरकार व जिला प्रशासन की ओर से कैंसर से बचाव को लेकर जागरूकता सेमिनार समय-समय पर किये जा रहे हैं। उधर सेमिनार में महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष एवं नगर पार्षद डा. नीना सतपाल राठी ने भी सभी महिलाओं को समय-समय पर चिकित्सा परामर्श लेने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि अगर उनके शरीर में कोई भी गांठ है तो उसको लेकर डाक्टर के पास जाकर जांच करवानी चाहिए। उन्होंने कहा कि काफी महिलाएं भी कैंसर रोग से ग्रस्त हो रही हैं ऐसे में हमें इस बीमारी से बचाव को लेकर विशेष सावधानियां बरतने की जरूरत है। कैंसर से बचाव को लेकर जागरूक होना बेहद जरूरी है। कैंसर को लेकर यदि कोई भी लक्षण हमें नजर आता है तो तुरंत अपने स्वास्थ्य की जांच करवानी चाहिए। उन्होंने कहा कि कैंसर एक गंभीर बीमारी है, जो शरीर के कई अंगों को प्रभावित कर सकती है। अगर समय पर शीघ्र उपचार किया जाये तो यह अक्सर ठीक हो जाती है, लेकिन यदि जल्दी इस पर ध्यान नहीं दिया जाये तो मरीज के बचने की आशंका कम रह जाती है। ऐसे में हमें कैंसर रोग से ग्रस्त होने से बचने को लेकर जागरूकता के साथ-साथ अपने स्वास्थ्य के प्रति विशेष ध्यान देने की जरूरत है। उधर डा. नीना सतपाल राठी ने वार्ड-30 के बारातघर में 23 मार्च को शहीदी दिवस पर होने वाले कार्यक्रम को लेकर भी जानकारी दी और उन्हें इसमें बढ़चढ़ कर भाग लेने की अपील भी की।



# विश्व स्लीपिंग दिवस पर किया छात्रों को किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
खेड़ी गुज्जर रोड स्थित बी आर ग्लोबल स्कूल में विश्व स्लीपिंग दिवस मनाया गया। विद्यार्थियों द्वारा भाषण प्रस्तुति एवं लघु नाटिका का मंचन किया गया। स्कूल की प्रधानाचार्या पूजा पहल ने छात्रों को तनाव मुक्त जीवन शैली अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि छात्रों को जागरूक करने के लिए स्लीपिंग दिवस मनाया गया। आमतौर पर लोग नींद को लेकर गंभीर नहीं दिखाई देते हैं, लेकिन सच्चाई यही है कि कम से कम 7-8 घंटे की नींद स्वस्थ रहने के लिए बेहद जरूरी है। अच्छी नींद के लिए स्लीप हाइजीन महत्वपूर्ण है। अच्छी नींद व्यक्ति के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ हेल्दी लाइफ के लिए भी जरूरी है। व्यक्ति के दिनभर की एक्टिविटी, खाना और काम करने की आदत नींद पर असर डाल सकती है। स्लीप हाइजीन के चलते लाइफस्टाइल में छोटे-छोटे बदलाव करके नींद की क्वालिटी को सुधारा किया जा सकता है। यदि आपको अच्छी नींद नहीं आती, तो रात में सोने से पहले कुछ अच्छी आदतों को अपनाया जा सकता है। स्कूल के निदेशक राकेश यादव व निदेशिका संगीता यादव ने प्रतिभागी छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की व्यवस्था शिक्षकों ने संभाली।



## संक्षिप्त खबरें

### बिजली के अघोषित कट से उपभोक्ताओं को मिलेगी निजात, बनाया शैड्यूल

**गन्नौर।** गर्मी के सीजन में बिजली के अघोषित कट से उपभोक्ताओं को निजात दिलाने के लिए सिटी सब डिवीजन ने शेड्यूल बनाया है। बारी-बारी से फीडरों की मरम्मत करवाई जा रही है। आज शहर का गांधी नगर में बिजली सप्लाई करीब 3 घन्टे तक बन्द रहेगी। एसडीओ सचिन दहिया का कहना है कि लाइनों की मरम्मत के लिए ये कट लगाए जाएंगे। कोशिश की जाएगी की तय समय से ज्यादा किसी भी एरिया में बिजली बंद न होने पाए। 18 मार्च को 11 केवी गांधी नगर अर्बन, 19 मार्च को 11 केवी गढ़ी केसरी अर्बन , 20 मार्च को 11 केवी गनौर अर्बन ,21 मार्च को 11 केवी जीटी रोड , 22 मार्च को 11 केवी मंडी अर्बन बिजली सप्लाई सुबह 7 से 10 बजे तक बन्द रहेगी।

### दस हजार के इनामी सहित दो अपराधी गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** जनपद के दो थाना क्षेत्रों की पुलिस ने शुक्रवार को गैंगस्टर में वांछित दस हजार के इनामी सहित दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से एक अपराधी के खिलाफ नकली नोट को असली बताकर बाजार में चलाने का मुकदमा दर्ज है। शिकोहाबाद थाना प्रभारी हरवेन्द्र मिश्रा पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त पर थे। तभी उन्होंने सूचना पर गैंगस्टर में वांछित अभियुक्त कांशीराम कॉलोनी निवासी शिवम कुमार उर्फ चिल्ला को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से एक तमंचा व कारतूस बरामद हुआ है। अभियुक्त पर 10 हजार रुपये का इनाम था। उसके खिलाफ छह से अधिक आपराधिक मुकदमें दर्ज है। इसी तरह एक सूचना पर रामगढ़ प्रभारी निरीक्षक रवि त्यागी ने गैंगस्टर में वांछित अकबरपुर राजा का ताल निवासी रामवीर को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त के विरुद्ध थाना रामगढ़ पर नकली नोट छाप कर बाजार में असली नोट के रूप मे चलाने का मुकदमा दर्ज है।

### संत निरंकारी के दस दिवसीय प्रदर्शनी का हुआ शुभारम्भ

**प्रयागराज।** प्रयागराज के माघ मेला परेड मैदान पर आयोजित होने वाले प्रादेशिक निरंकारी संत समागम के अवसर पर लगाई गयी प्रदर्शनी का शुक्रवार की शाम को उद्घाटन किया गया। संत समागम के संयोजक स्थानीय जोनल इन्चार्ज अशोक कुमार सचदेव एवं मुम्बई (महाराष्ट्र) के केन्द्रीय प्रचारक संत शम्भू नाथ तिवारी ने संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। अशोक कुमार सचदेव ने बताया कि यह प्रदर्शनी 26 मार्च तक लगातार चलेगी। समागम मैदान पर विशाल सत्संग पंडाल से लगा हुआ यह प्रदर्शनी निरंकारी मिशन के इतिहास को दशार्ने के साथ ही धार्मिक व सामाजिक गतिविधियों पर केन्द्रित है। प्रदर्शनी का प्रबन्ध व्यवस्था देख रहे केन्द्रीय प्रचारक संत कुलदीप सिंह ने बताया कि निरंकारी मिशन के सभी सद्गुरूओं का सचित्र दर्शन के साथ इस प्रदर्शनी में वर्णन है, वहीं राष्ट्रीय एकता और अखण्डता को मजबूती प्रदान करने वाले कार्यों को भी दशार्या गया है। मिशन की वर्तमान सद्गुरू माता सुदीक्षा की प्रेरणा से हो रहे कई प्रकार के सामाजिक कार्य जैसे राष्ट्रव्यापी स्वच्छता अभियान, रक्तदान शिविर, पौधरोपण आदि कार्यों को सुन्दर तरीके से इसमें दशार्या गया है।

### चलती ट्रेन से गिरा युवक जिला अस्पताल में भर्ती

**मुरादाबाद।** आज रात्रि थाना सिविल लाइंस क्षेत्र में एक युवक चलती ट्रेन से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं, की हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस युवक की पहचान के लिए जुट गई है। थाना सिविल लाइन के वरिष्ठ पुलिस उप निरीक्षक बृजेंद्र सिंह ने बताया कि रात लगभग 10 बजे मुरादाबाद- हरिद्वार रेल लाइन पार चंद्रनगर पटेलनगर के पास एक युवक घायलावस्था में मिला। एम्बुलेंस की मदद से उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया है। युवक अभी बेहोशी हालत में है इसलिए कोई जानकारी नहीं दे पा रहा है।

### निर्माण कार्य की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं

**झांसी।** झांसी के सर्किट हाउस पहुंचे लोक निर्माण विभाग के मंत्री जितिन प्रसाद ने साफ शब्दों में अधिकारियों को आगाह करते हुए कहा निर्माण कार्य की गुणवत्ता में किसी प्रकार से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। इस संबंध में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। वह सर्किट हाउस में बैठक के बाद पत्रकारों से मुखातिब हो रहे थे।

## राष्ट्र निर्माण में सभी छात्र सहभागी बनें

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय का 27 वां दीक्षांत समारोह शुक्रवार को परिसर के स्वामी विवेकानंद प्रेक्षागृह में भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ। समारोह के विशिष्ट अतिथि उच्च शिक्षा राज्यमंत्री श्रीमती रजनी तिवारी ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में सभी छात्र सहभागी बनें। सभी को सदाचार एवं नैतिक मूल्यों का अनुसरण करके उपाधि की सार्थकता को प्रमाणित करना है। समाज में योगदान कर सक्रिय रूप से नवनिर्माण के लिए सभी को प्रेरित करें। यहां तक पहुंचाने वाले शिक्षक एवं माता-पिता के प्रति अपने दायित्वों को समझें।

# चौधरी चरण सिंह विवि में छात्र पर हमला, फायरिंग

**टीम एक्शन इंडिया/मेरठ**
चौधरी चरण सिंह विवि में शुक्रवार को फिर से छात्र पर जानलेवा हमला किया गया। इस दौरान कुछ युवकों ने फायरिंग की। घटना से नाराज छात्रों ने कुलपति कार्यालय का घेराव किया। देर शाम हुई विवि अनुशासन समिति की बैठक में कई कड़े निर्णय लिए गए। चौधरी चरण सिंह विवि में चार मार्च को पूर्व छात्र संघ उपाध्यक्ष और एमएसडब्ल्यू के छात्र हर्ष चौधरी पर जानलेवा हमला किया गया था। इसके बाद छात्रों ने आरोपितों की गिरफ्तारी को लेकर आईजी से मुलाकात की थी। इसके बाद भी विवि की सुरक्षा व्यवस्था में कोई सुधार नहीं हुआ। शुक्रवार को फिर से छात्र हंस चौधरी पर जानलेवा हमला किया गया। हंस चौधरी का आरोप है कि शुक्रवार को वह अपने साथियों के साथ विवि के मुख्य द्वार के पास स्थित शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर रहा था। इसी दौरान कुछ युवकों ने उस पर फिर से हमला किया। इस दौरान उस पर फायरिंग की गई। आरोप है कि विवि के सुरक्षा गार्डों ने भी आरोपितों को पकड़ने का प्रयास नहीं किया। इस धटना से गुस्साए छात्रों ने कुलपति कार्यालय का घेराव किया। जानकारी मिलने पर सीओ सिविल लाइन अरविंद चौरसिया मौके पर पहुंचे और आरोपितों की तलाश शुरू कराई। तब तक आरोपित फरार हो गए थे। घटना के बाद शुक्रवार देर शाम कुलानुशासक कार्यालय में छात्र कल्याण अधिष्ठाता की अध्यक्षता में अनुशासन समिति की बैठक में कई कड़े निर्णय लिए गए। इनमें पहला निर्णय यह रहा कि विवि परिसर में स्थित सभी विभागों के छात्र-छात्राओं का प्रवेश कुलानुशासक कार्यालय द्वारा जारी पहचान पत्र के माध्यम से ही होगा। छात्रों के वाहन पास भी जारी किए जाएंगे। शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को भी पास जारी होंगे। सुबह और शाम को विवि में घूमने के लिए आने वाले लोगों को भी पास के माध्यम से प्रवेश मिलेगा। कुलानुशासक मंडल विवि के विभागों, प्रशासनिक भवन, मुख्य मार्गों स्थानों पर नियमित रूप से भ्रमण करेगा। बैठक में छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. शिवराज सिंह, डॉ. दुष्यंत चौहान, प्रो. रविंद्र कुमार, डॉ. अशोक कुमार, डॉ. यशवेंद्र वर्मा, डॉ. सरू कुमारी, डॉ. प्रदीप चौधरी, डॉ. धर्मेंद्र प्रताप, डॉ. विवेक कुमार, डॉ. मणि गर्ग, डॉ. स्वाति सिंह आदि उपस्थित रहे।




# हैफेड के डीएम ने खरीद केन्द्र का दौरान कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
गन्नौर अनाज मंडी में सरसों की खरीद शुरू होने के बाद शुक्रवार को हैफेड के डीएम ने मंडी का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डीएम उमा शंकर का आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान राजेश जैन, सचिव अनिल कौशिक, व आढ़ती महाबीर चिरस्मी ने बूके देकर स्वागत किया। आढ़तियों को संबोधित करते हुए डीएम उमा शंकर शर्मा ने कहा कि अनाज मंडी में खरीद एजेंसी हैफेड ने सरसों की खरीद शुरू कर दी है। खरीद शुरू होने के बाद मंडी में सीजन को लेकर हैफेड ने पूरी तैयारी की है। उन्होंने कहा कि किसान किसी तरह के असमंजस में न रहे। मंडी में हैफेड द्वारा सरकारी रेट पर मंडी में सरसों लेकर आने वाले किसानों की फसल की खरीद की जा रही है। किसान मंडी में अपनी सरसों लेकर आए। अगर कोई परेशानी आए तो आढ़ती व संबधित अधिकारी उन्हें अवगत करवाएं। उन्होंने कहा कि मंडी में आने वाले किसानों को कोई परेशानी न आए, इसके लिए आढ़तियों का सहयोग भी जरूरी है।



## लालगंज से सिंगरौली के लिए बस सेवा शुरू

**मीरजापुर।** मीरजापुर के लालगंज तहसील से सिंगरौली के लिए एक और बस सेवा की सौगात शासन ने दी है। इस रुट पर बस सेवा का शुभारंभ शुक्रवार को किया गया। सोनभद्र डिपो के एआरएम विश्राम दास ने बताया कि एमडी संजय कुमार के आदेश पर वाराणसी के क्षेत्रीय प्रबंधक गौरव वर्मा की संस्तुति के बाद लालगंज तहसील से सिंगरौली के लिए बस सेवा शुरू की गई है। प्रतिदिन सुबह छह बजे शिवमूर्ति नगर लालगंज से सिंगरौली के लिए एवं सिंगरौली से लालगंज के लिए अपरान्ह दो बजे रवाना होगी। यह रोडवेज बस सिंगरौली से लालगंज वाया अनुपरा, रेनुकूट, दुबार के रास्ते प्रतिदिन चलेगी।

# दुष्कर्म के असफल प्रयास के चलते हुई थी विधवा की हत्या



**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर।**
सिसोलर थाना क्षेत्र में एक महिला का कंकाल सरसों के खेत में फसल के बीच पड़ा मिला था। तभी आशंका व्यक्त की गई थी की दुष्कर्म के बाद महिला की हत्या की गई है। मामले की जांच कर रही पुलिस ने 48 घंटे में आरोपी की गिरफ्तारी करते हुए वारदात का खुलासा कर दिया है। आरोपी ने ही बदनीयती से विधवा महिला को खेत में ले गया और पत्थर से उसके सिर पर वारकर हत्या की थी। सिसोलर थाना क्षेत्र के ग्राम बुढ़ई के निकट रामदत्त द्विवेदी के सरसों के खेत में बीती 15 मार्च को काम कर रहे लोगों ने पुलिस को एक कंकाल की सूचना दी थी। तब जांच के दौरान कंकाल के पास से शराब की बोतल, खून से सना एक पत्थर मिला था, जबकि कुछ दूरी पर महिला के कपड़े मिले थे। महिला के ससुर ने गांव के ही प्रकाश चंद्र के खिलाफ हत्या की तहरीर दी थी। पुलिस ने जब प्रकाश चंद्र को गिरफ्तार कर पूछताछ की तो सारा भेद खुल गया। चंद्र प्रकाश ने चार मार्च को ही सुमन की हत्या की थी, जिसका कंकाल 15 मार्च को मिला था। क्षेत्राधिकारी मौदहा विवेक यादव ने शुक्रवार को खुलासा करते हुए बताया की प्रकाश चंद्र चार मार्च को बाइक से महिला को लेकर निकला था, जिसे उसकी बहन के यहां छोड़ना था। लेकिन उसने बुढ़ई के पास बाइक रोक दी और महिला को बदनीयती से सरसों के खेत में ले गया। लेकिन महिला ने जब विरोध किया तो पत्थर से उसके सर पर हमला कर हत्या कर दी और घर वापस लौट आया। पुलिस ने कानूनी कार्यवाही करते हुए आरोपी प्रकाश चंद्र को जेल भेज दिया है।

# मेरठ के प्राचार्यों से संवाद करेंगी कुलाधिपति

**टीम एक्शन इंडिया**/मेरठ।
कुलाधिपति और उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल 19 मार्च को चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय में आएंगी। इस दौरान वह तिलक पत्रकारिता एवं जनसंचार स्कूल में बने स्टूडियो, योग एवं विभाग में आनंदम केंद्र, काशीराम शोधपीठ में बने इनक्यूबेशन सेंटर, फाइन आर्ट विभाग में कला दीर्घा का लोकार्पण करेंगी। साथ कुलाधिपति मेरठ जिले के राजकीय महाविद्यालयों एवं एडिड महाविद्यालयों के प्राचार्यों के साथ संवाद करेंगी। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर संगीता शुक्ला ने शुक्रवार को मेरठ के कॉलेजों के प्राचार्यों के साथ बैठक की। कुलपति ने कहा कि सभी महाविद्यालयों को नैक निरीक्षण कराना है। नैक को लेकर तैयारियों के बारे में बताया। कुलपति ने प्राचार्यों को नैक निरीक्षण की तैयारी को लेकर सुझाव भी दिए। 19 मार्च को कुलाधिपति मेरठ में आएंगी और मेरठ जिले के प्राचार्यों से संवाद करेंगी। कुलपति ने बैठक के दौरान प्राचार्यों से पूछा कि उनके महाविद्यालयों में कितनी छात्राएं है। महाविद्यालयों द्वारा क्या-क्या सामाजिक गतिविधियां की जा रही हैं। कुलाधिपति से संवाद के समय किसी प्रकार की असुविधा न हो इसकी तैयारी रखें। अपने महाविद्यालय से संबंधित सभी जानकारी अपने पास रखें जिससे कोई भी जानकारी देने में किसी प्रकार की कोई गलती न हो। इस दौरान मेरठ जिले के राजकीय महाविद्यालयों एवं एडिड महाविद्यालयों के प्राचार्य मौजूद रहे।



# भारत की डिजिटल भुगतान क्रांति दुनिया को कर रही है प्रेरित

## भारत का डिजिटल पेमेंट इनोवेशन अर्थव्यवस्था के लिए गेम चेंजर साबित हुआ है

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मोदी** सरकार ने एक स्वदेशी तत्काल भुगतान प्रणाली का निर्माण किया है जिसने भारतीय व्यवस्था को नया रूप दिया है और लाखों लोगों को औपचारिक अर्थव्यवस्था में खींचा है। "डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे" की नींव सरकार द्वारा रखी गई थी और एक मजबूत सार्वजनिक निजी भागीदारी द्वारा बनाई गई थी। इसने दैनिक जीवन को अधिक सुविधाजनक बना दिया है, लाखों और भारतीयों के लिए क्रेडिट और बचत जैसी बैंकिंग सेवाओं का विस्तार किया है, और सरकारी कार्यक्रमों और कर संग्रह की पहुंच को बढ़ाया है। पीएम मोदी ने जी20 के वित्त मंत्रियों को डिजिटल भुगतान पारिस्थितिकी तंत्र को एक मुफ्त सार्वजनिक भलाई के रूप में वर्णित किया जिसने भारत में शासन, वित्तीय समावेशन और जीवन में आसानी को मौलिक रूप से बदल दिया है। डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को सरकार द्वारा बिछाई गई 'रेल पटरियों' के एक सेट के रूप में देखा जाता है, जिसके शीर्ष पर कम लागत पर इनोवेशन हो सकता है। इस नेटवर्क के साथ, भारत ने पहले के अनदेखे पैमाने पर दिखाया है कि कैसे तेजी से तकनीकी नवाचार विकासशील देशों के लिए एक छलांग प्रभाव डाल सकता है, आर्थिक विकास को गति प्रदान कर सकता है, यहां तक कि भौतिक बुनियादी ढांचा पिछड़ने पर भी। यह एक सार्वजनिक-निजी मॉडल है जिसे भारत निर्यात करना चाहता है क्योंकि यह खुद को विचारों के इनक्यूबेटर के रूप में तैयार करता है जो दुनिया के गरीब देशों को ऊपर उठा सकता है। इस पहल के केंद्र में प्रसिद्ध खअट ट्रिनिटी - जन धन खाते, आधार और मोबाइल हैं, ये तीन स्तंभ हैं जिन्होंने भारत के पूरे आर्थिक पारिस्थितिकी तंत्र में क्रांति ला दी है। पहला स्तंभ, पीएम जन धन योजना वित्तीय समावेशन के उद्देश्य से प्रत्येक वयस्क भारतीय के लिए एक बैंक खाते तक पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू किया गया था। 2022 तक, 46.25 करोड़ बैंक खाते खोले गए हैं, जिनमें 56% महिलाओं से संबंधित हैं और 67% ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में खोले गए हैं, जिनकी राशि रु। 1,73,954 करोड़। आधार के दूसरे स्तंभ ने पहचान सेवाओं को बदल दिया। आधार आईडी का उपयोग दो-कारक प्रमाणीकरण या बायोमेट्रिक आईडी के माध्यम से डिजिटल प्रमाणीकरण के लिए किया जा सकता है। आधार-आधारित प्रमाणीकरण बैंकों और टेलीकॉम जैसे संस्थानों के लिए एक संबल बन गया है।

> 8 सेवाओं को बदल दिया। आधार आईडी का उपयोग दो-कारक प्रमाणीकरण या बायोमेट्रिक आईडी के माध्यम से डिजिटल प्रमाणीकरण के लिए किया जा सकता है
> 8 आधार-आधारित प्रमाणीकरण बैंकों और टेलीकॉम जैसे संस्थानों के लिए एक संबल बन गया है

# शक्ति केन्द्र प्रमुख सम्मेलन की रूपरेखा पर की चर्चा

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं पालक आजाद नेहरा ने शुक्रवार को गन्नौर विधान सभा के अन्तर्गत आने वाले राजपुर मण्डल और गन्नौर मण्डल के शक्ति केन्द्र प्रमुखो की बैठक ली। बैठक में सभी को सरल ऐप को अपलोड करने के लिए कहा गया और विस्तार से कार्यकताओं को जानकारी दी गई। नेहरा ने बताया कि इस अवसर पर आगामी 19 मार्च को समालखा साधना सेवा केन्द्र में होने वाले शक्ति केन्द्र प्रमुख सम्मेलन की रूपरेखा पर भी चर्चा की गई। आजाद नेहरा ने बताया कि सम्मेलन को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा , प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड , प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल सहित कई नेता सम्बोधित करेंगें। कार्यक्रम में पहुंचने पर गन्नौर मण्डल अध्यक्ष विकास त्यागी और राजपुर मण्डल के प्रधान अमित सैनी ने बुका देकर स्वागत किया। इस अवसर पर मण्डल प्रभारी चरण सिंह जोगी,पार्षद विकास शर्मा,अजय गुप्ता,पार्षद प्रतिनिधि हरेन्दर त्यागी,नरेश त्यागी,सतबीर कोच, रीना त्यागी,किरण रोहिल्ला व सुरेंद्र खुराना सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।



ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 18 मार्च 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

## न्यूज फ्लैश

### मोतिहारी: ओलावृष्टि ने मचायी तबाही

**टीम एक्शन इंडिया/मोतिहारी**
जिले में बीते आधी रात के बाद तेज हवा के साथ जमकर बारिश और ओलावृष्टि ने भारी तबाही मचाई है।मौसम विभाग के अनुमान के अनुसार तेज हवा के साथ पानी और ओलावृष्टि से खेतों में लगी गेहूँ,मक्का समेत सभी रबी फसलो को भारी नुकसान हुआ है।वही पककर तैयार हो चुके या कटनी के बाद खलिहान में पहुंच चुके सरसो की फसल के साथ आम और लीची के फसल को भी काफी नुकसान हुआ है। तेज हवा ने गेहूँ और मक्का के फसल को जमींदोज कर दिया है।हर तरफ बबार्दी का आलम देखने को मिल रहा है। कृषि विभाग की माने तो तेज हवा के साथ बारिश और ओलावृष्टि से जिले के सभी 27 प्रखंड प्रभावित हुए है लेकिन इसका सर्वाधिक असर जिले के तेतरिया,मधुबन,राजेपुर,चकिया व पकड़ीदयाल में देखने को मिल रहा है। जहां ओलावृष्टि से खेतो में सफेद चादर सा बिछ गया था। जिला कृषि पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद ने बताया कि क्षति व्यापक पैमाने पर हुआ है।उन्होने बताया कि किसानों के फसलों क्षति का आकलन करने के लिए सभी प्रखंड कृषि पदाधिकारी,कृषि समन्वयक व कृषि सलाहकार को निर्देश देते प्रतिवेदन जल्द सौपने को कहा गया है,उक्त रिपोर्ट आने के बाद पक्के तौर नुकसान का आकलन हो पायेगा।फिलहाल नुकसान का आकलन कब होगी किसानो के बर्बाद फसलो की भरपायी होगी या नही इन सभी यक्ष प्रश्नो के बीच जिले के किसानो में मायूसी व्याप्त है।

### उप्र में 29 अपर पुलिस अधीक्षकों के तबादले

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग में लगातार तबादले हो रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को राज्य सरकार ने 29 अपर पुलिस अधीक्षकों का तबादला किया है। तबादले के क्रम में पुलिस मुख्यालय में अपर पुलिस अधीक्षक के पद पर तैनात ओमप्रकाश सिंह तृतीय को अपर पुलिस अधीक्षक नक्सल मिजार्पुर बनायाा गया है। इसी तरह ज्ञानेंद्र नाथ प्रसाद इटावा से गाजीपुर, हरिगोविंद को मथुरा से एएसपी प्रशिक्षण मुख्यालय लखनऊ, अरुण सिंह को एडीजी जोन आगरा से डिप्टी कमांडेंट पीएसी लखनऊ, दिनेश पुरी को फायर सर्विस का चार्ज सौंपा गया है। इसी तरह राजेश पांडेय को डिप्टी कमांडेंट पीएसी लखनऊ से एएसपी कानपुर देहात, राजेश कुमार श्रीवास्तव को अपर पुलिस उपायुक्त लखनऊ से कानपुर कमिश्नरेट का अपर पुलिस उपायुक्त, अभय नाथ त्रिपाठी लखनऊ में बने रहेंगे। अवनीश मिश्रा को अभिसूचना मुख्यालय लखनऊ से एएसपी क्राइम मथुरा, घनश्याम को कानपुर देहात से एएसपी इंटेलिजेंस लखनऊ, पुलिस अकादमी मुरादाबाद से मोनिका चड्ढा को एएसपी इंटेलिजेंस लखनऊ, बसंत लाल एडीसीपी कानपुर से हटाकर लखनऊ भेजा गया है।

# राम मंदिर का गर्भगृह 70% तैयार

**200 बीम की नक्काशी का काम पूरा, चौखट-दीवार और सिंहद्वार तैयार हो रहे, रामलला के दर्शन यानी गर्भगृह तक पहुंचने के लिए 32 सीढ़ियां बननी हैं, इनमें से 24 बन चुकी हैं**

**टीम एक्शन इंडिया/अयोध्या**
**अयोध्या** में बन रहे राम मंदिर की नई तस्वीरें सामने आई हैं। पहली बार इनमें दिख रहा है कि मंदिर के गर्भगृह में सभी स्तंभ खड़े किए जा चुके हैं। रामलला के दर्शन यानी गर्भगृह तक पहुंचने के लिए 32 सीढ़ियां बननी हैं, इनमें से 24 बन चुकी हैं। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के मुताबिक मंदिर अब आकार लेने लगा है। भूतल का 70% काम पूरा हो चुका है। इन तस्वीरों को ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने जारी किया है।

**राम मंदिर के गर्भगृह के तीन तरफ दीवारें:** राम मंदिर के गर्भगृह के एक हिस्से में चौखट और 20 फीट ऊंची दीवारें आकार लेती दिख रही हैं। ये मकराना के सफेद संगमरमर से बनाई जा रही हैं। इनके अलावा तस्वीरों में सिंहद्वार, गर्भगृह की दीवारें और पिलर निर्माण भी नजर आ रही है। ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र ने



बताया, "मंदिर निर्माण का काम तय समय से आगे बढ़ रहा है। जल्द ही गर्भगृह की बीम डालने का काम शुरू हो जाएगा। राम मंदिर की छत के करीब 200 बीम की नक्काशी का काम हो चुका है। बीम की तराशी रामसेवक पुरम और रामघाट स्थित कार्यशाला में हो रही है। जो पत्थर तराशे जा चुके हैं, उन्हें राम जन्मभूमि परिसर में पहुंचाया जा रहा है।"

**अयोध्या में सोने के सिंहासन पर विराजेंगे रामलला:** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की अयोध्या। इस वक्त यहां रामलला के भव्य और दिव्य मंदिर का निर्माण कार्य जारी है। मंदिर का काम 3 फेज में होना है। पहले फेज का काम दिसंबर 2023 में पूरा हो जाएगा। इसमें गर्भगृह भी शामिल है। जनवरी 2024 में मकर संक्रांति के दिन इसी गर्भगृह में रामलला विराजमान होंगे। नेपाल के जनकपुर से 40 टन वजनी शालिग्राम की 2 शिलाएं 7 दिन के सफर के बाद अयोध्या पहुंचीं। इन्हीं शिलाओं से भगवान राम और माता सीता की भव्य मूर्तियां बनाई जाएंगी। माना जा रहा है कि ये मूर्तियां अयोध्या में बने भव्य राम मंदिर के गर्भगृह में स्थापित की जाएंगी। त्रिपुरा में भाजपा की जन विश्वास यात्रा की सभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण की तारीख का ऐलान किया है। उन्होंने कहा- 1 जनवरी 2024 तक मंदिर तैयार हो जाएगा। उन्होंने त्रिपुरा के लोगों से टिकट बुक कराने के लिए भी कहा था।

**काम जोरों पर**

**'मंदिर निर्माण का काम तय समय से आगे बढ़ रहा है। जल्द ही गर्भगृह की बीम डालने का काम शुरू हो जाएगा'**

## 350 मजदूर और कारीगर दिन-रात मंदिर निर्माण काम में जुटे

**टाइमलाइन के अनुसार**

**जन्मभूमि पर 350 मजदूर और कारीगर काम कर रहे हैं। एक हजार मजदूर और कारीगर वंशी पहाड़पुर में काम कर रहे हैं**

**श्रीराम** जन्मभूमि के ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र बताते हैं कि मंदिर निर्माण का कार्य बहुत तेजी से चल रहा है। फिलहाल जन्मभूमि पर 350 मजदूर और कारीगर दिन-रात काम कर रहे हैं। इसके साथ ही करीब एक हजार मजदूर और कारीगर राजस्थान में भरतपुर जिले के वंशी पहाड़पुर में काम कर रहे हैं। यहां वो मंदिर में इस्तेमाल होने वाले पत्थरों को तराशने का काम कर रहे हैं।




यहीं से पिंक स्टोन मंदिर के लिए लाए जा रहे है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि राम मंदिर का निर्माण पहले से चल रहे टाइमलाइन के अनुसार हो रहा है और इस साल के आखिर तक हम प्राण प्रतिष्ठा कर सकते हैं। रामलला की प्रतिमा आसमानी और ग्रे कलर के पत्थरों से तैयार होगी, जो देखने में काफी खूबसूरत होगी। यह मूर्ति 5 साल के बालक के स्वरूप पर बनाई जाएगी। जिसकी ऊंचाई साढ़े आठ फीट होगी। मूर्ति के प्रारूप के तौर पर 9 इंच से 12 इंच तक के मॉडल बनाए जाएंगे। राय ने बताया राम भक्तों को अपने आराध्य के दर्शन लगभग 30 से 35 फीट की दूरी से होंगे।

## सीएम धामी ने स्वास्थ्य केन्द्र का किया निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया/गैरसैंण**
**मुख्यमंत्री** पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गैरसैंण का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मरीजों का हालचाल लेते हुए अस्पताल में दवाओं की उपलब्धता व मरीजों के लिए अन्य आवश्यक सुविधाओं की जानकारी ली। इस मौके पर मुख्यमंत्री धामी ने बन रहे 50 बेड के उप जिला चिकित्सालय के नवीन भवन की कार्य प्रगति का अवलोकन किया। उन्होंने कार्यदायी संस्था को इसका निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने



के लिए सरकार द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। राज्य के दुर्गम क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को और मजबूत बनाने की दिशा में तेजी से कार्य हो रहे हैं। आयुष्मान योजना के तहत इस बार बजट में वृद्धि की गई है। इस योजना का लाभ सभी कार्ड धारकों को मिले, यह सरकार की प्राथमिकता है।

## 'हेमवती नंदन ने कभी नहीं किया मूल्यों से समझौता'

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा की पुण्यतिथि पर उन्हें राज्य सरकार और प्रदेशवासियों की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब कांग्रेस ने इस देश में लोकतंत्र का गला घोंटने की कोशिश की तब हेमवती नंदन बहुगुणा को मतभेद के चलते मुख्यमंत्री पद से त्यागपत्र देना पड़ा था। इसके बावजूद बहुगुणा जी ने कभी भी अपने मूल्यों और आदर्शों को नहीं छोड़ा। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि स्वर्गीय बहुगुणा का



जन्म आज के उत्तराखंड के पौड़ी जनपद में हुआ था। बचपन की शिक्षा गांव में प्राप्त करने के बाद आगे की पढ़ाई के लिए वे प्रयागराज आए। उच्च शिक्षा के दौरान ही देश की आजादी के आंदोलन से जुड़ गये। भारत छोड़ो आंदोलन और अन्य आंदोलनों में उन्होंने बढ़ चढ़कर भाग लिया। स्वतंत्र भारत में अनेक सामाजिक, राजनीतिक गतिविधियों के साथ जुड़ते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने अपना योग्य और तेजस्वी नेतृत्व दिया।श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के दोनों उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक एवं केशव प्रसाद मौर्य, वित्तमंत्री सुरेश खन्ना और मुख्य सचिव दुगार्शंकर मिश्र मौजूद रहे।

**याद किया**

**लोकतंत्र का गला घोंटने की कोशिश की तब हेमवती नंदन को मतभेद के चलते सीएम पद से त्यागपत्र देना पड़ा था**

## 'निर्माण कार्य की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं'

**टीम एक्शन इंडिया/झांसी**
**झांसी** के सर्किट हाउस पहुंचे लोक निर्माण विभाग के मंत्री जितिन प्रसाद ने साफ शब्दों में अधिकारियों को आगाह करते हुए कहा निर्माण कार्य की गुणवत्ता में किसी प्रकार से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। इस संबंध में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। वह सर्किट हाउस में बैठक के बाद पत्रकारों से मुखातिब हो रहे थे। उन्होंने स्पष्ट किया कि आज उन्होंने विधायकों व अधिकारियों के साथ बैठकर एक एक सड़क निर्माण से लेकर सेतु निर्माण के कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की है।



डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय का 27 वां दीक्षांत समारोह शुक्रवार को परिसर के स्वामी विवेकानंद प्रेक्षागृह में भव्यता से सम्पन्न हुआ। समारोह की अध्यक्षता कुलाधिपति एवं राज्यपाल आन्दीबेन पटेल ने की।




## लोकसभा-विधानसभा लोकतंत्र के सबसे बड़े मंदिर: कुलदीप सिंह पठानिया

**टीम एक्शन इंडिया /शिमला/चमन शर्मा**
**गत** दिवस को को पूर्वाह्न 10 :30 बजे 14वीं विधानसभा के बजट सत्र देखने आये संजौली महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ विधान सभा परिसर में सदन की कार्यवाही देखने से पूर्व हिमाचल प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने मुलाकात की। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने विधान सभा अध्यक्ष से आज होने वाली कार्यवाही के बारे पूछा तथा संसदीय प्रणाली की जानकारी ली।इस अवसर पर पठानिया ने छात्र-छात्राओं को अपनी शुभकामनायें देते हुए कहा



कि लोकसभा तथा विधान सभा लोकतन्त्र के सबसे बड़े मन्दिर है तथा आज के युवा जिस तरह संसदीय प्रणाली की ओर आकर्षित हो रहे है इससे लोकतन्त्र की मजबुती को और बल मिलेगा। उन्होंने कहा कि सदन ही एक ऐसा सर्वोत्तम स्थान है जहां चुने हुए प्रतिनिधि जनहित से जुड़े मुद्दों को उठा सकते है तथा उनका समाधान भी सम्भव हो पाता है।

## अग्निवीर वायु भर्ती के आवेदन 17 से 31 मार्च तक जमा होंगे

**बीकानेर:** भारतीय वायु सेना में अग्निपथ स्कीम के तहत अग्निवीर वायु भर्ती प्रक्रिया के तहत ऑनलाइन आवेदन 17 मार्च से 31 मार्च तक जमा करवाए जा सकेंगे। 5 ए एस सी ए एफ के विंग कमांडर कमांडिंग ऑफिसर अभिषेक सिंह ने बताया कि साढे. 17 से 21 वर्ष आयु के( 26 दिसंबर 2002 से 26 जून 2006 के बीच जन्मे) अविवाहित पुरुष और महिला उम्मीदवार पात्र हैं। आवेदक का 12वीं कक्षा, विज्ञान संकाय में गणित, भौतिक, अंग्रेजी विषय एवं कला तथा वाणिज्य संकाय में किसी भी विषय के साथ 50 प्रतिशत अंकों एवं अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य है।

**बढ़ता कुनबा** करौली, धौलपुर व भरतपुर के जंगलों को जोड़कर प्रदेश का पांचवा टाइगर रिजर्व तैयार किया जा रहा

## दस जिलों के जंगलों को एक बार फिर से बाघों का घर बनाने की तैयारी

**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**
**वन** विभाग की ओर से प्रदेश में बाघों के बढ़ते कुनबे को देखते हुए प्रदेश के दस जिलों के जंगलों को एक बार फिर से बाघों का घर बनाने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए वन विभाग की ओर से रिवाइल्डिंग प्रोजेक्ट शुरू किया गया है। इसी क्रम में वन विभाग की ओर से हाल ही में करौली, धौलपुर व भरतपुर के जंगलों को जोड़कर प्रदेश का पांचवा टाइगर रिजर्व तैयार किया जा रहा है। जल्द ही अन्य जिलों में भी बाघों को बसाने की दिशा में वन विभाग की ओर से कार्य किया जाएगा। वर्ष 1970-75 तक राजस्थान के 21 जिलों के जंगलों



में टाइगर की दहाड़ सुनाई देती थी। अब जल्द ही राजस्थान के 10 से ज्यादा जिलों में टाइगर की दहाड़ सुनाई दे सकती है। इसके लिए उन जिलों में जंगल बसाए जाएंगे, जहां 50 साल पहले तक बाघ थे। गौरतलब है कि वर्तमान में प्रदेश के जंगलों में 100 से अधिक बाघ-बाघिन है। राजस्थान देश का ऐसा नौवां राज्य है जहां के जंगलों में सौ से अधिक बाघ-बाघिन है। धौलपुर के बाद अगला नम्बर कुम्भलगढ़ के जंगलों का है जिसे टाइगर सेंचुरी के लिए केन्द्र सरकार की मंजूरी जल्द ही मिल सकती है। वर्तमान में राजस्थान में सवाईमाधोपुर, कोटा, बूंदी, करौली, धौलपुर, अलवर जिलों में ही बाघ पाए जाते हैं। वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, बूंदी जिलों के सीमावर्ती क्षेत्र मेनाल, रावतभाटा, बिजौलिया, भीमलत के जंगलों में 1975 तक टाइगर देखे गए हैं। इन जंगलों में अब भी टाइगर के लिए संभावनाएं मौजूद हैं।